वर्ष 72 अंक 118 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 25 जनवरी, 2025
माघ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

विश्वास वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनियां में भी प्रकाश फैलाया जा सकता है। - अज्ञात

## ममता बनीं महामंडलेश्वर




प्रयागराज। बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन गईं। 7 घंटे के तप के बाद संगम में डुबकी लगाई। पिंडदान किया। फिर पट्टाभिषेक हुआ। (विस्तृत पेज-8 पर)

### मंत्रियों को मिला तबादले का अधिकार, नारी सशक्तिकरण मिशन को मंजूरी

# धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी: सीएम की घोषणा पर कैबिनेट की मुहर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र की मोहन सरकार में मंत्रियों के अधिकार में बढ़ोतरी की गई है। अब मंत्री तबादले कर सकेंगे। वहीं प्रदेश के 17 धार्मिक स्थलों पर 1 अप्रैल, 2025 से शराबबंदी की सीएम की घोषणा पर भी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। कैबिनेट ने नारी सशक्तिकरण मिशन को भी सहमति प्रदान की है।

लोकमाता अहिल्या बाई को समर्पित कैबिनेट बैठक राजधानी से 290 किमी दूर नर्मदा किनारे अहिल्या नगरी महेश्वर में शुक्रवार को सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई। मंत्रियों को विभाग में आवश्यक तबादले करने की भी अनुमति संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में शराबबंदी के निर्णय पर सभी मंत्रियों ने एक राय से इसे जनहित से जुड़ा मुद्दा बताया। बैठक में नई तबादला नीति पर तो चर्चा नहीं हुई, लेकिन इससे जुड़े प्रस्ताव पर सहमति बनी है, जिसके तहत विशेष परिस्थितियों में विभागीय मंत्रियों को स्थानांतरण करने के अधिकार दिए गए हैं। कैबिनेट ने महू के अंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए 25 करोड़ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### कल्याणी को 2 लाख

नारी सशक्तिकरण मिशन के साथ कल्याणी योजना के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत कोई पात्र विधवा या परित्यक्ता विवाह कर जीवन की नई तरह से शुरुआत करती है, तो सरकार उन्हें दो लाख रुपए देगी। कैबिनेट ने तय किया है कि सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि और स्टार्ट-अप मध्यप्रदेश के तहत महिलाओं को उद्यमी बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### किसानों को सोलर पंप पर 10 फीसदी सब्सिडी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि कैबिनेट ने तय किया है कि प्रदेश के किसानों को सोलर पंप कनेक्शन के लिए 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी। यह राशि दो लाख किसानों को तीन हॉर्स पावर से लेकर साढ़े सात हॉर्स पावर तक के पंप पर पद जाएगी।

### यहां शराबबंदी

उज्जैन -नगर निगम
ओंकारेश्वर न. परिषद
महेश्वर- नगर परिषद
मंडलेश्वर -नगर परिषद
ओरछा- नगर परिषद
मैहर- नपा परिषद
चित्रकूट- नगर परिषद
दतिया- नगर पालिका
पन्ना -नगर पालिका
मंडला- नगर पालिका
मुल्ताई -नगर पालिका
मंदसौर- नगर पालिका
अमरकंटक- न. परिषद
सलकनपुर- पंचायत
बरमानकलां, लिंगा
बरमानखुर्द- पंचायत
कुंडलपुर -ग्राम पंचायत
बांदकपुर -ग्राम पंचायत

## सिविल जज भर्ती-2022 पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### नोटिस जारी, सरकार से मांगा जवाब

**जागरण, जबलपुर।** सिविल जज भर्ती प्रक्रिया-2022 पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। भर्ती का पहला विज्ञापन 17 नवंबर 2023 को जारी किया था और 17 फरवरी 2024 को सुधार पत्र (कोरिजॉन्डम) जारी किया। इस पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस विज्ञापन के आधार पर हुई समस्त भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि इस भर्ती विज्ञापन में अनारक्षित वर्ग के 17 बैकलॉग पदों को भी शामिल कर लिया था, जो प्रक्रिया के नियमों का उल्लंघन है। अदालत ने फिलहाल भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। मप्र हाईकोर्ट में सिविल जज भर्ती परीक्षा-2022 के विज्ञापन ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### आरक्षित उम्मीदवारों को नहीं दी छूट

हाईकोर्ट ने कहा, सिविल जज भर्ती परीक्षा नियमों में विसंगतियों के संदर्भ में संशोधन का प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन को भेजा जा चुका है। प्रथमदृष्टि में सामान्य वर्ग के 17 बैकलॉग पद संविधान के अनुरूप नहीं पाए गए। कोर्ट ने विज्ञापन, शुद्धि पत्र और भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट प्रशासन, राज्य सरकार के विधि विभाग को नोटिस जारी किया। याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व जज की निगरानी में होगा मेयर चुनाव

**चंडीगढ़, जेएनएन।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड जज को पर्यवेक्षक नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। आम आदमी पार्टी नेता और मौजूदा मेयर कुलदीप कुमार ने याचिका दायर कर चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग की थी। उन्होंने हाथ उठाकर मतदान कराने की मांग करते हुए कहा कि पिछली बार हुए मेयर चुनाव में चुनाव अधिकारी ने हेराफेरी कर बीजेपी को जिताया था। कुलदीप सिंह के वकील फैरी सोफत ने बताया कि शीर्ष अदालत ने सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तारीख तय की है। 30 जनवरी को चुनाव के लिए वोटिंग होगी। कल नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन है। इससे पहले यह मामला हाईकोर्ट में पहुंचा था। हाईकोर्ट में उन्होंने बताया था कि नगर निगम में 29 अक्टूबर को प्रस्ताव पारित किया गया था कि मेयर का चुनाव हाथ उठाकर होगा।

### फिलहाल जारी रहेगी जन्मजात नागरिकता

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका की फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्मजात नागरिकता अधिकार समाप्त करने के फैसले पर 14 दिनों के लिए रोक लगा दी। फेडरल कोर्ट के जज जॉन कफनौर ने वॉशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन राज्य की याचिका पर यह फैसला सुनाया। रिपोर्ट के मुताबिक बहस के दौरान जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील को टोकते हुए जज जॉन कफनौर ने पूछा, इस आदेश को संवैधानिक कैसे मान सकते हैं। यह बहुत परेशान करने वाला है। यह साफतौर पर असंवैधानिक आदेश है। जज कफनौर ने कहा, वो 40 साल से भी ज्यादा समय से बेंच पर हैं, लेकिन उन्हें ऐसा कोई दूसरा मामला याद नहीं है, जिसमें केस स्पष्ट रूप से इतना असंवैधानिक हो। मुझे यह समझने में परेशानी हो रही है कि कोई कोई वकील कैसे कह सकता है कि यह आदेश संवैधानिक है। मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। बता दें कि ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण वाले दिन यानी 20 जनवरी को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर बर्थ राइट सिटीजनशिप पर रोक लगा दी थी। इससे हर साल 1.5 लाख नवजातों की नागरिकता पर संकट आ गया। इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन यानी 19 फरवरी तक का समय दिया गया है।

**दावा- ट्रंप के पास संवैधानिक अधिकार नहीं :** ट्रंप के इस फैसले के बाद मंगलवार को 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने दो फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में इसके खिलाफ मुकदमा दायर कर आदेश को रद्द करने के लिए कहा था। अमेरिका उन 30 देशों में से एक है जहां जन्मजात नागरिकता या जूस सोली (मिट्टी का अधिकार) का सिद्धांत लागू होता है। इन राज्यों ने तर्क दिया था कि 14वें संशोधन के तहत मिलने वाली जन्मजात नागरिकता पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रपति और कांग्रेस (संसद) के पास संवैधानिक अधिकार नहीं हैं। न्यू जर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लैटकिन का कहना था कि राष्ट्रपति शक्तिशाली होते हैं, लेकिन वो राजा नहीं हैं। वे कलम के एक झटके से संविधान को फिर से नहीं लिख सकते।

सबसे पहले ई सम्मन व्यवस्था मप्र में: सीएम (पेज-07)



# विस्फोट से भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की छत उड़ी, 8 लोगों की मौत, 5 गंभीर घायल

### मलबे में दबे 13 लोगों को किया रेस्क्यू, 5 किमी तक सुनाई दी आवाज

**भंडारा, जेएनएन।** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे तेज विस्फोट हो गया। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 5 घायल हैं। फैक्ट्री प्रबंधन ने बताया कि धमाके के बाद फैक्ट्री में फंसे सभी 13 लोगों को निकाल लिया गया है। इनमें 5 घायल हैं, जिन्हें जरूरी मेडिकल सपोर्ट दिया जा रहा है। धमाका फैक्ट्री की एलटीपीई बिल्डिंग नंबर 23 में धमाका हुआ था। इसकी की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है।

भंडारा कलेक्टर ने बताया कि धमाके से आर्डिनेंस फैक्ट्री की छत गिर गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किमी दूर तक सुनी दी। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। सूत्रों के मुताबिक, विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपीई (लॉन्ग टर्म प्लानिंग) सेक्शन में हुआ।



आर्डिनेंस फैक्ट्री विस्फोट के बाद उठा धुआं।

### आरडीएक्स ब्रांच में तेज धमाका

जवाहर नगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एलटीपीई (लॉन्ग टर्म प्लानिंग) सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ। यहां आरडीएक्स बनाया बनाया जाता है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने हादसे को मोदी सरकार की विफलता बताया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ बोले, राहत के प्रयास जारी

घटना को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आयुध कारखाने में विस्फोट की घटना दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल मौके पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### टेस्टिंग फैसिलिटीज और लेबोरेटरीज भी

भंडारा की इस फैक्ट्री में सेना के लिए एसिड से लेकर कई तरह के विस्फोटक बनाए जाते हैं। यहां टेस्टिंग फैसिलिटीज और अत्याधुनिक लेबोरेटरीज भी हैं। छोटे हथियारों में इस्तेमाल होने वाला विस्फोटक स्पेरिकल पाउडर भी यहीं बनाया जाता है। इस पाउडर का इस्तेमाल पहली बार दूसरे विश्व युद्ध में किया गया था। 1960 से इसे सिविलियंस को दिया जाना शुरू किया गया था।

### 2024 में भी हुई थी घटना

जनवरी 2024 में भी भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सीएक्स डिपार्टमेंट में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उससे पहले भंडारा के पास सनफ्लैग कंपनी में विस्फोट हुआ था, जिसमें 3 कर्मचारी झुलस गए थे। आज की घटना साल की पहली ऐसी घटना है।

## 5 राज्यों में फिटजी सेंटर बंद, 3 लाख तक वसूले

### पेरेंट्स के पहुंचने से पहले ताले लगे

**नई दिल्ली/ भोपाल, जेएनएन।** दिल्ली एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में फिटजी कोचिंग सेंटर अचानक बंद कर दिए गए हैं। कोचिंग में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और पेरेंट्स परेशान हैं। फिटजी, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम जैसे कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कराने वाला बड़ा इंस्टीट्यूट है। जिन शहरों में ये सेंटर बंद हुए हैं, वहां पेरेंट्स के पहुंचने से पहले ही संचालक भाग चुके थे। इधर, भोपाल में भी सेंटरों पर ताले बंद हैं। स्टूडेंटस और पेरेंटस ने शुक्रवार रात सेंटरों पर पहुंचकर विरोध जताया। हालांकि, यहां पर दिसंबर में ही सेंटर बंद कर दिए गए थे। बताया जाता है कि प्रति स्टूडेंट डेढ़ से 3 लाख रुपए फीस ली गई है।

कई सेंटर्स में टीचर्स ने बीते 15 दिनों में मास रिजाइन किया था। इनमें वेस्ट यूपी के 3 सेंटर (नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ) वाराणसी, लखनऊ और पटना जैसे शहर शामिल हैं, जहां बगैर किसी पूर्व सूचना के सेंटर पर अचानक ताले जड़ दिए गए और स्टूडेंट्स की पूरे साल की एडवांस फीस लेकर संचालक भाग गए। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### दूसरे कोचिंग सेंटर में मर्ज हुआ फिटजी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार 22 जनवरी को दिल्ली फिटजी कोचिंग सेंटर से स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स को मेल भेजा गया। इसमें लिखा था कि अब यह इंस्टीट्यूट किसी दूसरे कोचिंग सेंटर में मर्ज हो गया है और आपका बच्चा उसमें आसानी से आगे की पढ़ाई जारी रख सकता है। वाराणसी के महमूरगंज में इसका सेंटर था, जिसे 10 जनवरी को ही आकाश ने टेकओवर कर लिया है।

### 95 फीसदी स्टूडेंटस की एडवांस फीस जमा

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में स्टूडेंट्स को बिना सूचना कोचिंग सेंटर बंद कर दिया गया, जिससे 200 छात्र परेशान हैं। कई बच्चों ने तो 3 से 4 लाख एडमिशन के टाइम ही जमा करा दिए थे। पेरेंट्स ने बताया कि 95 प्रतिशत छात्रों की एडवांस फीस जमा है, जबकि कोर्स 40 प्रतिशत ही हुआ है। मेरठ में 400, नोएडा में 2000, भोपाल में 700 और पटना में 200 स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे।

## 350 करोड़ के क्रिप्टो करेंसी केस में सीबीआई छापे, 34 लाख जब्त

### मप्र के रतलाम में भी कार्रवाई, 7 के खिलाफ केस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 350 करोड़ के क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन को लेकर मप्र समेत 7 राज्यों में सीबीआई ने शुक्रवार को छापे मारे। इस दौरान 34 लाख रुपए नकद, क्रिप्टो करेंसी वॉलेट में 38,414 अमरीकी डॉलर सहित डिजिटल सबूत और उपकरण जब्त हुए हैं। वॉलेट में जमा रकम को फिलहाल डिजिटली फ्रीज करा दिया गया है। छापों के बाद 7 आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी और 420 के साथ-साथ आईटी एक्ट 2000 की धारा 66डी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। ये आरोपी क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर भारी भरकम लाभ दिलाने का वादा कर पोंजी स्कीम (धोखाधड़ी वाली योजना) चला रहे थे।




### 10 जगह दबिश

सीबीआई ने मप्र के रतलाम के साथ दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, वलसाड, पुदुकोट्टई चित्तौड़गढ़ में 10 ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान लाखों की नकदी की, 7 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 3 हार्ड डिस्क, 10 पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, एटीएम और डेबिट कार्ड भी जब्त किए हैं। आरोपी हाई रिटर्न का झांसा देकर सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक स्कीम बताकर लोगों से कॉइन डीएसीएक्स, वजीरएक्स, जेबपे, और बिट बिन्स जैसी क्रिप्टो करेंसी में निवेश करा रहे थे। दो साल के दौरान खातों, वॉलेट के जरिए 350 करोड़ से ज्यादा का लेनदेन किया गया।

## अमूल्य राहत... दूध 1 रुपए लीटर सस्ता

### आधा लीटर वाला पैकेट मिलेगा महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लंबे समय से दूध की कीमत में इजाफा हो रहा था, लेकिन अब दूध के दाम में कटौती की गई है। अमूल ने देशभर में दूध के दाम घटा दिया है। यह आम लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। अमूल ने अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और टी स्पेशल दूध का रेट घटाया है।



पिछले कुछ समय में सभी कंपनियों ने दूध के भाव में इजाफा किया था। अब अमूल के दूध के दाम में कटौती करने से अन्य कंपनियों पर रेट को घटाने का दबाव बढ़ेगा।अमूल के एमडी जयेन मेहता ने कहा कि यह कटौती सिर्फ 1 लीटर के पैक पर है, 500 मिली लीटर के पैक पर उपलब्ध नहीं है, इसका मुख्य उदेश उपभोक्ताओं को राहत देना और उससे दूध की खपत बढ़ाने का ही।

**नए रेट**

65 रुपए लीटर अमूल्य गोल्ड
61 रु. ली. अमूल्य टी स्पेशल
53 रुपए लीटर अमूल्य ताजा

**तकनीक** | इंदौर के अरबिंदो हॉस्पिटल में देश की पहली एआई रोबोटिक सर्जरी

# अब बिना हड्डी काटे कार्डियक सर्जरी

**जागरण, इंदौर।** अरबिंदो हॉस्पिटल में गुरुवार को मॉडर्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के साथ रोबोटिक सर्जरी शुरू की गई। यह देश में पहली बार है, जब हृदय रोगों के इलाज के लिए इस तरह की तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसमें मरीज की किसी हड्डी को काटने या शरीर पर निशान छोड़ने की जरूरत नहीं होती। इस तकनीक के तहत रोबोटिक कार्डियक सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और सटीक होती है। अरबिंदो हॉस्पिटल में इस नई तकनीक पर आधारित वर्कशॉप 'सैम्स' स्थित 'इर्काड-इंडिया सेंटर' में आयोजित की जा रही है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इस वर्कशॉप में प्रदेशभर के पीजी छात्र, सर्जन और मेडिकल



फैकल्टी हिस्सा ले रहे हैं। सैम्स के फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि इस पहल से चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। भविष्य में सभी हार्ट सर्जरी रोबोटिक सिस्टम से की जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।

### वाल्व बदलने से लेकर बच्चों की हार्ट सर्जरी तक संभव

यह तकनीक मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बड़े कट लगाने की जरूरत नहीं होती। इससे रक्तस्राव कम होता है और संक्रमण का खतरा भी नहीं रहता। इससे वाल्व बदलने से लेकर बच्चों की हार्ट सर्जरी तक सर्जरी संभव है। रोबोटिक सर्जन डॉ. मोहित भंडारी ने बताया कि इससे न सिर्फ सर्जरी की जटिलताएं कम होंगी, बल्कि मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकेगा। वर्कशॉप में ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। चीफ ट्रेनर डॉ. महक भंडारी ने बताया कि यहां प्रतिभागियों को 8 प्रकार के रोबोटिक सिस्टम, उनकी तकनीक का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सिस्टम विभिन्न सर्जरी के लिए उपयोगी हैं। वर्कशॉप का उद्देश्य रोबोटिक सर्जरी और एआई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है।





सात साल बाद चेन्नई में टी-20 खेलेगा भारत (पेज 11)

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसएएफ ग्राउंड होगा आयोजित

## मुख्य अतिथि होंगे उप मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**जागरण, रीवा।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 9.08 बजे से मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रातः 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे। समारोह में प्रातः 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा। समारोह में प्रातः 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि प्रातः 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे। समारोह का समापन प्रातः 11 बजे होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल दोपहर 12 बजे से हाईस्कूल चोरहटा में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के टाउन हॉल में शाम 6 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भोपाल तथा सतना के लोक कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निजी संस्थानों से भी उनके भवनों में गणतंत्र दिवस में रोशनी करने का अनुरोध किया है।

**उप मुख्यमंत्री चोरहटा हाईस्कूल में विशेष मध्यान्ह भोजन में होंगे शामिल :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन रीवा विकासखण्ड की हाईस्कूल चोरहटा में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। इसमें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी भी इस विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगी।

### सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियां

गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें।

## गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल हुई






**रीवा।** जिले भर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई। रिहर्सल में सेक्रेड हार्ट स्कूल की कक्षा छठवीं की छात्रा आम्या सिंह ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। पूर्वाभ्यास समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा एडीएम सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा कार्यक्रम में शामिल पुलिस जवान तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवसः जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिले के सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वज वंदन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांसदगण, विधायकगण, महापौर, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों, सैन्य व असैनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

## भारत पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे नगर निगम रीवा के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने के लिए जनसम्पर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के दो दलों को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि भारत पर्व में भोपाल के कलाकार श्री भूरा प्रजापति एवं उनके दल द्वारा देशभक्ति गीत तथा सतना की सुश्री प्रिया वर्मा एवं उनके दल द्वारा भारत पर्व में मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। कलेक्टर ने आमजनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगी एकता



प्रधानमंत्री सूर्य किरण योजना की हितग्राही एकता चौहान को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया है। एकता चौहान बताती हैं कि मैने अपने घर की छत में सोलर पैनल लगवाया है जिससे मेरे घर की बिजली जलती है और मुझे इससे बिल में कमी काफी आई है। वह अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हैं तथा प्रधानमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद दे रही हैं।

## मऊगंज में भी होगा भारत पर्व का आयोजन

गणतंत्र दिवस की संध्या में मऊगंज जिला मुख्यालय में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 7 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने के लिए जनसम्पर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के दो दलों को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भारत पर्व में सिंगरौली के कलाकार श्री आशोक पाण्डेय एवं उनके दल द्वारा बिरहा लोक गीत तथा महेन्द्र कुमार एवं उनके दल द्वारा गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। कलेक्टर ने आमजनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

## गणतंत्र दिवस पर युवा निकालेंगे तिरंगा बाइक रैली

अमर शहीदों की याद में जिले के युवाओं ने गणतंत्र दिवस के अवसर को यादगार बनाने के लिए तिरंगा बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया है। इस रैली का शुभारंभ एनसीसी मैदान से सुबह 8 बजे प्रारंभ किया जाएगा। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एसएएफ मैदान तक निकाली जाएगी। रैली में ऋतुराज द्विवेदी, सूरज सिंह सोमवंशी, शिखर तिवारी, अतुल सिंह, बाबा लंबेश, महताब खान, दानिस खान, आशु खान, रोहन मिश्रा, शिवांशु गौतम, रुद्र मिश्रा, आकाश गौतम, अंकित चौबे, लकी गुप्ता, शिवांशु, निशांत, आशुतोष, युवराज, तरुण, आयन, आयुष सहित अन्य युवा शामिल होंगे। रैली में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं से पहुंचने की अपील की गई है।

# महापौर ने की सीवरेज कार्य प्रगति की समीक्षा

## रेस्टोरेशन का कार्य मजबूत एवं टिकाऊ करने के दिए निर्देश



**जागरण, रीवा।** महापौर अजय मिश्रा बाबा ने शुक्रवार को शहर में सीवर लाइन बिछाने के लिए चल रहे कार्य के प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सीवर लाइन कार्य की प्रगति जानकारी ली एवं रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता और प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। महापौर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेसीबी से फिलिंग के बाद मिट्टी सही तरीके से इस जमाये ताकि लोगों को सड़क पर चलने में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा रास्ते के अगल बगल गाद जमा होने की समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाए। उन्होंने कहा कि मैनुअल तरीके से गाद हटाकर रास्तों को मोर्टरेबल बनाया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जहां कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया जा रहा है, वहां बैरिकेटिंग कर कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने और कांक्रीट में बोरी की पट्टी लगाकर उचित तराई व सही कॉम्पैक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर ने रेस्टोरेशन कार्य को मजबूत और टिकाऊ बनाने पर जोर देते हुए कहा कि रेस्टोरेशन निर्माण प्रक्रिया में विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नागरिकों द्वारा रेस्टोरेशन से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां संकरी जगहें हैं, वहां डिस्कोपिंग प्रक्रिया अपनाकर कार्य सुचारू रूप से किया जाए। महापौर ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति पर नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में एमआईसी के निर्माण प्रभारी पार्षद धनेंद्र सिंह बघेल, सीवरेज एवं स्वच्छता प्रभारी नीतू अशोक पटेल, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, उपायुक्त एम एस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा एवं सीवरेज टीम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने दिलाई मतदाता दिवस की शपथ



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली गई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि हर व्यक्ति जागरूक मतदाता के रूप में लोकतंत्र को सशक्त और समृद्ध करने में योगदान दें। निर्वाचन के समय मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र के महायज्ञ को सफल बनाने में सहभागी बनें। हर मतदाता बिना किसी भय, दबाव और लालच के स्वतंत्र रूप से मताधिकार का उपयोग करे। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा कमिश्नर कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिवनगर में लगा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आखिरी शिविर



**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों की श्रंखला का आखिरी शिविर नगर निगम के जोन क्र. 03 अंतर्गत वार्ड 10 में पीएमएवाई शिवनगर रीवा में आयोजित किया गया। शिविर में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविरों मे अब तक 9722 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे 9706 स्वीकृत किया जाकर उनका निराकरण किया गया। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे विगत 11 दिसम्बर 24 से प्रारंभ मुख्यमंत्री-जनकल्याण-अभियान में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और लक्ष्य आधारित 45 योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। नगर निगम द्वारा शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं का सीधे लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही आवश्यक सेवाओं का शिविर में आवेदन लेकर निराकरण किया गया। शिविर में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, उपायुक्त एम एस सिद्दीकी, सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, उपयंत्री शुभम तिवारी एवं प्रतिनिधि वैभव सिंह अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विंध्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Jitendra Anand
मोतीलाल आनन्द ज्वेलर्स
सोने, चाँदी के आभूषण एवं राशि रत्नों के निर्माण एवं विक्रेता
दैनिक जागरण मोड़, रवीन्द्र नगर, रीवा (म.प्र.)
मो. 7987940963 | E-mail-motilalanandjewellers@gmail.com

## विवेकानंद पार्क में मनाई गई भारत रत्न कर्पुरी ठाकुर की जयंती



**रीवा।** सेन समाज संगठन रीवा द्वारा विवेकानंद पार्क में भारत रत्न कर्पुरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. रामसखा नापित रहे जबकि अध्यक्षता सूबेदार हर प्रसाद सेन ने व संचालन नत्थूलाल सेन ने किया। कार्यक्रम में भारत रत्न कर्पुरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जयंती समारोह में प्रमुख रूप से श्रीनिवास सेन, ठाकुरदीन नापित, लाला सेन, जानकी सेन, इन्द्रमणि सिंह, जेपी कुशवाहा, पप्पू कनौजिया, डॉ. रजनीश प्रजापति, छोटेलाल रजक, रामानुज सोधिया, पार्षद बुद्धसेन नापित, मास्टर बुद्धसेन पटेल, शोभनाथ सेन, प्रेमलाल हरदुआ, अर्चना पटेल, ममता सेन, स्वाति सेन, अल्का सेन, शारदा सेन, प्रद्युमन सेन, बंशीलाल साहू, रामलखन सेन, जगदीश सेन, राजधर सेन, अयोध्या प्रसाद सेन, उमेश सेन, चन्द्रमणि सेन, शेषमणि सेन, राजप्रताप सेन, मुरली सेन, रंगलाल सेन, विजय सेन, दिलीप सेन, पप्पू सेन, मधुवन सेन, डॉ. पुष्पराज सिंह, सीएल यादव, रविराज बंसल, रामायण सिंह, रामसुमिरन सेन, पंकज सेन, सरिता कुशवाहा, राजकुमार सेन, सुरेश सोनी, निखिल सेन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिपं रीवा को मिला प्रदेश में तीसरा स्थान

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन (181) में दर्ज शिकायतों का निराकरण करने में जिला पंचायत रीवा को ए-ग्रेड मिला है। प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान दिया गया है। अपर सचिव आईएएस दीपाली रस्तोगी ने सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी व स्टाफ को बधाई देते हुए आगामी समय में भी इसी प्रकार प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने की बात कही है।

एन सी एल NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना सं.: एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्शन/24-25/2129 दिनांक: 23.01.2025
सीआईएल ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के माध्यम से जनवरी 2025 माह में कोयले की बिक्री की सूचना
**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के माध्यम से "**कोयले**" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। "**जनवरी 2025**" के लिये **दिनांक "31.01.2025"** को होने वाले ई-ऑक्शन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट "**www.nclcil.in**", सर्विस प्रोवाइडर "**सर्व श्री एम-जंक्शन लिमिटेड**" की वेबसाइट https://www.coaljunction.in, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
R-88 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.), एनसीएल, सिंगरौली

## कलेक्ट्रेट में ली गई मतदाता दिवस की शपथ



**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस दिन शासकीय अवकाश होने से 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में मतदाता दिवस की शपथ ली गई। संयुक्त कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे तथा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॅडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स
• सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
07662-356125, 8435896118

## धान का उपार्जन किए बगैर 5100 क्विंटल की हुई बोगस खरीदी

### खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अपर आयुक्त भोपाल ने दिए जांच के आदेश



**जागरण, रीवा।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की कार्यवाही 23 जनवरी को पूर्ण हो चुकी है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित 43.52 लाख मेट्रिक टन में से 39.93 लाख मेट्रिक टन का परिवहन/हेण्डलिंग चालान जारी किए गए हैं, इस प्रकार 3.59 लाख मेट्रिक टन उपार्जन केन्द्रों पर भण्डारित है। भौतिक सत्यापन में पाया गया कि उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा भौतिक रूप से धान का उपार्जन किए बगैर 5100 क्विंटल धान की बोगस खरीदी की प्रविष्टि ई-उपार्जन पोर्टल पर करने, खाली बारदाने कम पाए गए एवं उपार्जित धान नान एफएक्यू पाए जाने जैसी गंभीर अनियमितता पाई गई। जिस पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अपर आयुक्त भोपाल ने शुक्रवार को रीवा सहित 31 जिलों में धान उपार्जन में उक्त स्थिति को रोकने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### इनका किया जाएगा भौतिक सत्यापन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अपर आयुक्त भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रवार उपार्जित, परिवहन/हेण्डलिंग चालान मात्रा एवं शेष मात्रा का आंकलन किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर परिवहन एवं हेण्डलिंग हेतु शेष धान की मात्रा, बारदाना एवं गुणवता की जांच/भौतिक सत्यापन कराया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर भण्डारित धान की जांच/सत्यापन राजस्व, सहकारिता, खाद्य, कृषि एवं अन्य विभाग के अमले से कराई जाए। उपार्जन केन्द्र पर धान की मात्रा कम पाए जाने/ नान एफएक्यू पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रसारित किए हैं। उपार्जन केन्द्रों पर धान का भौतिक सत्यापन आगामी 27 जनवरी तक कराया जाकर प्रतिवेदन संचालनालय खाद्य को प्रेषित करने के आदेश दिए गए।

### दैनिक जागरण ने समय-समय पर चेताया

धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी में बरती गई अनियमितता फर्जी किसानों के पंजीयन, फर्जी किसानों के नाम से यूपी से आने वाली घटिया किस्म की धान की खरीदी जैसे मुद्दों पर दैनिक जागरण ने सतत नजर रख समय-समय पर अनियमितताओं को उजागर कर शासन, प्रशासन को चेताया। जिसके चलते खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अपर आयुक्त भोपाल ने रीवा सहित मऊगंज, सतना, मैहर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, अबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मण्डला, डिण्डोरी, बालाघाट, सिवनी, छिन्दवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, रायसेन, सीहोर, विदिशा, भोपाल, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिण्ड, सागर, दमोह, पन्ना 31 जिलों में नोटिस भेजकर धान खरीदी में की गई धांधली की जांच के आदेश प्रसारित किए हैं।

**सोहागी खरीदी केन्द प्रभारी व ऑपरेटर पर एफआईआर दर्ज :** धान उपार्जन केन्द्र सोहागी में नायब तहसीलदार त्योंथर वीरेन्द्र द्विवेदी तथा जिला प्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय द्वारा 13 जनवरी को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में 5146.60 क्विटल धान कम पाई गई। इसे पोर्टल पर किसानों के खाते में तो दर्ज कर दिया गया था किन्तु खरीदी केन्द्र में धान नहीं पाई गई। इसकी कुल राशि एक करोड़ 18 लाख 37 हजार 502 रुपए है। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। धान खरीदी में प्रथम दृष्ट्या खरीदी केन्द्र प्रभारी राजा बाबू यादव तथा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रीकांत मिश्रा दोषी पाए गए। इनके विरूद्ध थाना सोहागी में धारा 173 बीएनएसएस के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना करके कार्यवाही की जा रही है।

## यशस्वी का नेशनल अकादमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज स्कॉलरशिप में हुआ चयन



**रीवा।** रीवा की बेटी ने जिले का नाम रोशन किया है। कृषि महाविद्यालय की छात्रा यशस्वी तिवारी का चयन नेशनल अकादमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। बता दें कि यशस्वी तिवारी जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय रीवा की छात्रा हैं। यशस्वी तिवारी रीवा एग्रीकल्चर कॉलेज में चतुर्थ वर्ष की छात्रा हैं। छात्रा के पिता राकेश तिवारी और माता डॉ किरण तिवारी हैं। यशस्वी तिवारी का चयन श्रीमती कनक अग्रवाल नेशनल अकादमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। शिक्षकों के मार्गदर्शन और यशस्वी के अथक परिश्रम से ही यह सफलता मिली है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके त्रिपाठी और गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए यशस्वी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बेटी ने पिता की मृत्यु के बाद मेडिकल कॉलेज को देहदान किया

**रीवा।** बेटी ने पिता की मृत्यु के बाद उनकी अंतिम इच्छा को पूरा किया। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज पहुंच कर उनकी मृत देह को एनॉटामी विभाग के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान कॉलेज के डीन मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार गंगोत्री कॉलोनी निवासी का मरणोपरांत शुक्रवार को देहदान किया गया। इस दौरान मृतक के परिजन मौजूद रहे। पिता की अंतिम इच्छा थी कि उनकी मृत्यु के बाद शरीर को मेडिकल कॉलेज को पढ़ाई के लिए दान कर दिया जाए। उनकी अंतिम इच्छा को बेटी ने पूरा किया। मृत्यु के उपरांत मृत देह लेकर परिजन कॉलेज पहुंचे। डीन की मौजूदगी में एनाटॉमी विभाग को देहदान कर दिया गया।

## 24 दिन में सिर्फ 7.50 करोड़ ही आए अब इतने ही 6 दिन में और वसूलने हैं

### ताबड़तोड़ एक्शन पर उतरा विभाग, 335 कनेक्शन काटे गए

**रीवा।** विद्युत विभाग शहर संभाग ने ताबड़तोड़ एक्शन शुरू कर दिया है। बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 24 दिन में सिर्फ 7.50 करोड़ ही राजस्व शहर संभाग जुटा पाया है। अब सिर्फ 6 दिन में इतना ही और राजस्व वसूलना शेष रह गया है। कम दिन में अधिक राजस्व की वसूली को लेकर विभाग ने बकायादारों के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन शुरू कर दिया है। शुक्रवार को करीब 335 बकायदारों के कनेक्शन काटे गए। इन पर विभाग का 57.60 करोड़ की राशि बकाया था। ज्ञात हो कि विद्युत विभाग शहर संभाग को दिसंबर पेड जनवरी में करीब 15.50 करोड़ के राजस्व वसूली का लक्ष्य मिला है। इस राशि को वसूलने में विभाग की रफ्तार काफी धीमी चल रही है। 24 दिन का समय बीत गया है। अब तक विद्युत विभाग सिर्फ 7.50 करोड़ ही वसूल पाया है। कम समय में अधिक राजस्व की वसूली को लेकर टीम ने ताबड़तोड़ एक्शन लेना भी शुरू कर दिया है। अलग अलग फीडरों के लिए अलग टीमें गठित कर दी गई है। बकायादारों की लिस्ट भी लाइन स्टाफ को सौंप दी गई है। टीम ने 5 हजार से ऊपर के बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को शहर संभाग के करीब 335 बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इन उपभोक्ताओं पर विभाग का 57.60 करोड़ रुपए बकाया था। कार्रवाई के दौरान ही विभाग के खाते में हालांकि 52 लाख जमा भी हो गए। शुक्रवार की राजस्व वसूली के बाद शहर संभाग का राजस्व 7.50 करोड़ तक पहुंचा है। अब जनवरी में सिर्फ 6 दिन और बचे हुए हैं। इन 6 दिनों में विभाग को 7.50 करोड़ रुपए और वसूलना है। इस राशि को वसूलने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। उपभोक्ता बिल ही जमा नहीं कर रहे हैं। इसके कारण राजस्व नहीं बढ़ पा रहा है।

## प्रशासन ने हटाई झोपड़ी, बेघर हुए दलित वर्ग के लोग

**जागरण,रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 सगरा खुर्द तहसील के पीछे एससी-एसटी दलित वर्ग के लोग अपनी झोपड़ी बनाकर रह रहे थे, जहां प्रशासन के द्वारा भारी पुलिस बल राजस्व से संबंधित अधिकारी कर्मचारी की मौजूदगी में दर्जनों झोपड़ियां को बुलडोजर के माध्यम से धराशाही कर दिया गया। झोपड़ीनुमा बने मकान से अब लोग बेघर होकर बाहर छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बैठे हैं। महिलाओं के द्वारा आरोप लगाया गया है कि एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा लाडली बहना कहा जाता है वहीं लाडली बहनें अब इस कड़ाके की ठंड में भी अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बाहर बैठी हुई हैं। पीड़ित महिलाओं के द्वारा बताया गया है कि प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ झोपड़ियां को हटा दिया है जिसके चलते हम लोगों के घर में कल से अभी तक चूल्हा नहीं जला है। वहीं लोगों ने कहा कि अगर प्रशासन नहीं सुनता है तो हम भोपाल तक जाएंगे। बेघर हो चुके लोगों ने सरकार एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है की लाडली बहनों पर दया करें, हम लोगों को लाडली बहना बोला जाता है लेकिन हम लोगों पर अत्याचार क्यों किया जा रहा है।

## जलगांव से ट्रेन में सवार होकर रीवा आ रहा वृद्ध रास्ते से गायब

### तीन दिन बाद भी कोई पता नहीं, रिपोर्ट तक नहीं लिखी जा रही

**जागरण, रीवा।** महाराष्ट्र के जलगांव से ट्रेन में सवार होकर रीवा आ रहे 62 वर्षीय वृद्ध राजमणि सिंह निवासी इटहई थाना गढ़ रास्ते से अचानक गायब हो गये। तीन दिन बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है और उनका मोबाइल भी बंद बता रहा हैं। उनके परिजन परेशान हैं, उनकी कहीं पर रिपोर्ट तक नहीं लिखी जा रही है। उनके भतीजे आशीष सिंह ने बताया कि चाचा राजमणि सिंह घर में बड़ी मॉ के निधन के कारण विगत 22 जनवरी को जलगांव से रीवा के लिए रवाना हुए। रात 8 बजे तक उनकी मोबाइल से बात होती रही। उस समय वह हरदा तक पहुंचे थे। इसके बाद जब रात 10 बजे उन्हें फोन लगाया तो उनका मोबाइल बंद बताने लगा। वे भुसावल से कटनी आने वाली ट्रेन क्रमांक 19013 में यात्रा कर रहे थे। उनके साथ क्या घटना घटी, कोई पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने गढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। कहा गया कि जलगांव जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं। आशीष सिंह ने जब जीआरपी से संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया तो कहा गया कि अपने नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## नवनिर्मित मकान में मिली युवक की लाश, प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला

**जागरण,रीवा।** एक युवक की मौत की खबर एक लड़की के माध्यम से मिलने के बाद परिजनों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अशोक नगर का बताया की है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रवि भारती डॉक्टर कॉलोनी में रहता है और उसका नया मकान अशोकनगर में बन रहा है। दोपहर तकरीबन 3.30 बजे फोन के माध्यम से एक लड़की ने बताया कि रवि फांसी लगा रहा है लेकिन जब मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। पड़ोसी ने बताया कि दो लड़कियां घर से चाकू मांग कर ले गई और फंदा काटकर वहां से फरार हो गईं। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। लड़की ने जिस मोबाइल फोन में बात की वह उसके बहन का है और वह कटनी में रहती है। बहन ने घर में सूचना दी, इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी और लड़कियां फरार हो चुकी थीं। रवि भारती को संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कोदौ की खिचड़ी खाकर जनपद अध्यक्ष सहित तीन बीमार



### खाने के बाद अचानक घूमने लगा सिर चक्कर आने लगे

**जागरण, रीवा।** कोदौ की खिचड़ी खाने से शुक्रवार शाम सतना जिले के रामनगर जनपद अध्यक्ष सहित तीन लोग बीमार हो गए, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। बीमारों का गहन चिकित्सा इकाई में उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद अध्यक्ष रामनगर मुन्नीबाई पति चंन्द्रिका प्रसाद साकेत द्वारा आज दोपहर को अपने घर पर कोदौ की खिचड़ी बनाई गई थी। जिसे शाम को मुन्नीबाई सहित आशा पति गणेश साकेत व माइकल पिता गणेश साकेत ने खाया। खिचड़ी खाने के कुछ देर बाद ही मुन्नी बाई सहित आशा व माइकल का सिर घूमने लगा। चक्कर आने के साथ ही उन्हें उल्टियां भी होने लगे। मुन्नीबाई के पति चन्द्रिका प्रसाद साकेत ने बताया कि तत्काल उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां से संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। संजय गांधी अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई में प्रभावितों का उपचार किया जा है। फिलहाल मुन्नीबाई व आशाबाई बेहोश हैं, जबकि माइकल बातचीत कर रहा है।

## सीसीटीवी फुटेज के बाद भी वाहन चालक तक नहीं पहुंची पुलिस

**जागरण,रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के एसएएफ चौराहे पर हुई सड़क दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया इसके बावजूद घटना के तीन दिन बाद पुलिस आरोपी वाहन चालक सहित वाहन तक नहीं पहुंच सकी है। जबकि घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक घायल शिवम त्रिपाठी ग्राम चुआं थाना गोविंदगढ़ बीते 20 जनवरी की रात्रि करीब 12 बजे बाइक से जा रहा था और जैसे ही वह एसएएफ चौराहा के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद सूचना पुलिस को दी गई थी वहीं इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें बोलेरो वाहन का चालक तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मारते हुए नजर आ रहा है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस अब तक आरोपी चालक सहित बोलेरो तक नहीं पहुंच पाई है जिसको लेकर परिजनों में आक्रोश है, वहीं घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

## तीन दुकानों में लगी आग से 15 लाख का सामान जलकर खाक



**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर बसे चाकघाट नगर के बघेड़ी वार्ड 13 में मुख्य चौराहा पर शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में तीन दुकानों की सामग्री पूरी तरह जल गई हैं। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को तकरीबन शाम चार बजे चाकघाट के बघेड़ी चौराहे पर स्थित अग्रहरि प्रोविजन, अग्रहरि फुट शॉप एवं अग्रहरि गिफ्ट सेंटर में विद्युत विभाग की घरेलू लाइन से शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी भीषण आग गई। आग लगते ही अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग बुझान के लिए पानी का उपयोग करके आग पर काबू पाकर आगे बढ़ने से रोक लिया। लेकिन आग से तीन दुकानों का समान खाक हो गया। लोगों के मुताबिक उक्त जगह के आसपास एक बार पहले भी आग लगने की घटना हो चुकी है। बताया गया है कि आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से दुकानों में रखकर पेट्रोल, डीजल आदि बेचा जाता है। आग लगने के कारण अग्रहरि प्रोविजन को 10 लाख, अग्रहरि फुट शॉप को 3 लाख एवं अग्रहरि गफ्ट सेंटर 2 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

## पीटीएस टीम ने बैकुंठपुर पहुंच कर स्कूल के छात्रों को किया जागरूक



**रीवा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्कूल की बालिकाओं को पुलिस ने जागरूक किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक जागरुकता के लिए शुक्रवार को पीटीएस रीवा की टीम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, पीएम श्री बालक उमावि व सरस्वती स्कूल बैकुंठपुर पहुंची। इस टीम में निरीक्षक चित्रांगदा सिंह, सुशील शुक्ला, आरक्षक अमित सिंह, संजय सिंह शामिल हैं। टीम ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्रों को विभिन्न विषयों को लेकर जागरूक किया। टीम ने विद्यार्थियों को नवीन कानून, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, महिलाओं और बालकों से संबंधित कानून, मेंटल हेल्थ, करियर ओरियंटेशन, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जैसे विषयों की जानकारी ददी। इस दौरान शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य आरडी मिश्रा सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में करीब 300 से अधिक छात्र, छात्राएं मौजूद रहे। जिन्हें जागरूक किया गया। पीएम श्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह बघेल उनका स्टाफ और करीब 100 छात्र कार्यशाला में शामिल हुए। इसी तरह सरस्वती स्कूल के प्राचार्य नागेन्द्र सिंह और उनके विद्यालय के स्टाफ और 500 छात्र मौजूद रहे। इस दौरान टीम से छात्रों ने कई तरह के प्रश्न भी किए। जिनका जवाब टीम के सदस्यों ने दिया और छात्रों की जिज्ञासाओं को दूर किया। पीटीएस रीवा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी स्कूलों को भेंट स्वरूप पौधे भी प्रदान किए।

## बसंती बयार ने फिजाओं में बढ़ा दी ठंडक

### आसमान में दिखे बादल, धूप का असर हुआ कम, तापमान में बदलाव

**रीवा।** जिले में बीती रात से कुछ ठंड फिर महसूस होने लगी है। बसंती बयार बहने के कारण दिन के वक्त धूप का ताप भी शुक्रवार को कम हुआ। आसमान पर हल्के बादल छाये रहे, जिसकी वजह से भी यह स्थिति बनी रही। मौसम विभाग की माने तो उत्तर भारत पंजाब से सटे क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। साथ में पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। लिहाजा हवा का रूख अभी दक्षिण-पश्चिम है, जो अगले 24 घंटे में उत्तरी हो जायेगा। ऐसा होने पर जिले में एक दफा ठंड पलट कर आ सकती है। बहरहाल, अभी मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को अच्छी ठंड का अहसास हो रहा है। दिन के वक्त बहने वाली हवाओं के कारण तापमान में भी बदलाव हुआ है। बताया गया कि शुक्रवार को दिन का तापमान बीते दिन से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम 23.8 डि.से. दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान गत दिवस की अपेक्षा 1.5 डि.से. की बढ़त के साथ 12.5 डि.से. पर जा पहुंचा। अब जिले में अगले तीन-चार दिन तापमान में गिरावट के साथ बदलाव का अनुमान व्यक्त किया गया है।



# ऑडियो-विजुअल प्रोडक्शन की बारीकियां समझाई

## एमसीयू में हुआ कार्यशाला का आयोजन



जागरण, रीवा। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर में ऑडियो-विजुअल प्रोडक्शन पर जनसंचार विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एमसीयू के भोपाल परिसर से पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता ने जनसंचार एवं पत्रकारिता विषयों के विद्यार्थियों को मीडिया के लिए ऑडियो-विजुअल प्रोडक्शन की बारीकियां समझाई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में पहले दिन विद्यार्थियों ने रेडियो बुलेटिन तथा टीवी समाचारों के विविध पहलुओं को समझा। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अपने-अपने समाचार बुलेटिन तैयार कर उसकी समीक्षा भी की। कार्यक्रम में दूसरे दिन पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने भी रेडियो और टीवी न्यूज बुलेटिन तैयार किये। इस दौरान डॉ. गुप्ता ने स्टूडियो के प्रोटोकॉल, स्टूडियो लाइटिंग और मीडिया के अनुसार स्क्रिप्ट लेखन, समाचार प्रस्तुतकर्ता के उच्चारण, भाव-भंगिमाओं आदि बारीकियों से विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। कार्यशाला में स्टूडियो प्रोडक्शन में कैलाश चौधरी ने तकनीकी सहयोग किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक निदेशक डॉ. संदीप भट्ट ने भी विद्यार्थियों के द्वारा तैयार रेडियो और टीवी समाचार बुलेटिनों की समीक्षा की। इस कार्यशाला में जनसंचार तथा पत्रकारिता विभागों के शफीक, मुब्सिर, रिया सिन्हा, श्रेयाली, सोनाली, गौरव मिश्रा, प्रांजुल, देवकांत ,तनवीर शिवम आदि विद्यार्थी, डॉ. उमाशंकर पटेल, दीपेश कुमार सिंह सहित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हिन्दी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है

रीवा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को 'राजभाषा के रूप में हिन्दी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन राजहंस स्कूल में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों के द्वारा सहभागिता की गयी। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख अजय खरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली संस्कृति एवं भाषा को गर्व करना चाहिए। हिन्दी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है।


## नाम सुधार सूचना

मैं भूत पूर्व हवलदार छठि लाल पटेल आर्मी नम्बर 6391288A Village Padkhuri Post Pachokhar Tehsil - Churhat , District- Sidhi (M.P.) का निवासी हूँ। सेना के दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम RENU PATEL लिखा है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम REENU PATEL है। अब इन्हें इसी नाम से लिखा पढ़ा व जाना जाय।

RN- 80652 छठि लाल पटेल


# जीडीसी में राष्ट्रीय बालिका दिवस का हुआ आयोजन

रीवा। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन जीडीसी में किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं का सम्मान किया गया तथा बालिकाओं के अधिकार एवं वर्तमान समय में किए गए प्रयास पर समझाइश दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने कहा कि उन्हें नारी होने पर गर्व है। घरेलू हिंसा में हमेशा पुरुषों की गलती नहीं होती कई बार महिलाओं की भी गलतियां पाई गई है क्योंकि कुछ लोग अपने घर पर बेटी और बहू में फर्क रखते हैं जिसके कारण ऐसी सामाजिक कुरीतियों बढ़ती जा रही है। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने कहा कि रियल एवं रील लाइफ में बहुत अंतर है। हमें खुद बेहतर बनना है किसी की तरह नहीं।


## नाम सुधार सूचना

मैं भूत पूर्व नायक अनिल कुमार सिंह आर्मी नम्बर 16013203L Village & Post Pareri Tehsil- Sirmour , District-Rewa (M.P.) का निवासी हूँ। सेना के दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम SABNAM SINGH लिखा है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम SHABNAM SINGH है। अब इन्हें इसी नाम से लिखा पढ़ा व जाना जाय।

RN- 80653 अनिल कुमार सिंह

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी-2025-10 | अनुमानित लागत रु : 10339695.00 |
| कार्य का नाम : लोडिंग, लीडिंग एंड अनलोडिंग ऑफ़ मिसलेनिअस पी.वे मटेरियल बाय ट्रक/ट्रेलर फ्रॉम एनी स्टेशन ऑफ़ नार्थ सेंट्रल रेलवे टू एनी स्टेशन अंडर जूरिडिक्शन ऑफ़ एडीईएन/ललितपुर। | |
| अमानत राशि : 201700.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 21.02.2025 at 15:00 hrs. |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |

• निविदा दिनांक 21.02.2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे । • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 153/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमाक 22/विशेष विवाह/2025
मऊगंज, दिनांक 21.01.2025

**इश्तहार**

आवेदक दिवाकर त्रिपाठी पिता श्री हीरामणि त्रिपाठी, उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र. - 09 निराला नगर, थाना- विश्वविद्यालय, रीवा आवेदिका रेखा पाल तनय श्री नन्द कुमार पाल उम्र 38 साल, निवासी हाउस नं.-442, बाजार चौक थाना कुम्हरी, जिला- दुर्ग (छत्तीशगढ़) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है,जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक- 28.02.2025

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 80842

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला मऊगंज (म.प्र.)

क्रमाक 07/विशेष विवाह/2024
मऊगंज, दिनांक 14.08.2024

**इश्तहार**

आवेदक अभिमन्यु साकेत पिता द्वारिका साकेत सा0 डिहिया तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज(म.प्र.). एवं राखी पटेल पिता श्री सालिकराम पटेल निवासी ग्राम डिहिया तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज(म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, समग्र आईडी एवं 100/- चालान के साथ सपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक: 18.02.2025

विवाह अधिकारी
जिला मऊगंज (म.प्र.)
RN- 80841

## रजिस्टड नोटिस म्यादी 15 दिवस

नोटिस आज तरफ श्री नन्द कुमार मिश्र पिता श्री मंगलदीन मिश्रा जाति ब्रा. उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम उरुआ पो. नौढ़िया थाना लौर तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र.। द्वारा अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह मऊगंज जिला रीवा म.प्र. मो. 9993877623 ......**प्रथमपक्ष/नोटिसदाता**

**विरुद्ध**

श्री अमित कुमार मिश्रा पिता श्री रामनरेश मिश्रा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम उरुआ पो. नौढ़िया थाना लौर तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र.। **.....द्वितीयपक्ष/नोटिसग्रहिता**

यह कि प्रथमपक्ष/नोटिसदाता ने अधिवक्ता पत्र में अपना हस्ताक्षर करते हुये मुझे अधिवक्ता नियुक्त कर नोटिस से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज मुझे सौपते हुये तथा मौखिक रूप से अवगत कराते हुये आप नोटिसग्रहिता की ओर यह कानूनी नोटिस भेजने हेतु अधिकृति किया है।

अत: यह कानूनी नोटिस निम्नलिखित आधारों पर आप नोटिसग्रहिता की ओर भेजी जा रही है।

**1.** यह कि प्रथमपक्ष/नोटिसदाता ग्राम निवासी ग्राम उरुआ पो. नौढ़िया थाना लौर तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. का रहने वाला है। तथा द्वितीय पक्ष/नोटिसग्रहिता भी ग्राम उरुआ पो. नौढ़िया थाना लौर तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. का निवासी है। दोनों पक्ष एक ही जाति के हैं तथा एक ही गाँव के निवासी। **2.** यह कि नोटिसग्रहिता के पिता का देहान्त हो चुका है वारिसाना क्रम में नोटिसग्रहिता ही वारिस है उसके पास बहुत सारी पुस्तैनी जमीने है जिन्हें वह बेच कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। **3.** यह कि नोटिसग्रहिता ने कुछ भूमियॉ नोटिसदाता को भी विक्रय किया है जिस कारण से दोनों के मध्य घनिष्ठ संबंध स्थापित हो गये थे उसी घनिष्ठता की वजह से नोटिसग्रहिता आवश्यकता पड़ने पर कई बार नोटिसदाता से नगद रुपये उधार लिये थे तथा नियत समय पर लिये गये रुपये वापस भी कर दिया करता था इस कारण से नोटिसदाता को नोटिसग्रहिता पर विश्वास था। **4.** यह कि नोटिसदाता के पास नौढ़िया मोड़ समित के सामने मंगलम मैरिज गार्डन है जिसका संचालन नोटिसदाता करता है जिसमें नोटिसग्रहिता कभी कभार मदत भी कर देता था इस कारण से दोनों के मध्य प्रगाढ़ संबंध थे। **5.** यह कि दिनांक 22/07/2024 को नोटिसग्रहिता, नोटिसदाता के पास आया और बोला कि मुझे 14-15 लाख रु. की बहुत जरूरत है आप दे दो मै 2 माह के अंदर आप को रुपये ब्याज सहित वापस कर दूंगा। नोटिसदाता को नोटिसग्रहिता पर पूर्ण विश्वास था क्योंकि नोटिसग्रहिता पूर्व में भी लिये गये रुपये समय सीमा में वापस कर देता था। **6.** यह कि नोटिसदाता ने अपने पट्टे कब्जे दखल की भूमि को दिनांक 08.07.2024 को श्री कृष्ण चन्द्र गुप्ता पिता रामाधार गुप्ता निवासी रामपुर पो. रतनगवाँ जिला मऊगंज को 22 लाख रुपये में विक्रय किया था जिसमें 1 लाख रु. बैंक के माध्यम से तथा 21 लाख रुपये नगद प्राप्त किये थे जिसमें से नोटिसदाता ने 6 लाख रु. अपने गार्डन के लिये आवश्यक समान क्रय कर लिया रखा था शेष 15 लाख रु. गार्डन के विवाह मूर्हूत के समय आवश्यक समानो के पूर्ति आवश्यकताओं के लिये रखे था। **7.** यह कि नोटिसदाता ने अपने पुराने संबंधों को देखते हुये नोटिसग्रहिता को 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रु. नगद दिनांक 22.07.2024 दे दिया, नगर रुपये प्राप्त करने के बाद नोटिसग्रहिता बोला कि मैं उक्त 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रु. दो माह के अन्दर ब्याज सहित अदा कर दूंगा। दो माह बीतने के बाद नोटिसदाता, नोटिसग्रहिता से व्यक्तिगत रूप से मिल कर दिये गये रुपये की मांग की तब नोटिसग्रहिता बोला कि अभी हमारे पास रुपये नहीं है 1-2 हफ्ते में मेरी जमीन बिकने वाली है मैं बादानुसार आपको चेक दिये देता हूं और नोटिसग्रहिता ने एक चेक जो मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा देवतालाब भर कर जिसका क्र. 133720 था उसमें अपने हस्ताक्षर कर नोटिसदाता को दे दिया और बोला कि उक्त चेक को आप 20.10.2024 के बाद लगा कर अपने दिये गये रु. चौदह लाख पच्चास हजार प्राप्त कर ली जियेगा। **8.** यह कि नोटिसदाता अपने गार्डन में लिये गये बुकिंग में व्यस्त हो गया तथा बीच में नोटिसग्रहिता से रु. जमा होने के बारे में पूछता रहा तब नोटिसग्रहिता ने माह दिसम्बर 2024 में बोला कि आप चेक को माह जनवरी 2025 में लगा कर रु. प्राप्त कर लीजियेगा। **9.** यह कि नोटिसदाता ने दिनांक 08.01.2025 को अपने बैंक खाता क्र. 50468551283 जो इंडियन बैंक शाखा देवतालाब में संचालित है उसमें जमा पर्ची भर कर जमा किया, दिनांक 09.01.2025 को इंडियन बैंक शाखा देवतालाब जिला मऊगंज द्वारा चेक क्र. 133720 को अनादरित करते हुये यह बता कर कि चेक से संबंधित राशि चेक में दर्शाये गये खाते में नहीं है और चेक को मूलत: नोटिस दाता को वापस कर लिया। **10.** यह कि नोटिसदाता नोटिसग्रहिता से मिला और चेक के अनादरित होने की बात बताई तब नोटिसग्रहिता बोला कि ली गई राशि 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रु. मैं आप को चेक के माध्यम से अदा कर दिया हूँ अब मुझे कोई राशि आप को नहीं देना है आप को जो करना हो कर लीजियेगा। **11.** नोटिसदाता ने आप नोटिसग्रहिता से मोबाइल के माध्यम से तथा व्यक्तिगत रूप से मिलने का प्रयास किया किन्तु आप से मुलाकात व बात नहीं हो पाई तब नोटिसदाता को विश्वास हो गया कि आप नोटिसग्रहिता 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रुपये नहीं देना चाहते हैं। तब नोटिसदाता अपने अधिवक्ता से मिल सम्पूर्ण बात बताई और आप नोटिसग्रहिता को कानूनी नोटिस देने हेतु अधिवक्ता पत्र में अपना हस्ताक्षर कर नोटिस देने के लिये अधिकृत किया है। **12.** यह कि यह नोटिसग्रहिता को इस नोटिस के माध्यम से आगाह किया जाता है कि आप नोटिस प्राप्त होने के 15 दिवस के अन्दर चेक से संबंधित 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रु. की राशि मय ब्याज सहित नोटिसदाता को अदा करते हुये पावती रसीद प्राप्त कर लें अन्यथा मेरे मुवक्लि को बाध्य हो कर आपके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वादपत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा। **13.** यह कि मैने यह कानूनी नोटिस तैयार कराने के लिये फीस के रूप में 5000 (पाँच हजार) रु. प्राप्त किये हैं इसके अलावा नोटिस टंकन कराने व भेजने के लिये 500 रु. लगे हैं इस तरह कुल 5500 रु. लगे हैं। वाद पत्र प्रस्तुत करने की स्थित में 14,50000 (चौदह)लाख पच्चास हजार) रुपये की राशि के अलावा ब्याज एवं नोटिस खर्च भी देनदार आप नोटिसग्रहिता की होगी। **14.** यह कि नोटिस साफ व स्वच्छ है। कहीं कटी फटी नही है नोटिस टंकन में जहाँ कहीं त्रुटि है वहां पर सुधार कर मेरे संक्षिप्त हस्ताक्षर है नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में रखी है जो मेरे कार्यालय में समय में देखी जा सकती है। अत: यह कानूनी नोटिस आज दिनांक 23.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी की जा रही है।

**दिनांक 23.01.2025**

**नोटिसदाता**
**नन्द कुमार मिश्र पिता श्री मंगलदीन मिश्रा**
निवासी ग्राम उरुआ पो. नौढ़िया थाना लौर तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र.
**द्वारा**
**प्रदीप सिंह सेंगर**
अधिवक्ता
उच्च न्यायालय एवं सिविल न्यायालय मऊगंज
मो. 9993877623

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं शिवा प्रसाद भुर्तिया नं.-15437669 K नायक/नर्सिंग अस्सिटेन्ट गिरजा शंकर भुर्तिया के पिता वर्तमान में ग्राम-टड़हर, पो. ढखरा-तह. त्योंथर में रहता हूँ जिला रीवा म.प्र. पिन-486226 है। और शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैने अपने नाम में सुधार के कारण अपना नाम शिवा प्रसाद भुर्तिया से बदलकर शिव प्रसाद भुर्तिया रख लिया है, अतः मेरे पास मौजूद दस्तावेजों जैसे-आधार कार्ड, पेन कार्ड, और अन्य रिकार्ड दस्तावेजों के अनुसार मेरा नाम शिव प्रसाद भुर्तिया है, जो कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में शिवा प्रसाद भुर्तिया है जो की गलत है। अतः मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में सुधार कर शिव प्रसाद भुर्तिया किया जाय एवं लिखा व पढ़ा जाय। RN-80656


# हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार ने महिला इकाई का किया गठन

रीवा। हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार ने हिंदू धर्म के सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से महिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी धर्म परिवार के संस्थापक संरक्षक नारायण डिगवानी , संरक्षक सुनील अग्रवाल के सहमति से धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने घोषित की है, जिसमें रिचा गुप्ता अध्यक्ष, चांदनी गुप्ता एवं मिस्टी बजाज, माधुरी वर्मा सचिव, वर्षा शुक्ला, रेशु गुप्ता, नम्रता सिंह, प्रिया गुप्ता को सहसचिव नियुक्त किया। वही महिला इकाई संयोजक पूर्व अध्यक्ष संतोषी गुप्ता तथा मार्गदर्शक मंडल में लीना साहू रखा है। धर्म परिवार के अध्यक्ष सहित महासचिव सुरेश बिश्नोई, कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर, नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू, युवा अध्यक्ष सुमित सुमित मांजवानी, राकेश आसवानी, मनीष साहू पुनीत वर्मा गोलू राजेश साहू नागेंद्र वर्मा राजेश नामदेव अमिताभ केशरवानी, प्रभात सिंह आदि ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले बसंत पंचमी पर्व में महिला इकाई के संयोजन गरिमामय ढंग से इस बार मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनोरंजन खेल प्रतियोगिता का आयोजन अटल पार्क में आयोजित हो जिससे बच्चों को हिंदू संस्कृति व धार्मिक त्योहारों के बारे में परिचित हो सके।

# निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया



रीवा। भारत की प्रसिद्ध प्रथम महिला अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉक्टर कल्पना चावला की 23वीं पुण्यतिथि आगामी 1 फरवरी को मनाई जाएगी। इसी तारतम्य में शहर के प्रमुख विद्यालयों जैसे प्रवीण कुमारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल एक्सीलेंस स्कूल शासकीय पांडे टोला विद्यालय शासकीय सामान विद्यालय आदि के छात्र-छात्राओं ने निबंध शीर्षक 'मानव जीवन में विज्ञान की भूमिका' पर लिखकर अपने विचार व्यक्त किये। प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों का कल्पना कल्याण समिति द्वारा गठित निर्णायक मंडल उत्कृष्ट निबंध लेखन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करने के लिए नामांकित करेगा, जिन्हें डॉक्टर कल्पना चावला के पुण्यतिथि पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा। निबंध लेखन के लिए पीके स्कूल के प्राचार्य वरुणेंद्र सिंह उत्साहवर्धन करने शिक्षा महाविद्यालय में उपस्थित हुए। निबंध लेखन प्रतियोगिता के दौरान कल्पना कल्याण समिति के अध्यक्ष बीपी सिंह, डॉक्टर आर्यन पटेल, मधु सिंह , ममता मिश्रा सहित शिक्षक जन उपस्थित रहे।


## कार्यालय जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा (म.प्र.)

क्र./1948/सा.न्याय/कन्या विवाह/2024-25 रायपुर कर्चु. दिनांक -21.01.2025

**निविदा सूचना**

जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में आवश्यक सेवाएं (जिनका विवरण अधोलिखित है) प्राप्त किए गए जाने हेतु दर एवं फर्म के निर्धारण के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। प्रत्येक अलग-अलग कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा हेतु फार्म जनपद कार्यालय रायपुर कर्चुलियान से अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है। फार्म के साथ 50000/- (पचास हजार रुपए मात्र) की एफडीआर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के नाम से दिनांक 30.01.2025 को शाम 04 बजे तक अपना फार्म बंद लिफाफे में जमा करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 31.01.2025 को अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति के द्वारा खोले जाएंगें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम का समय परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी निविदा या सभी निविदाएं बगैर कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निहित होगा। किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी एवं समस्त निविदाए जीएसटी अंतर्गत होंगी।

सामाग्री का विवरण निम्नांनुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| 1. | वाटर प्रूफ टेंट, मैट, कुर्सी, टेबल, पंखा, कूलर, लाइट की व्यवस्था, माइक सेट कार्डलेस के साथ, मंच निर्माण एवं साज सज्जा<br>मंच में सोफा सेंटर टेबल, जनरेटर, पूजा सामाग्री, मगरोहन, कलश, मौर, मौरी, वरमाला, बेदी तैयार करना, शादी कराने हेतु आचार्य की व्यवस्था, अतिथियों के लिए फूल माला, बुके, विवाह एवं निकाह से संबंधित अन्य सामाग्री आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना होगा | एक वर्ष (वित्तीय वर्ष 2024-25) |
| 2. | लंच पैकेट (6 पूड़ी, 01 सब्जी,1 मिठाई, अचार, डिब्बे में पैकिंग के साथ) | |
| 3. | अतिथियों के लिए VIP लंच पैकेट, स्वल्पाहार ( बिसकिट, नमकीन, मीठा, डाई फ्रूट) | |
| 4. | पानी पाउच, पानी बॉटल 500 ग्राम बॉटल में, पानी जार | |
| 5. | बैनर (प्रति स्क्वायर फिट) | |

प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदाएं देनी होंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद रायपुर कर्चुलियान,
जिला रीवा (म0प्र0)

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)

### भवन हस्तानान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. द्वितीय भवन क्र0 - 38 के मूल आवंटी श्री सत्यनारायण पाण्डेय पिता श्री कौशल प्रसाद पाण्डेय, पता डी. मैहर सीमेन्ट स्टाफ कालोनी सरला नगर मैहर तहसील मैहर, जिला मैहर (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. द्वितीय भवन क्र0 - 38 पद्मधर कालोनी रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती सरिता कटरे पति श्री राजेश कुमार कटरे, निवासी- डी. 1158 रफी अहमद किदवई वार्ड रोशन नगर मुरवारा कटनी, जिला कटनी ( म0प्र0) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 09.01.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण श्रीमती सरिता कटरे पति श्री राजेश कुमार कटरे के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80843

## सार्वजनिक नोटिस/सम्मन

(आर्ड-5 नियम 20 1क उपनियम 1 सी.पी.सी. अन्तर्गत)
न्यायालय:-नेहा रहमान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सिरमौर, जिला रीवा म.प्र.
**प्रकरण क्रमांक:- RCSA 163/24**

1. कुसमा देवी पुत्री स्व. तिलकराज सिंह पत्नी गोविंद सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी अजमेर तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र. व अन्य .....**वादीगण**

**विरुद्ध**

1. खण्डपाल सिंह तनय स्व. तिलकराज सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी अजमेर तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र. व अन्य .....**प्रतिवादीगण**

**प्रेषिती-**
**प्रतिवादी क्र01ता8**

1. खण्डपाल सिंह तनय स्व. तिलकराज सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी अजमेर तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र. 2. श्रीमती उषा सिंह पत्नी स्व. राजललन सिंह उम्र 42 वर्ष 3. आदर्श सिंह तनय स्व. राजललन सिंह उम्र 13 वर्ष 4. यश सिंह तनय स्व. राजललन सिंह उम्र 8 वर्ष 5. निहाल सिंह तनय स्व. राजललन सिंह उम्र 5 वर्ष 6. अनामिका सिंह पुत्री स्व. राजललन सिंह 7. अनतिमा सिंह पुत्री स्व. राजललन सिंह प्रति.क्र.3ता7 नाबालिक संरक्षिका माता श्रीमती उषा सिंह पत्नी स्व. राजललन सिंह सभी निवासी ग्राम बम्हनी अजमेर तहसी. सेमरिया रीवा म.प्र. 8. श्रीमती संघमित्रा शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला निवासी गडरिया मोड रतहरा तहसील हुजूर रीवा म.प्र. वादी कुसमा देवी पुत्री स्व. तिलकराज सिंह पत्नी गोविंद सिंह द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख को शून्य व प्रभावहीन घोषित किये जाने बावत् दावा प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई पेशी दिनांक 26.03.2025 को नियत है। अत: प्रतिवादीगण जिस किसी को आपत्ति हो तो आगामी पेशी दिनांक 26.03.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे यदि अनुपस्थित रहते हैं तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय का अवकाश रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा। आज तारीख 24.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**नेहा रहमान**
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, सिरमौर
जिला रीवा म.प्र.
आरएन 80654

## कार्यालय जनपद पंचायत त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

क्र./ 108/सा.न्याय/निविदा/2024-25 त्योंथर, दिनांक -17.01.2025

**निविदा सूचना**

जनपद पंचायत त्योंथर क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में सा.न्याय विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह, जनकल्याणकारी शिविर सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में आवश्यक सेवाएं (जिनका विवरण अधोलिखित है) प्राप्त किए गए जाने हेतु दर एवं फर्म के निर्धारण के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। प्रत्येक अलग-अलग कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा हेतु फार्म जनपद कार्यालय त्योंथर से अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है। फॉर्म के साथ 50000/- (पचास हजार रुपए मात्र) की एफडीआर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर के नाम से दिनांक 30 जनवरी 2025 को शाम 04 बजे तक अपना फार्म बंद लिफाफे में जमा करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 31 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति के द्वारा खोले जाएंगें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम/जनकल्याणकारी शिविर का समय परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी निविदा या सभी निविदाएं बगैर कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निहित होगा। किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी एवं समस्त निविदाए जीएसटी अंतर्गत होंगी।

सामाग्री का विवरण निम्नांनुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| 1. | वाटर प्रूफ टेंट, मैट, कुर्सी, टेबल, पंखा, कूलर, लाइट की व्यवस्था, माइक सेट कार्डलेस के साथ, मंच निर्माण एवं साज सज्जा<br>मंच में सोफा सेंटर टेबल, जनरेटर, पूजा सामाग्री, मगरोहन, कलश, मौर, मौरी, वरमाला, बेदी तैयार करना, शादी कराने हेतु आचार्य की व्यवस्था, अतिथियों के लिए फूल माला, बुके, विवाह एवं निकाह से संबंधित अन्य सामाग्री आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना होगा | (वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26) |
| 2. | लंच पैकेट (6 पूड़ी, 01 सब्जी,1 मिठाई, अचार, डिब्बे में पैकिंग के साथ) | |
| 3. | अतिथियों के लिए VIP लंच पैकेट, स्वल्पाहार ( बिसकिट, नमकीन, मीठा, डाई फ्रूट) | |
| 4. | पानी पाउच, पानी बॉटल 500 ग्राम बॉटल में, पानी जार | |
| 5. | बैनर (प्रति स्क्वायर फिट) | |

प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदाएं देनी होंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत त्योंथर, रीवा (म0प्र0)

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं फूल कली भुर्तिया नं.-15437669 K नायक/नर्सिंग अस्सिटेन्ट गिरजा शंकर भुर्तिया की माँ वर्तमान में ग्राम-टड़हर, पो. ढखरा-तह. त्योंथर में रहता हूँ जिला रीवा म.प्र. पिन-486226 है। और शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मैने अपने नाम में सुधार के कारण अपना नाम फूलकली भुर्तिया से बदलकर श्याम कली रख लिया है। अतः मेरे पास मौजूद दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य रिकार्ड दस्तावेजों के अनुसार मेरा नाम श्यामकली है जो कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में फूल कली भुर्तिया है जो की गलत है। अतः मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में सुधार कर श्याम कली किया जाय एवं लिखा व पढ़ा जाय। RN-80655

## नाम परिवर्तन सूचना Matter

आर्मी नं. 15351938F रैंक एक्स हवलदार सिद्धमुनि प्रसाद पटेल की पुत्री जिसका नाम आर्मी डिसचार्ज बुक में दर्ज है दामिनी पटेल क्रम संख्या 5 नाम दामिनी पटेल जन्म तिथि 28.03.2005 संबंध पुत्री क्रम संख्या 5 नाम DAMINI PATEL जन्म तिथि 28.03.2005 सम्बन्ध Doughter Auth-61WEU/115/01/05/ किन्तु स्कूल रिकार्ड और आधार कार्ड में लवली पटेल (LOVELY PATEL) है। माता जी का नाम शंखवती पटेल है। आर्मी रिकार्ड में सुधार की जरूरत है। RN-80726

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## फ्लैट बेचना है

2BHK का फ्लैट बेचना है, सेकंड फ्लोर भंडारी काम्पलेक्स द्वारिका नगर रीवा इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें। मो. 6260562331, 9644880088

आर-80657(28/1)

## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज। 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिडचिडाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।

**डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव**
9827355156

**पता** - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदडिया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।

आर-80809(6/2)


# संगोष्ठी का आयोजन आज

रीवा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान मनाया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया प्रभारी विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम की कड़ी में 11 से 25 जनवरी तक जिला मुख्यालयों के गोष्ठी का आयोजन, अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा,विधायक गण,पूर्व विधायक , जनप्रतिनिधि गण सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।


## कार्यालय जनपद पंचायत गंगेव, जिला रीवा (म.प्र.)

क्र./ 2918/सा.न्याय/कन्या विवाह/2024-25 गंगेव, दिनांक -22.01.2025

**निविदा सूचना**

जनपद पंचायत गंगेव क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में आवश्यक सेवाएं (जिनका विवरण अधोलिखित है) प्राप्त किए गए जाने हेतु दर एवं फर्म के निर्धारण के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। प्रत्येक अलग-अलग कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा हेतु फार्म जनपद कार्यालय गंगेव से अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है। फार्म के साथ 50000/- (पचास हजार रुपए मात्र) की एफडीआर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव के नाम से दिनांक 30.01.2025 को शाम 04 बजे तक अपना फार्म बंद लिफाफे में जमा करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 31.01.2025 को अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति के द्वारा खोले जाएंगें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम का समय परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी निविदा या सभी निविदाएं बगैर कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निहित होगा। किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी एवं समस्त निविदाए जीएसटी अंतर्गत होंगी।

सामाग्री का विवरण निम्नांनुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| 1. | वाटर प्रूफ टेंट, मैट, कुर्सी, टेबल, पंखा, कूलर, लाइट की व्यवस्था, माइक सेट कार्डलेस के साथ, मंच निर्माण एवं साज सज्जा<br>मंच में सोफा सेंटर टेबल, जनरेटर, पूजा सामाग्री, मगरोहन, कलश, मौर, मौरी, वरमाला, बेदी तैयार करना, शादी कराने हेतु आचार्य की व्यवस्था, अतिथियों के लिए फूल माला, बुके, विवाह एवं निकाह से संबंधित अन्य सामाग्री आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना होगा | एक वर्ष (वित्तीय वर्ष 2024-25) |
| 2. | लंच पैकेट (6 पूड़ी, 01 सब्जी,1 मिठाई, अचार, डिब्बे में पैकिंग के साथ) | |
| 3. | अतिथियों के लिए VIP लंच पैकेट, स्वल्पाहार ( बिसकिट, नमकीन, मीठा, डाई फ्रूट) | |
| 4. | पानी पाउच, पानी बॉटल 500 ग्राम बॉटल में, पानी जार | |
| 5. | बैनर (प्रति स्क्वायर फिट) | |

प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदाएं देनी होंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत गंगेव, जिला रीवा (म0प्र0)

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

MPBDC

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : eincmpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 473/GM/MPBDC/CW/25/NIT-64 Bhopal, Dated : 24.01.2025

### NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following construction works :-

1. **Construction of composite District Office Building in Mauganj, Pandhurna and Mandla Districts in M.P. – 03 Works – PAC for each work - Rs. 2500.00 Lacs.**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online only from **29.01.2025 at 18:00 hrs. to 21.02.2025.** from website **www.mptenders.gov.in** PAC can very at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/118505/2025 **MANAGING DIRECTOR**

# स्टेशन में ऑनलाइन पेमेंट के लिए क्यूआर कोड हुए चस्पा

## खुल्ले पैसे न होने की समस्या से यात्रियों को मिलेगा छुटकारा

जागरण, रीवा

रीवा रेलवे स्टेशन में आरक्षण खिड़की के साथ-साथ अब सामान्य खिड़की में विभिन्न मार्गों के लिए टिकट लेने वाले यात्रियों को कैशलेस कर दिया गया है। यहां भी क्यूआर कोड के माध्यम से आम यात्री अपने गंतव्य के लिए चिल्लर की झंझट से मुक्त रहेगा। रीवा रेलवे स्टेशन के सभी सामान्य तथा रिजर्व विंडो में क्यूआर कोड की व्यवस्था कर दी गई है। पमरे के जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सतना, मैहर, रीवा रेलवे स्टेशन के आरक्षण एवं अनारक्षित खिड़कियों पर रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के अंतर्गत क्यूआर कोड लगा दिए गए हैं। जिससे यात्री अपनी टिकट का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर सकते हैं। रीवा रेलवे स्टेशन में न केवल आसपास बल्कि दिल्ली, भोपाल, राजकोट, एकता नगर, अहमदाबाद, इतवारी, जबलपुर, कटनी के साथ-साथ किसी भी मार्ग के लिए टिकट क्रय की जा



सकती है जिसके लिए स्टेशन में कई विंडो संचालित हैं। उक्त विंडो में यात्रियों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ता था जब खुल्ले पैसे न होने पर टिकट के लिए परेशान होना पड़ता था। ऐसे में यात्री या तो सफर छोड़ दे या फिर बेटिकट यात्रा करे। लिहाजा कई बार मुसाफिर परेशानी में पड़ जाते थे। अब रीवा रेलवे स्टेशन में भी क्यूआर कोड की व्यवस्था कर दिए जाने से आम यात्री कैशलेस होकर रिजर्वेशन व सामान्य टिकट खरीद सकता है जिसमें उसे कैश के लेन-देन से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, टिकट काउंटर पर मौजूद रेलवे कर्मियों को भी समय कम लगेगा। जिसके चलते लोगों को अब इस नई आधुनिक व्यवस्था से काफी लाभ होगा।

**नहीं बनेगी लाइन में विवाद की स्थिति :** रीवा रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों को अपनी बारी का इंतजार करने के लिए लाइन में लगना पड़ता था। इस दौरान कई बार धक्का-मुक्की या विवाद जैसी स्थिति भी पैदा हो जाया करती थी। अब इस नई सुविधा के शुरू हो जाने की वजह से एक ओर जहां यात्रियों को कम समय में टिकट मिल सकेगी, वहीं दूसरी तरफ समय के साथ धक्का-मुक्की जैसे हालात से भी मुक्ति मिल जाएगी। इतना ही नहीं कई बार यात्रा टिकट लेने के दौरान यात्री के पास कुछ पैसे अथवा रेजगारी की समस्या आ जाती थी जिसके बाद संबंधित को इधर-उधर भटकना पड़ता था। इस नई सुविधा से भुगतान तत्काल होगा तथा यात्री को पैसों को लेकर भी किसी भी तरह की झंझट का सामना नहीं करना पड़ेगा। डिजिटल पेमेंट करने से यात्रियों को चिल्लर की दिक्कत से जहां मुक्ति मिलेगी वहीं शीघ्र भुगतान कर अनारक्षित खिड़कियों की लाइन में लगने की समस्या से भी बचा जा सकेगा।

# एक क्लिक में मिलेगी प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी

## उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल में बनाई जा रही जगह

**रीवा।** सरकारी महाविद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों की पूरी जानकारी एक क्लिक में अब मिल जायेगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग पोर्टल में एक खास जगह बना रहा है। जहां विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन से लेकर केटेगरी, कक्षा, विश्वविद्यालय नामांकन सहित सभी प्रकार की जानकारी दर्ज रहेगी। उक्त जानकारी गत माह एक बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दी है। साथ ही उक्त कार्यवाही को पूरी करने के लिए विभाग द्वारा कॉलेज प्रबंधनों से विद्यार्थियों से संबंधित सभी जानकारी ऑनलाइन मांगी जायेगी। ताकि शीघ्र ही विभाग इस दिशा में काम को अंजाम दे सके। जिला समेत प्रदेश के सभी विद्यार्थियों का डाटा ऑनलाइन मिलते ही विभाग पोर्टल पर फीडिंग का काम शुरू कर देगा। सम्भावना जताई जा रही है कि अगले सत्र में होने वाले ऑनलाइन प्रवेश से भी इस प्रक्रिया को जोड़ दिया जायेगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से दोहरी छात्रवृत्ति या अन्य प्रकरणों में लगाम कसने में विभाग को मदद मिलेगी।

**ऑनलाइन डाटा होगा अपडेट :** गौरतलब है कि विद्यार्थियों का ऑनलाइन डाटा प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा निरंतर कॉलेज प्राचार्यों से पत्राचार किया जा रहा है। विभाग ने विद्यार्थियों का समेकित डाटा रखने के अलावा कॉलेज की अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक व्यवस्थाओं को ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कहा है। इस बाबत विभाग सभी सरकारी कॉलेज की जियो टैगिंग कर रहा है।


### नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 25 जनवरी शनिवार को रीवा में



रीवा। HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 25 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निः शुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

### PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 26 जनवरी रविवार को रीवा में



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी × मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 26 जनवरी 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक × डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह),थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 4 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 में हुई क्विज प्रतियोगिता

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ आयोजन

**रीवा।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में 17 विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित भारत हैं हम सीरीज एलईडी टीवी पर प्रदर्शित की गई। तत्पश्चात इसी सीरीज पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 25 प्रश्नों की श्रृंखला को 40 मिनट में हल करने के लिए प्रश्न-पत्र दिया गया। कार्यक्रम में छात्रों को पराक्रम दिवस के बारे में अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर, सैनिक स्कूल, सीएम राइज पी.के. स्कूल, शासकीय एस.के. कन्या उ.मा.वि., मार्तण्ड क्रमांक 1, मार्तण्ड क्रमांक 2, शासकीय कन्या विद्यालय पाण्डेन टोला, पीएमश्री शा.उ.मा.वि. (बालक) बैकुंठपुर, पीएमश्री शासकीय उ.मा.वि. मझगवां, पीएमश्री शासकीय उ.मा.वि. गढ़, स्व. बृजराज सिंह शा.उ.मा. मनिकवार, शा.उ.मा. विद्यालय गोड़हर, सेंट्रल अकेडमी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजहंस स्कूल आदि विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेंट्रल अकेडमी रीवा के ध्रुव पटेल, द्वितीय स्थान मार्तण्ड क्रमांक 1 की आयुषी शर्मा एवं तृतीय स्थान मार्तण्ड क्रमांक 1 के ही उत्कृष्ण ने प्राप्त किया। विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूबीआई के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय खरे ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती महालक्ष्मी ने नेताजी के आदर्शों एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर बोलते हुए बच्चों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने एवं परीक्षा में तनाव मुक्त रहने लिए प्रेरित किया।

# क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दिखाया दमखम

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का चौथा दिन

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता के मैच शुक्रवार को भी हुए। यह महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता रीवा विश्वविद्यालय की मेजबानी में हो रही है। चौथे दिन शुक्रवार को प्रातः विश्वविद्यालय स्टेडियम में प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के मैच खेले गये। कोर्ट नंबर 1 में एम.जी. विश्वविद्यालय कोट्टयम विरूद्ध चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के बीच मैच हुआ, जिसमें एम.जी. कोट्टयम ने सीधे सेट 3-0 से विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोर्ट क्रमांक 2 में दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच जेपीयर विश्वविद्यालय विरूद्ध कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। इस मैच को जेपीयर विश्वविद्यालय चेन्नई ने 3-0 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच कोर्ट नं 1 में एस.आर.एम. विश्वविद्यालय, चेन्नई विरूद्ध



के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर के बीच हुआ, जिसमें एस.आर.एम. विश्वविद्यालय ने 3-0 से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच एल.पी.यू. फगवाड़ा बनाम कालीकट विश्वविद्यालय के बीच में खेला गया, जिसमें एलपीयू फगवाड़ा ने 3-1 से मैच जीत कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। शुक्रवार की देर शाम सेमीफाइनल मैच हुए। पहला सेमीफाइनल मैच एम.जी. विश्वविद्यालय, कोट्टयम विरूद्ध जेपीयार विश्वविद्यालय, चेन्नई हुआ। ऐसे ही, दूसरा सेमीफाइनल मैच एल.पी.यू. विश्वविद्यालय, फगवाड़ा जालंधर विरुद्ध एस.आर.एम. यूनिवर्सिटी चेन्नई के बीच खेला गया। अब शनिवार को प्रातः 9 बजे से फाइनल मैच खेला जाएगा। शुक्रवार को हुए मैच के दौरान निर्णायक अरुण तिवारी, रवि किशन, संतोष सिंह, मुन्नालाल कारपेंटर, रमाशंकर द्विवेदी, श्रीकांत पांडेय, स्कोरर माधुरी शर्मा और अस्सिटेंट स्कोरर धीरेंद्र सिंह कर्चुली और चीफ रेफरी आर.बी. विद्यार्थी रहे। प्रतियोगिता के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर आर.के. शुक्ला, डॉ पुष्पेंद्र पांडेय, आर.डी.सी.ए. के क्रिकेट कोच सुधाकर शुक्ला, शकील खान, शमशेर अली, डॉ राहुल, मोहनलाल शर्मा, एकता द्विवेदी, डॉ गायत्री प्रसाद शुक्ल, एम के धौलपुरे, अजय यादव, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ भरत विश्वकर्मा, डॉ विजयपालडॉ डॉ मनीष कुमार मिश्रा, राजीव पांडेय, पुष्पराज सिंह, डॉ विजय पांडेय, डॉ महेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी, डॉ शिल्पा शर्मा, डॉ सुनीता सिंह, प्रेक्षक डॉ अमृतपाल सिंह, तकनीकी प्रेक्षक बी. ओमप्रकाश, आयोजक सचिव प्रो रामभूषण मिश्रा, सह संयोजक सचिव डॉ संजीव कुमार मिश्रा, डॉ उपेंद्र पांडेय सहित शारीरिक शिक्षा विभाग के एम.पी.एड, बी.पी.एड, बी.पी.ई.एस. के छात्र, कर्मचारी और खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।




दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 25 जनवरी 2025 माघ कृष्ण 11 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

॥गीता॥

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया।।

**भावार्थ :** ईश्वर अजन्मा और अविनाशी स्वरूप होते हुए भी तथा संपूर्ण प्राणियों के भगवान होते हुए भी दूसरों के कल्याण के लिए अपनी प्रकृति को अधीन करके अपनी योगमाया से इस संसार में प्रकट होते हैं।



# रेल यात्रियों की सुरक्षा बनी बड़ी चुनौती

भारतीय रेल से सफर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता से लैस बनाने के दावों और वादों के बीच हकीकत यह है कि आए दिन हादसे सामने आते रहते हैं। हर दुर्घटना के बाद जांच, राहत और मुआवजे की घोषणा की बात कुछ समय बाद आई-गई हो जाती है और फिर कुछ दिन बाद कोई नई दुर्घटना की खबर आ जाती है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार को पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने के शोर के बाद यात्रियों के बीच ऐसी बदहवासी फैली कि जान बचाने की कोशिश में कई लोग उस ट्रेन से बाहर कूद गए और घबराहट में पटरी पर इधर-उधर भागने लगे। इस बीच बगल की पटरी पर तेज रफ्तार से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आकर तेरह लोगों की जान चली गई। इससे संबंधित जो ब्योरे सामने आ सके हैं, उसके मुताबिक यह घटना किसी व्यक्ति के अफवाह उड़ाने से मची घबराहट का नतीजा है, लेकिन इतना साफ है कि अचानक उपजी अव्यवस्था से निपटने के लिए भारतीय रेल के पास शायद कोई तंत्र नहीं है।

**यह विडंबना ही है कि कभी किसी तकनीकी गड़बड़ी तो कभी किसी कर्मचारी की लापरवाही या फिर चूक की वजह से ट्रेन हादसे और उनमें जानमाल के नुकसान का एक सिलसिला-सा बन गया है। आखिर यह कब सुनिश्चित होगा कि यात्रियों के लिए रेल से सफर करना सुगम और सुरक्षित है?**

आए दिन होने वाले ऐसे हादसों से भरोसा उठने का डर है यह विडंबना ही है कि किसी अफवाह की वजह से भी ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि उसमें बेहद तकलीफदेह तरीके से लोगों की जान चली जा सकती है वजहें अलग-अलग हो सकती हैं, मगर आए दिन होने वाले ऐसे हादसे यह बताते हैं कि ट्रेनों से यात्रा करना किस तरह असुरक्षित हो गया है। अगर ताजा हादसे का कारण आग लगने की अफवाह है, तो भी चलती ट्रेन में अचानक उपजी स्थिति से निपटने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आखिर रेलवे के पास कौन-सा तंत्र है? ताजा घटना से यही साफ हुआ है कि अफवाह से स्थिति बिगड़ी तो उस पर तुरंत प्रतिक्रिया देने वाली रेलवे की कोई टीम नहीं थी। दुर्घटना के बाद औपचारिकता पूरी करने के लिए जांच की घोषणाओं के नतीजे क्या आते हैं और उसके बाद कार्रवाई क्या होती है, इसके बारे में आम लोगों को शायद ही कभी पता चल पाता है। किसी हादसे के बाद रेल महकमे का यह आश्वासन दावों को आईना दिखाता है।

## प्रसंगवश

# किसे 'घुसपैठिया' करार दे कर कानूनी कार्रवाई करेंगे?

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान अस्पताल से घर लौट आए हैं। राजनेताओं की भाषा के मुताबिक, सैफ 'टनाटन' और बिल्कुल स्वस्थ नजर आ रहे हैं। यही हमारी राजनीति की भाषा है। हमारे नेताओं के ऐसे वाहियात और बेमानी विश्लेषण हैं कि वे सैफ पर जानलेवा हमले और बांग्लादेशी अभियुक्त को लेकर



सवाल कर रहे हैं। बहरहाल यह नेताओं के संदेहों और सवालों का क्षेत्र भी नहीं है। हमारा बुनियादी सरोकार यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा एकदम 'राष्ट्रीय' बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे 'प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज' योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं। कानूनन वे 'भारतीय' हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं।

**बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा एकदम 'राष्ट्रीय' बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। सैफ पर हमले ने यह मुद्दा एक बार फिर गरमा दिया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है।**

ऐसे में किसे 'घुसपैठिया' करार देंगे और किस पर 'अवैध प्रवासी' का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं। अधिकतर सीमाएं खुली हैं। हालांकि करीब 77 फीसदी सीमा पर बाड़बंदी का काम किया जा चुका है, लेकिन दोनों देशों के बीच कुछ सीमा-विवाद हैं, कुछ इलाके नदियों से सटे हुए हैं, जहां फेंसिंग नहीं की जा सकती। इन इलाकों के लोग भी बाड़ का विरोध करते रहे हैं। लिहाजा बांग्लादेश से त्रिपुरा, असम, बंगाल के जरिए लोग आते-जाते रहे हैं। पकड़े जाने पर वे खुद को असम, त्रिपुरा के निवासी बताते हैं। दस्तावेज भी होते हैं, तो प्रशासन और पुलिस उन्हें हिरासत में कैसे रख सकते हैं? हमारे देश में ऐसे भी गिरोह सक्रिय हैं, जो फर्जी कार्ड और दस्तावेज बनवा देते हैं। यह भी नए किस्म का भ्रष्टाचार और देशद्रोह है। चूंकि सैफ अली खान वीआईपी शख्स हैं, लिहाजा उन पर हमला करने का यह मामला सुर्खियों में आ गया। अभी तक की जांच में बांग्लादेशी घुसपैठिए को ही 'हमलावर' माना जा रहा है, लिहाजा यह मुद्दा नए सिरे से 'राष्ट्रीय' बन गया। भाजपा के आरोप हैं कि केजरीवाल की पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के दस्तावेज बनवा रही है, ताकि वे 'आप' के ही वोटर बने रहें। बेशक यह भी गंभीर जांच का विषय है। अब देखते हैं कि यह मुद्दा 'राष्ट्रीय फोकस' में आने के बाद किस अंजाम तक पहुंचता है?

# वैश्विक स्तर पर हाई-स्किल्ड जॉब को मिलेगी रफ्तार

## राष्ट्रीय

**डब्ल्यूईएफ की नवीनतम रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई हाई-स्किल्ड नौकरियां पैदा होंगी।नए डिजिटल दौर में भारत हाई-स्किल्ड सेवाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में बड़ी संभावनाएं हैं। गणित के क्षेत्र में भारत के पास बहुत प्रतिभाएं हैं। हमारे हाई-स्किल्ड युवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है।**

**-जयंतीलाल भंडारी -**

भारत की हाई-स्किल्ड नई पीढ़ी देश के तेज विकास और विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली नई आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रही है। यह पीढ़ी, जहां अपनी कौशल प्रतिभा से देश के उद्योग-कारोबार को संवार रही है, वहीं सेवा निर्यात से देश के लिए विदेशी मुद्रा की कमाई कर रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिये ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं और प्रवासी भारतीय दुनिया के अन्य प्रवासियों की तुलना में सबसे अधिक रेमिटेंस (धन) भारत भेज रहे हैं।

वर्ष 2024 में प्रवासी भारतीयों द्वारा 129 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा गया है। भारत ने हाल के वर्षों में करीब दो दर्जन देशों के साथ आव्रजन और रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। इनमें खाड़ी देशों के अलावा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, मॉरिशस, यूके और इटली जैसे देश शामिल हैं। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी सत्या नडेला ने कहा कि नए डिजिटल दौर में भारत हाई-स्किल्ड सेवाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में बड़ी संभावनाएं हैं। गणित के क्षेत्र में भारत के पास बहुत प्रतिभाएं हैं। एआई के कारण नौकरियां जाने के खतरे के डर पर नडेला ने कहा, 'वर्ष 2000 में 40 लाख कॉल सेंटर कर्मचारी थे, लेकिन अब इन कर्मचारियों की तादाद चौगुनी होकर 1.7 करोड़ हो गई है।' विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की नवीनतम रिपोर्ट 'भविष्य की नौकरियों' में कहा गया कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई हाई-स्किल्ड नौकरियां पैदा होंगी। तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव आदि परिवर्तनों के कारण नई हाई-स्किल्ड नौकरियों को रफ्तार मिलेगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में नियोक्ताओं का मानना है कि सेमीकंडक्टर और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उनके परिचालन में बदलाव आएगा, वहीं नियोक्ताओं का यह भी मानना है कि क्वांटम और एन्क्रिप्शन प्रौद्योगिकियों को



अपनाने से उनके परिचालन में भी बदलाव आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है, विश्व स्तर पर एआई कौशल की मांग में तेजी आई है, ऐसी मांग के मद्देनजर भारत और अमेरिका अग्रणी हैं। ऐसे में भारत में सबसे तेजी से बढ़ती जिन नौकरियों की भूमिकाएं होंगी, उनमें बड़े डाटा विशेषज्ञ, एआई और मशीन लर्निंग विशेषज्ञ और सुरक्षा प्रबंधन विशेषज्ञ शामिल हैं। ये सभी नौकरियां वैश्विक रुझानों के साथ निकटता से जुड़ी हुई हैं।

भारत दुनिया की कौशल राजधानी बन रहा है और जरूरतों को देखते हुए अपने युवाओं का कौशल विकास कर रहा है। सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है। इसके तहत कंप्यूटर दक्ष विशेषज्ञ, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में भारत के हाई-स्किल्ड युवा विकसित देशों के उच्च वेतन की तुलना में किफायती दरों पर सेवाओं का निर्यात कर पाने में सक्षम हैं। साथ ही हाई-स्किल्ड नौकरियां लो-स्किल्ड नौकरियों की तुलना में बहुत अधिक आर्थिक लाभ देती हैं और देश के विदेशी-विनिमय में भी योगदान देती हैं। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक, इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच भारत का सेवा निर्यात करीब 180 अरब डॉलर का रहा है।

उम्मीद है कि यह इस वर्ष के अंत तक 400 अरब डॉलर की रिकॉर्ड नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। पिछले पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सेवा निर्यात 340 अरब डॉलर रहा था। हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी), डस्केप रिपोर्ट के मुताबिक, जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1,700 जीसीसी हैं, जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं।

रॉबर्ट हाफ टेक्नोलॉजी की 2025 आईटी वेतन रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे हम 2025 में आगे बढ़ रहे हैं, व्यवसाय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेवलपर और एंड-यूज़र सपोर्ट जैसी भूमिकाओं के साथ-साथ क्लाउड, डेटाबेस प्रबंधन और सिस्टम इंजीनियरिंग और प्रशासन पर केंद्रित भूमिकाओं पर काम कर रहे हैं । पिछले साल तकनीकी उद्योग में बहुत अधिक व्यवधान के साथ, विशेष रूप से उद्यम में एआई का निरंतर उदय, कार्यकारी प्राथमिकताएँ बदल रही हैं, भविष्य के लिए भर्ती पर बढ़ते फोकस के साथ। लेकिन रॉबर्ट हाफ के अनुसार, पिछले साल 49 फीसदी की तुलना में केवल 35 फीसदी पेशेवर सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, अधिक प्रौद्योगिकी प्रबंधक (60 फीसदी) कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुबंध पेशेवरों की ओर रुख कर रहे हैं। यह विशेष रूप से एआई और मशीन लर्निंग; सुरक्षा, गोपनीयता और अनुपालन; और सॉफ़्टवेयर और एप्लिकेशन विकास से जुड़ी भूमिकाओं के लिए सच है।

निश्चित रूप से देश की हाई-स्किल्ड नई पीढ़ी देश के आर्थिक विकास का मजबूत आधार बन रही है। लेकिन अभी हमें हाई-स्किल्ड सेवाओं की और अधिक अपार संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

# अच्छे अंक लाना ही नहीं है शिक्षा का मूल उद्देश्य

## शैक्षणिक

**कोचिंग संस्थानों की शिक्षा प्रणाली में गहराई से झांकने पर यह स्पष्ट होता है कि यहां केवल रट्टा लगाने और अंक हासिल करने की प्रक्रिया को ही महत्व दिया जाता है। हमें शिक्षा को केवल अंक प्राप्त करने की प्रक्रिया से ऊपर उठाकर ज्ञान, समझ और रचनात्मकता के स्तर तक ले जाना होगा। सीखने की नई संस्कृति के लिए बेहतर वातावरण का निर्माण आवश्यक है।**

**- सिकंदर बंसल-**

थ्री इडियट फिल्म का डायलॉग, 'सक्सेस के पीछे मत भागो, काबिल बनो काबिल, सक्सेस झख मार के तुम्हारे पीछे आएगी', सही तरीके से काबिलियत के बलबूते हम अपना झंडा कहीं भी गाड़ सकते हैं। आज हमारे पास शैक्षणिक परिदृश्य में कोचिंग संस्थान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह संस्थान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि इन संस्थानों की शिक्षा प्रणाली में गहराई से झांकने पर यह स्पष्ट होता है कि यहां केवल रट्टा लगाने और अंक हासिल करने की प्रक्रिया को ही महत्व दिया जाता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य- सोचने-समझने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, कहीं न कहीं पीछे छूट गया है। कोचिंग संस्थानों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को परीक्षा में उच्चतम अंक दिलाना है। इसके लिए वे एक विशिष्ट पाठ्यक्रम और अभ्यास सामग्री तैयार करते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में छात्रों की वैकल्पिक सोच और कल्पना शक्ति का विकास नहीं हो पाता। कोचिंग संस्थानों में सीखने की प्रक्रिया इतनी यांत्रिक हो गई है कि यह रचनात्मकता और नवीन विचारों को दबा देती है। यहां हर छात्र को एक जैसा ज्ञान और एक जैसे तरीकों से तैयार किया जाता है, जिससे उनकी मौलिकता कहीं गुम हो जाती है। भारत में, जिसने असमान की ऊंचाई के ऊंचे ख्वाब देख रखे हैं, उन्हें इन सबसे जूझना पड़ रहा है। इंजीनियरिंग के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और मेडिकल की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) आईआईटी व एम्स में प्रवेश पाने के लिए लॉन्चपैड के रूप में काम करती है। यह उनके लिए आशाजनक



करियर और सामाजिक स्थिति का टिकट है।

प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए हर साल कम से कम दो लाख छात्र अकेले राजस्थान के कोटा में ही आते हैं। सबसे पहली बात, क्या हमारी इस सुप्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षा का सरलीकरण नहीं हो सकता है। क्यों 18 से 20 साल का विद्यार्थी अंत में आत्महत्या को मजबूर हो जाता है? क्यों हर साल स्कूलों में ये कोचिंग संस्थानों के लोग उन नाजुक विद्यार्थियों का ब्रेनवाश करने आ जाते हैं? अब समय आ गया है कि कोचिंग संस्थानों के ब्लैक एंड वाइट परिदृश्य को समझना होगा। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, कोटा के छात्रों में मादक द्रव्यों का सेवन, नींद से जुड़ी समस्याएं और चिंता आम बात है। फिर, एक दिन उम्मीदों से बढ़ा प्रेशर कुकर फट जाता है और आसमान को छूने के सपने हाशिए में बदल जाते हैं। शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति के भीतर जिज्ञासा और रचनात्मकता को जगाना होता है। यह छात्रों को केवल विषय का ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें समाज और जीवन के व्यापक संदर्भ में सोचने के लिए प्रेरित करना भी है। लेकिन कोचिंग संस्थान इस दृष्टिकोण से काफी दूर हैं। यहां शिक्षण प्रणाली इस प्रकार की है कि छात्रों का ध्यान केवल परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने पर केंद्रित होता है।

ऐसे माहौल में, छात्र जीवन के अन्य पहलुओं पर ध्यान नहीं दे पाते। यह समस्या एक बड़ी शैक्षणिक व्यवस्था का हिस्सा है, जो अंकों और डिग्रियों को सफलता का पैमाना मानती है। इस प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों पर भारी दबाव रहता है। वे केवल अंक प्राप्त करने के लिए पढ़ाई करते हैं, न कि ज्ञान अर्जित करने के लिए। नीट और जेईई कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या एक गंभीर मुद्दा है, जिसका मुख्य कारण छात्रों पर अत्यधिक मानसिक दबाव है। इन सभी कारकों का संयोजन छात्रों को निराशा और अवसाद की ओर धकेलता है, जो कभी-कभी आत्महत्या का कारण बनता है।

शिक्षा प्रणाली में इस कमी का प्रमुख कारण संस्थानों का पारंपरिक और सख्त ढांचा है। अधिकांश पाठ्यक्रम ऐसे बनाए गए हैं जो व्यावसायिकता पर जोर देते हैं और रचनात्मकता के लिए बहुत कम जगह छोड़ते हैं। शिक्षा केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है। यह एक ऐसी प्रक्रिया होनी चाहिए जो छात्रों को नई चीजों को खोजने के लिए प्रेरित करे। कोचिंग संस्थानों में यह तत्व लगभग गायब है। हमें शिक्षा को केवल अंक प्राप्त करने की प्रक्रिया से ऊपर उठाकर ज्ञान, समझ और रचनात्मकता के स्तर तक ले जाना होगा। शिक्षक छात्रों को केवल तथ्यों और सूत्रों को याद करने के लिए बाध्य न करें, बल्कि उन्हें सोचने और सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें।

## SUDOKU 25

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 9 | | 2 | | 1 | 8 | |
| | | | | | 9 | | | 7 |
| 7 | 4 | | | 5 | | | 2 | 9 |
| | | 4 | | | | | | |
| | | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | | |
| | | | | | | 8 | | |
| 1 | 5 | | | 8 | | | 9 | 3 |
| 9 | | | 5 | | | | | |
| | 6 | 8 | | 3 | | 7 | 5 | |

## SOLUTIONS 24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आर्थिक रूप से मन परेशान रहेगा। हालांकि धैर्य से काम लें, वरना नुकसान हो सकता है। बेवजह के गुस्से से बचें।

**वृषभ :** परिवार का साथ मिलेगा। धैर्य बनाए रखें। कारोबार का विस्तार हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कुटुंब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन भाग्यशाली रहने वाला है। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को तरक्की के साथ आय में बढ़ोतरी मिल सकती है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** आज धर्म की ओर रुझान रहेगा। घरेलू सुख में वृद्धि होगी। किसी शुभ कार्य में रुपए-पैसे खर्च हो सकते हैं। व्यापारियों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है।

**सिंह :** आज खर्चों में वृद्धि होने के कारण सिंह राशि वालों का मन परेशान रह सकता है। मन में उतार-चढ़ाव के भाव आ सकते हैं। ऑफिस में बातचीत में संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**कन्या :** आर्थिक रूप से स्थिर रहेंगे। आज आप आपा खो सकते हैं, इसलिए छोटी बातों को नजरअंदाज करना ठीक रहेगा। व्यापारियों को लाभ के मौके मिलेंगे।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। कार्यस्थल पर कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि मिल सकती है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक :** आज धन लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे, जिनका आप लाभ उठाने में सफल रहेंगे। नौकरी पेशा करने वालों को जॉब के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन सामान्य रहेगा। फिलहाल जरूरी फैसले अभी रोक कर रखें। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी लापरवाही भी आपके लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है।

**मकर :** आज बिना वजह गुस्सा करने से बचना चाहिए। किसी छोटी बात से बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है। कुछ लोगों को लीगल मामलों में खर्च करने की जरूरत पड़ सकती है।

**कुंभ :** मन में आज आशा-निराशा का भाव रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। नौकरी में बदलाव का विचार कर रहे हैं तो फिलहाल के लिए टाल दें। कुछ जातकों को बैंक लोन मिल सकता है।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि भी होगी।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार माघ मास कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्र वृश्चिक राशि में मंगल मिथुन राशि में राशि में बुध मकर राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र और शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल वृश्चिक राशि का नक्षत्र अनुराधा का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाय रजत रहेगा प्रातः 10.30 बजे वृश्चिक राशि का नक्षत्र जेष्ठा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा, दोपहर 4.30 वृश्चिक राशि का नक्षत्र जेष्ठ का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 10.30 बजे वृश्चिक राशि का नक्षत्र जेष्ठ का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा।

**योग :** ध्रुव। **करण :** बब।

**चौघड़िया, शनिवार**

सुबह 6.00 से 7.30............काल
सुबह 7.30 से 9.00............ लाभ
सुबह 9.00 से 10.30............ रोग
सुबह 10.30 से 12.00............ उद्वेग
दोपहर 12.00 से 1.30............ चर
दोपहर 1.30 से 3.00............ लाभ
दोपहर 3.00 से 4.30............ अमृत
शाम 4.30 से 6.00............ काल

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | अनुराधा | चतुर्थ | रजत | वृश्चिक | ने |
| प्रातः 10.30 | जेष्ठा | प्रथम | तांबा | वृश्चिक | नो |
| दोपहर 4.30 | जेष्ठा | द्वितीय | तांबा | वृश्चिक | या |
| रात्रि 10.30 | जेष्ठा | तृतीय | तांबा | वृश्चिक | यी |

**राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊँ क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिण कालिके नमः।।

**पं. अरविंद तिवारी**

## जीवन दर्शन

# मन स्थिर हो तो आनंद का अनुभव होता है

हमें रोजाना ध्यान-अभ्यास करने की आदत को विकसित करने की जरूरत है, तभी हम अपना ध्यान अंतर की ओर केंद्रित कर सकते हैं और लंबे समय तक प्रभु की मीठी याद में बैठ सकते हैं। जैसे ही हम अपने शरीर और मन को स्थिर करते हैं, हम प्रभु की ज्योति और प्रेम का अनुभव करने लगते हैं।

हम जीवन को जितना समझते हैं, जीवन उससे कहीं अधिक है। मनुष्य रूप में हमें जो जन्म मिला है, वह अपनी आत्मा को जानने और उसका मिलाप परमात्मा से कराने के लिए है। इस प्रक्रिया को हम ध्यान-अभ्यास कहते हैं।

**जब यह पता होगा कि आत्मा को परमात्मा में लीन कराना है, तभी हम आध्यात्मिक यात्रा शुरू करेंगे। इसी यात्रा में हम परमात्मा का अनुभव कर सकते हैं। इसके लिए ध्यान को अंतर में केंद्रित करने की सही तकनीक को सीखने की जरूरत है।**

जब हम अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर अंतर में केंद्रित करते हैं, तब हमारे लिए आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया खुल जाती है। तब हम परमात्मा की ज्योति और प्रेम से जु? सकते हैं। शांत होकर बैठने की प्रक्रिया दिखने में आसान लगती है, लेकिन जब हम ध्यान-अभ्यास के लिए बैठते हैं, तब पाते हैं कि कई रुकावटें हमारे रास्ते में आती हैं। जैसे ही हमें अपने अंतर में कुछ अनुभव होता है, तब हमें यह भ्रम होता है कि हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। जबकि हम केवल रास्ते के एक मो? तक ही पहुंचे होते हैं।

जैसे ही हम परमात्मा की ओर जाने वाले रास्ते पर कदम बढ़ाते हैं, हमारा मन हमें अंतर में कई मुसीबतों और बाधाओं में डाल देता है। मन से उत्पन्न होने वाले विचार और इच्छाएं हमें विचलित कर हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटका कर दूर कर देते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान हममें से बहुत से लोग शरीर या मन को स्थिर नहीं कर पाते। हम एक या दो दिन की कोशिश के बाद शायद हार मान जाते हैं क्योंकि हम लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकते हैं। लेकिन जब हमें इसका अभ्यास हो जाता है तो हम अपने आपको आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया के नजारों और आवाजों का आनंद लेते हुए पाते हैं। इसे महसूस करने की जरूरत है।

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

## संक्षिप्त खबरें

### बालिका दिवस पर 17 पुलिसकर्मी सम्मानित




**भोपाल।** पीएचक्यू के सामुदायिक पुलिसिंग विभाग ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों, संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा 500 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इस मौके पर एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग मीनाक्षी शर्मा ने बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर दिन बालिका दिवस होना चाहिए, और किसी भी बालिका या महिला के साथ हिंसा या भेदभाव नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग के तहत उत्कृष्ट काम करने वाले 17 पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

### 14 विभूतियों का 26 जनवरी को होगा सम्मान

**विसं भोपाल।** गणतंत्र दिवस पर संस्कृति विभाग कई विभूतियों को राष्ट्रीय सम्मान से अंलकृत करेगी। देश भर से चिन्हित 14 विभूतियों को राजधानी के रविन्द्र भवन में सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा बीते दिनों की गई थी। इन सम्मानों का अलंकरण समारोह 26 जनवरी को रवीन्द्र भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है।जिसमें 14 विशिष्ट जनों को राष्ट्रीय इकबाल सम्मान, राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान, राष्ट्रीय कबीर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, राष्ट्रीय देवी अहिल्या बाई सम्मान, राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान, राष्ट्रीय तुलसी सम्मान, राष्ट्रीय नानाजी देशमुख सम्मान प्रदान किए जाएंगे। संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि संस्कृति विभाग के प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति के क्षेत्र में सुदीर्घ साधना एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय इकबाल सम्मान वर्ष 2022 से अब्दुस समद - पटना को अलंकृत किया जाएगा। राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान वर्ष 2022 से ग्वालियर की विवेकानंद नीडम संस्था और वर्ष 2023 से भारत भारती शिक्षा समिति, बैतूल को अलंकृत किया जाएगा।

### नारी सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्धः शर्मा

**विसं भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि राज्य की भाजपा सरकार बाबा साहब अंबेडकर के सामाजिक समरसता और देवी अहिल्याबाई के नारी सशक्तिकरण के कार्यों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। शराबबंदी का निर्णय जनभावनाओं को देखते हुए लिया गया है। शर्मा शुक्रवार को बीजेपी दफ्तर में पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का शराबबंदी का निर्णय धार्मिक नगरों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए ऐतिहासिक कदम है। यह निर्णय यह दर्शाता है कि हमारी सरकार जनभावनाओं को ध्यान में रखकर उनका सम्मान करते हुए कार्य करती है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 55 वर्ष शासन किया, लेकिन संविधान बनाने वाले बाबा साहब को कांग्रेस ने कभी भारत रत्न नहीं मिलने दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतार रही है। सरकार युवा और किसानों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है।

### गणतंत्र दिवस परेड में दुनिया देखेगी चीता वापसी की झलक

**भोपाल।** नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में मध्यप्रदेश की आकर्षक झांकी में इस बार कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में हुई चीता की वापसी की झलक दुनिया के सामने प्रदर्शित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार की वन्यजीव संरक्षण के लिये प्रतिबद्धता को दोहराया है। उल्लेखनीय है कि अंतरमहाद्वीपीय वन्यजीव स्थानांतरण की ऐतिहासिक पहल है। यह 1950 के दशक में विलुप्त हो गए चीते की आबादी को फिर से स्थापित करने में भारत को मिली ऐतिहासिक सफलता है। अफ्रीका से स्वस्थ चीतों की परिवहन प्रक्रिया भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक मील का पत्थर है।

# सबसे पहले ई सम्मन व्यवस्था मप्र में: सीएम

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के बाद मंडलेश्वर में आम सभा को किया संबोधित



**विशेष संवाददाता भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शराब, सामाजिक बुराई है, इससे पारिवारिक स्तर पर समस्याएं होने के साथ ही समाज में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होते हैं। इसलिए सरकार ने 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में शराबबंदी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है,जहां पर ई-सम्मन व्यवस्था लागू की गई है।

सीएम शुक्रवार को महेश्वर में कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई ने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए। तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। बंदी जेल में विद्यमान क्यूबिक से ही न्यायालयीन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि उन्हें न्यायालय न जाना पड़े। इसी प्रकार चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से ही बयान दर्ज कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इन नवाचारों से पुलिस बल को कई प्रक्रियागत कार्यों में सुविधा मिलेगी और पुलिस के लगभग 30 प्रतिशत कार्य व समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में ली गई बैठक में नए कानूनों के क्रियान्वयन की दृष्टि से प्रदेश की अग्रणी व आदर्श राज्य के रूप में सराहना हुई। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ पुणे में गत दिवस हुए इंटरैक्टिव सेशन के संबंध में भी जानकारी दी।

### 450 करोड़ का घटेगा राजस्व

अगले वित्त वर्ष यानि कि 1 अप्रैल 2025 से जैसे ही प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों की शराब की सभी तरह की 47 दुकानें बंद होगी,वैसे ही सरकार शराब से मिलने वाले राजस्व में 450 करोड़ की कमी आ जाएगी।

### उमा ने किए थे पवित्र नगर

प्रदेश की सत्ता जब पूर्व सीएम उमा भारती के हाथों में थी,तब उनके द्वारा राज्य के 17 शहरों को पवित्र धार्मिक नगर घोषित किया गया था। बाद में बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में इन नगरों को धार्मिक शहर बताते हुए वहां कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे।

### अहिल्या घाट में पूजन, गौशाला भी देखी

मुख्यमंत्री ने महेश्वर में अहिल्या घाट में अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ नर्मदा दर्शन पूजन किया। इससे पहले सीएम अहिल्या किला भी गए और राजगद्दी के दर्शन भी किए। कैबिनेट की बैठक के दौरान सीएम ने अपने पास माता अहिल्याबाई की तस्वीर रखी। सीएम ने भोपाल लौटने से पूर्व माधव सेवा आश्रम गोशाला जाकर गोवंश की पूजा की।

### जानापाव योजना का नाम अहिल्याबाई पर

धार्मिक नगरी महेश्वर में कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंडलेश्वर में एक आम सभा को संबोधित किया। उन्होंने एक हजार करोड़ रुपये की महेश्वर जानापाव सिंचाई योजना का मंच से नाम बदल कर देवी अहिल्या सिंचाई योजना रखने की घोषणा की। उन्होंने देवी अहिल्या को याद करते हुए कहा कि मुगल काल में अच्छे अच्छे राजा जनेऊ छिपाने लगे थे।अपना टिका मिटाने लगे थे, लेकिन अहिल्या बाई ने धर्म की ध्वजा थाम कर मान बढ़ाया। अहिल्या ने खुद के निजी कष्टों पर कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया। उन्होंने अपना जीवन जनता के लिए जिया और सुशासन दिया।

### मतदान दिवस पर आज लेंगे शपथ

**भोपाल।** प्रदेश के सभी 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर 25 जनवरी 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में स्टेट आइकॉन राजीव वर्मा, गोविंद नामदेव, श्रीमती दिव्यांका त्रिपाठी दाहिया, सुश्री संजना सिंह और सुश्री देशना जैन उपस्थिति रहेंगी। सिंह ने बताया कि 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 का संचालन, लोकसभा निर्वाचन-2024 के संचालन में कानून व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा।

## यूथ कांग्रेस का यंग इंडिया कार्यक्रम शुरु

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने विशेष कार्यक्रम 'यंग इंडिया के बोल' 5वें सीजन का शुभारंभ किया । इस मौके पर युवाओं का कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि युवा कांग्रेस लगातार देश के युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष करती आ रही है। देश में युवाओं के हालात कैसे बदलें, उनकी समस्याओं को कैसे हल किया जाए, हम उसके लिए कई तरह के रचनात्मक प्रोग्राम भी करते रहे हैं। यंग इंडिया के बोल देश भर के नौजवानों को अपना पक्ष रखने और हमारे साथ जुड़ने का एक मंच है। इस मंच में युवा बेरोजगारी के खिलाफ अपनी बात रखेंगे जिस प्रकार आज देश में युवाओं की बातों को दबाया जाता है, उनके अधिकारों को छीना जाता है। युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बोल के माध्यम से उन युवाओं को अपनी बात रखने और अपने हक अधिकार को मांगने का एक जरिया बनने का काम कर रही है।

अभिज्ञान शुक्ला ने कहा कि 'इन भयावह घटनाओं ने भारतीय युवा कांग्रेस को प्रेरित किया है कि वह देश के युवाओं को भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष में शामिल करे। इस वर्ष 5वें सीजन का मुख्य फोकस भाजपा सरकार की नशे की समस्या और बेरोजगारी से निपटने में पूर्ण विफलता पर होगा। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अभियान 'नौकरी दो, नशा नहीं' के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं, छात्रों, जमीनी कार्यकर्ताओं और राजनीति के प्रति उत्साही लोगों को एक मंच प्रदान करना है।

# अपराधों को कम करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी, 45 सीटें बढ़ी

## एमएससी डिजिटल फारेंसिक की 25 सीटों पर आगामी सत्र 2025-26 से मिलेगा प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) में एमएससी डिजिटल फारेंसिक की 25 सीटों पर आगामी सत्र 2025-26 से प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही बीएससी-एमएससी फारेंसिक साइंस ड्योल डिग्री और एमएससी फारेंसिक साइंस को दस-दस अतिरिक्त सीटों की मंजूरी भी दी गई है। आगामी सत्र में विवि 45 कोर्स के साथ अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश देगा। शुक्रवार को विवि की बॉउंड्रीवाल के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डीन (अकादमिक) डॉ. राजेश सिंह यादव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और इस निर्माण कार्य को परिसर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जो कि की देश भर में फॉरेंसिक एक्सपर्ट की कमी को पूरा करने एवं अपराधों को कम करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। एनएफएसयू के परिसर के लिए राज्य सरकार द्वारा 27 एकड़ भूमि के आवंटन की प्रक्रिया पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में इसके निर्माण कार्य का जिम्मा सीपीडब्लूडी को दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के ओएसडी (प्रशासन) गुप कैप्टन विवेक दुबे ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। परिसर के विद्यार्थियों द्वारा पूजन कर बॉउंड्रीवाल के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर मप्र पुलिस अकादमी भौंरी के सहायक निदेशक नीरज पांडे, सीएफएसल भोपाल की उप-निदेशक भारती आर्या सहित अन्य वैज्ञानिक एवं पुलिस अधिकारीगण, डॉ. रिजवान बेग, डॉ. राजेंद्र पंवार, विचार मिश्रा, डॉ मीना लक्ष्मी, डॉ स्नेहा एनएफएसयू भोपाल परिसर से समस्त शैक्षणिक, प्रशासनिक और कार्यालयीन कर्मचारीगण, शोधार्थी, विद्यार्थी और पूर्व विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।



### गांधी नगर विवि ने स्वीकार किया कोर्स

भोपाल यूनिवर्सिटी का कैंपस अपनी रिपोर्ट गुजरात के गांधीनगर में फारेंसिक विवि के कुलपति को करेगा। गांधी नगर विवि में फॉरेंसिक साइंस, मेडिको लीगल, विहैवियरल साइंस, साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फारेंसिक, पुलिस साइंस एंड सिक्योरिटी, फार्मेसी मैनेजमेंट, लॉ-फारेंसिक के अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहे हैं। अपने कोर्स की संख्या बढ़ाने भोपाल विवि ने एमएससी डिजिटल फारेंसिक कोर्स को डिजाईन का उसमें आगामी सत्र 2025-26 से प्रवेश देने के लिए प्रस्ताव गांधीनगर विश्वविद्यालय भेजा था, जिसकी मंजूरी दे दी गई है। अब विवि भोपाल में कोर्स की मान्यता मिलने से एमएससी डिजिटल फारेंसिक की 25 सीटों पर प्रवेश दे सकेगा।

> वर्तमान में लगातार साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। उनकी रोकथाम करने के लिऐ एमएससी डिजिटल फारेंसिक कोर्स काफी सहयोगी साबित होगा। वहीं पुरानी पद्धति से होने वाले अपराधों का खुलासा करने के लिए फारेंसिंक विवि राष्ट्र को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। आगामी सत्र से शुरू होने वाला कोर्स विद्यार्थियों को काफी उपयोगी साबित होंगे।
>
> ■ **डॉ सतीश कुमार**, भोपाल कैंपस डायरेक्टर

## अगले वित्त वर्ष के लिए सरकार की तैयारी

# प्रदेश की 20 फीसदी शराब दुकानों की बढ़ेगी लाइसेंस फीस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी की घोषणा के बाद अब शराब दुकानों की लाइसेंस फीस 20 फीसदी बढ़ाने की तैयारी में है। जानकारों का कहना है कि भले ही 17 दुकानें पूरी तरह से बंद हो जाए,लेकिन इससे सरकार का शराब से मिलने वाला राजस्व नहीं घटेगा। जानकारी के अनुसार सरकार नए वित्त वर्ष 2025-26 में शराब दुकानों की लाइसेंस फीस 20 फीसदी बढ़ाने का तैयारी कर रही है। इससे सरकार की शराब की दुकानों से होनी वाली राजस्व आय में बढ़ोत्तरी होगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में देशी विदेशी शराब मिलाकर 3601 दुकानें है। सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इन शराब की दुकानों से करीब 14000 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभागीय सूत्रों की माने तो इसके लिए सरकार अगले वित्त वर्ष में लाइसेंस शुल्क में 20 फीसदी बृद्धि कर सकती है। ऐसे में सरकार की आय बढ़कर 16800 करोड़ होने का अनुमान है। इस तरह नए वित्त वर्ष में सरकार की शराब से कमाई 2800 करोड़ रुपये बढ़ सकती है। इस राजस्व में से धार्मिक नगरों की बंद होने वाली दुकानों की कमाई 450 करोड़ रुपये कम कर दी जाए तो भी सरकार को 2350 करोड की कमाई ज्यादा होने का अनुमान है। विभाग से जुड़े जानकारों की माने तो सरकार ने अपनी नीति में बदलाव कर शराब दुकानों का निष्पादन रिन्यूअल, ई-लॉटरी और फिर टेंडर प्रक्रिया से कराएगी। ऐसे में वर्तमान वर्ष की दुकानों के मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर अगले वित्तीय वर्ष के लिए मूल्य का निर्धारण किया जाएगा। बताया गया है कि जिलों में 80 प्रतिशत दुकानों के रिन्यूअल के आवेदन मिलने पर ही रिन्यूअल की अनुमति दी जाएगी। 80 प्रतिशत से कम रिन्यूअल के आवेदन मिलने पर दुकानों का टेंडर से निष्पादन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष सरकार ने रिन्यूअल के लिए दुकानों के मूल्य में 15 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

### स्मार्ट वेयरहाउस बनेंगे

जानकारी के अनुसार सरकार अगले वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी शराब के वेयरहाउस की व्यवस्था को ऑटोमेशन के तहत स्मार्ट वेयरहाउस में बदलेगी। अब जो भी शराब गोदाम में आएगा और उसे दुकानों तक भेजा जाएगा,उसका पूरा रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से रिकॉर्ड में रहेगा।

### पीओएस मशीनों से होगी शराब की बिक्री

सरकार नए वित्तीय वर्ष के दौरान शराब की दुकानों पर पीओएस मशीन लगवाएगी। जिसके माध्यम से ही शराब की सेल और बिलिंग का रिकॉर्ड रखा जाएगा। साथ ही ट्रैक एंड ट्रैस सिस्टम को लागू किया जाएगा। इसे अवैध और नकली शराब की बिक्री प रोक लगेगी और रिकॉर्ड की मॉनीटरिंग होगी।

# नीट पीजी काउंसलिंग च्वाइस फिलिंग पर अटकी, उम्मीदवारों को सता रहा देरी का डर

## 23 से शुरू होना थी प्रक्रिया, डीएमई ने की पोस्टपोन



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग का दूसरा चरण फिलहाल अटक गया है। दूसरे राउंड के तहत गुरुवार से शुरू होने वाली च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया को डीएमई द्वारा पोस्टपोन कर दिया गया है। इसके पीछे तकनीकी कारण बताया गया है। दो दिन गुजर जाने के बाद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। काउंसलिंग में हो रही देरी के कारण उम्मीदवारों को अब डर सताने लगा है। उनका कहना है कि काउंसलिंग जितनी देर से खत्म होगी, उतनी ही देर से शैक्षणिक सत्र शुरु होगा। इसका नुकसान हमें तीसरे वर्ष में जाकर उठाना पड़ेगा, जब हम आगे की पढ़ाई के लिए लेट हो जाएंगे। इस बारे में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारी भी स्पष्ट रूप से छात्रों के सवालों के जवाब नहीं दे रहे हैं।

### मैरिट लिस्ट को कर रहे वैरीफाई

काउंसलिंग के दूसरे चरण में च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया को पोस्टपोन किए जाने पर संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि एनआरआई कोटा की काउंसलिंग में जो गड़बड़ी हुई है, उसके बाद कुछ उम्मीदवारों के नाम सूची से हटाए गए हैं। नाम हटाने के कारण मप्र की मैरिट लिस्ट में कुछ बदलाव हुआ है, जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि हमारे स्तर पर कुछ कमी रह जाए और फिर बाद में वह इश्यू बने। मैरिट लिस्ट को ठीक करवाकर शनिवार से काउंसलिंग शुरू कराई जाएगी।

### तेलंगाना एक दिन में कर रहा प्रक्रिया पूरी

काउंसलिंग में हिस्सा ले रहे कुछ छात्रों ने बताया कि तेलंगाना जैसे राज्य जहां काउंसलिंग समय पर करवाने के लिए 1 दिन की चॉइस फिलिंग और 1 दिन में रिजल्ट निकाल रहे है। वहीं मध्य प्रदेश सबसे पीछे होने के बावजूद 4 दिन चॉइस फिलिंग और 3 दिन रिजल्ट बनाने में ले रहा है। पहले चरण में भी देरी होने के बावजूद लंबे समय तक धीमी गति से काउंसलिंग करवाने के कारण उम्मीदवारों को आर्थिक और एकेडमिक हानि का सामना करना पड़ा। इधर, ऑल इंडिया काउंसलिंग का तीसरा चरण 3 फरवरी से पहले समाप्त हो जाएगा। इससे पहले यदि प्रदेश में दूसरा चरण नहीं समाप्त हुआ तो इसका सीधा नुकसान प्रदेश के मेडिकल स्टूडेंट्स पर पड़ेगा। बता दें, अभी प्रदेश के आठ निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल 741 सीटें और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 439 सीटें खाली हैं।

**फैसला** | सुरक्षा में तैनात होंगे 52 नए पुलिस डॉग्स, अगले महीने से होगी ट्रेनिंग शुरू

# देशी से तौबा, अब विदेशी डॉग्स पर ही जांच का भरोसा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी में विदेशी नस्ल के ही डॉग्स को सुरक्षा के नजरिए से तैयार किया जाएगा। ऐसा देसी ब्रीड के डॉग्स की कमजोर परफोर्समेंस के कारण हुआ है। 2021 में पुलिस ने पहली बार देसी नस्ल के 20 डॉग्स खरीद लिए थे। लेकिन इनमें से लगभग आधा दर्जन डॉग ट्रेनिंग ही पूरी नहीं कर पाए। नतीजतन देसी मूल के कुछ श्वान भोपाल स्थित 23 वीं बटालियन के डॉग ट्रेनिंग स्कूल में ही रह रहे हैं। इनकी पोस्टिंग ही नहीं की गई। इनकी कमजोर क्षमता की वजह से एमपी पुलिस विदेशी नस्ल के डॉग्स पर ही भरोसा जता रही है। बटालियन के कमांडेंट कुमार प्रतीक के अनुसार देसी नस्ल के श्वानों की तुलना में विदेशी ब्रीड के डॉग्स को न केवल ट्रेनिंग देना आसान है बल्कि वे ज्यादा प्रभावी होते हैं और उनकी कार्यक्षमता भी अधिक हैं।





छायाः एचसी वर्मा

### एक ही हैंडलर संभालता है जिम्मेदारी

पुलिस के डॉग्स को ट्रेनिंग के बाद जरूरत के मुताबिक जिला पुलिस बल, जीआरपी को सौंपा जाता है। इन डॉग्स को ट्रेनिंग देने वाला प्रशिक्षक हैंडलर कहलाता है। जो भी हैंडलर डॉग को ट्रेनिंग देता है, उसकी पोस्टिंग डॉग के ही ड्यूटी स्थल पर कर दी जाती है। अमूमन एक डॉग का कार्यकाल दस साल का होता है और वह एक ही हैंडलर के साथ काम करता है। डॉग के रिटायर होने के बाद ही हैंडलर को दूसरा डॉग दिया जाता है। इसी तरह अगर हैंडलर डॉग से पहले रिटायर हो जाता है तभी डॉग के लिए नया हैंडलर को रखा जाता है।

### ये ट्रेनिंग का शेड्यूल और खान-पान

पुलिस डॉग स्कूल के इंस्पेक्टर पीएन शर्मा के अनुसार डॉग्स की तीन माह की साल से कम उम्र में ट्रेनिंग शुरू कर दी जाती है। रोज सुबह ठीक साढ़े छह बजे डॉग्स को कैनाल से बाहर निकाला जाता है। इसके बाद उन्हें तैयार कर फील्ड पर लाया जाता है। सुबह 8 से 11 बजे तक इनकी तीन घंटे की कठिन ट्रेनिंग होती है। इसके बाद इन्हें थोड़ी देर आराम करने के लिए वापस कैनाल में ले जाया जाता है। दोपहर ढाई बजे से शाम 6 बजे तक ट्रेनिंग होती है।

### ट्रेनिंग के दौरान सिखाए जाते हैं ये गुर

**ट्रेकर** - मर्डर, चोरी जैसे केस को सुलझाने के लिए ट्रेकर ट्रेनिंग दी जाती है।

**स्निफर** - इस तरह की ट्रेनिंग विस्फोटकों का पता लगाने के दी जाती है। ऐसी ट्रेनिंग के बाद डॉग्स को वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात किया जाता है।

**नारकोटिक्स**- इसमें श्वानों को मादक पदार्थ खोजने की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा लिकर (शराब) और प्रतिबंधित कफ सीरप भी पकड़ने की ट्रेनिंग भी शामिल।

**एनिमल डिटेक्शन** - इस तरह की ट्रेनिंग वन विभाग के डॉग्स को दी जाती है। इसमें वन्य जीवों की सुरक्षा और लकड़ी तस्करों से निपटने का प्रशिक्षण शामिल है।

## पेज एक की खबरों का शेष

### सिविल जज...

फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस ने जनहित याचिका दायर की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और विनायक प्रसाद शाह ने तर्क दिया कि मप्र सिविल जज भर्ती परीक्षा नियम-1994 और इसके संशोधन (23/06/23) में आरक्षित वर्ग (ओबीसी, एससी-एसटी) को प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में अंकों में छूट का प्रावधान है, लेकिन विज्ञापन और नियमों में इस छूट को लागू नहीं किया गया, जो संविधान के अनुच्छेद 14, 16, और 335 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि 17 नवंबर, 2023 के विज्ञापन में कुल 195 पदों में से 134 बैकलॉग पद और 61 नए पद बताए गए हैं। इनमें 17 अनारक्षित बैकलॉग पदों का उल्लेख किया है, जो संविधान की भावना अनुरूप नहीं है।

### धार्मिक स्थलों...

विश्वविद्यालय को विधि संकाय के लिए यह राशि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय को एक्सीलेंट सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम डॉ. यादव ने कहा, भाजपा सरकार में महू को तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया है।

**लाडली बहनों का खुलेगा यूपीआई खाताः** लाडली बहनों को यूपीआई खाते खोलने और सुरक्षित प्रथाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने ऑनलाइन प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने तय किया है कि राज्य के जिस अंचल में खराब कनेक्विटी है, वहां की गर्भवती महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय खोले जाएंगे। प्रसव पूर्व परामर्श और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के प्रयास भी होंगे। 10 साल की स्कूली शिक्षा प्राप्त बेटियों के प्रतिशत में मौजूदा 29.3 प्रतिशत अंक सुधार पर भी फोकस किया जाएगा।

### 5 राज्यों में फिटजी

महाराष्ट्र में 300 सेंटर बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली में एफआईआरः सेंटर में पढ़ रहे बच्चों के पेरेंट्स ने दिल्ली में एफआईआर दर्ज करवाई है। पेरेंट्स का कहना है कि इंस्टीट्यूट के अचानक बंद होने से उनके बच्चों की पढ़ाई खतरे में पड़ गई है। इसमें कई सेंटर्स पर आरोप है कि कोचिंग सेंटर्स के टीचर्स को सैलरी नहीं दी गई है।

१९९२ में शुरुआतः 1992 में आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र डीके गोयल ने फिटजी की शुरुआत की थी। यह संस्थान इंजीनियरिंग और विज्ञान की परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए मशहूर था।

## संक्षिप्त समाचार

### 130 करोड़ के बंगले में रहते हैं वीरेन्द्र सहवाग



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिग्गज क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और उनकी पत्नी आरती अहलावत को लेकर चौंकाने वाली खबरें आ रही हैं। कई मीडिया रिपोर्ट में वीरेंद्र सहवाग और आरती के अलग होने की बात कही जा रही है। दोनों की शादी साल 2004 में एक सादा समारोह के दौरान हुई थी। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि दोनों पिछले कई महीने से अलग रह रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग के पास कुल 340 से 350 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वह देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। सहवाग का दिल्ली के हौज खास इलाके में शानदार घर है, जिसका नाम कृष्णा निवास रखा गया है। उनके इस बंगले की कीमत करीब 130 करोड़ रुपये है।

### अमेरिका से नागरिकों को वापस लाएगा विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद अमेरिका अवैध प्रवासियों पर सख्त है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लगभग 18 हजार भारतीय नागरिकों को वापस भेजा जा सकता है। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी पूरे घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत अवैध आव्रजन के खिलाफ है, क्योंकि अवैध आव्रजन संगठित अपराध से जुडा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा अमेरिका समेत किसी भी जगह निर्धारित समय से अधिक और बिना उचित दस्तावेज के रहने वाले भारतीय नागरिकों को हम वापस लाएंगे। मगर शर्त यह है कि उनकी राष्ट्रीयता को सत्यापित करने वाले आवश्यक दस्तावेजों को हमारे साथ साझा किया जाए। रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत और बहुआयामी हैं।

### महाराष्ट्र को मिलेगा एक और डिप्टी सीएम : राऊत



**मुंबई, जेएनएन।** शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने अपने बयान से महाराष्ट्र की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने कहा- महाराष्ट्र में अब दो नहीं बल्कि तीन उप मुख्यमंत्री होने वाले हैं। राउत ने यह दावा भी किया है कि नया डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना से ही कोई नेता होगा। दरअसल, संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा, ये लाचार और डरपोक लोग हैं। ये ईडी-सीबीआई के डर से भाग गए थे। मोदी-शाह इनको भी नहीं छोड़ेंगे। जल्द ही महाराष्ट्र को नया डिप्टी सीएम मिलने वाला है।

# संगम तट पर किया पिंडदान, अब कहलाएंगी ममता नंदगिरि, किन्नर अखाड़े ने दी महामंडलेश्वर की पदवी

**प्रयागराज, जेएनएन।** बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी किन्नर अखा?ा की महामंडलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह यामाई ममता नंद गिरि कहलाएंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक रह गया है। 53 साल की ममता आज सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंची थीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी देने का ऐलान किया। इसके बाद महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को लेकर अखिल भारतीय अखाड़े के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के पास पहुंचीं। ममता और पुरी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अखाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। फिर उनके महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। किन्नर अखाड़े ने ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर पूरी गोपनीयता बरती है।







### अमेरिका और इटली की महिलाओं ने ली दीक्षा

अमेरिका और इटली से आईं दो महिलाओं ने गंगा के तट पर नागा संन्यास की दीक्षा ली। एक की उम्र 55 साल है, जबकि एक युवा अवस्था में है। दीक्षा के बाद अमेरिका की महिला को कामाख्या देवी और इटली की महिला को शिवानी नाम दिया गया।

### 100 महिलाएं बनी संन्यासी

प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी समेत 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं। इनकी जिंदगी बदल गई है। संगम घाट पर अपने केश कटवाए। फिर जीते जी खुद का और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान किया है। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिनमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था। गंगा स्नान के बाद उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सिले श्वेत वस्त्र धारण किए। आचार्य महामंडलेश्वर मंत्र दिया। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी।





### हर्षा रिछारिया कभी करती थी एंकरिंग

प्रयागराज महाकुंभ से इन दिनों एंकर से साध्वी बनी हर्षा रिछारियां की तस्वीरें और वीडियोज खूब सोशल मीडिया पर वायरल हुए सोशल मीडिया पर लोग उनके वीडियो पर कमेंट कर उन्हें महाकुंभ की सबसे खूबसूरत साध्वी बता रहे हैं। साध्वी हर्षा रिछारिया है, जो आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंदगिरी जी महाराज की शिष्य हैं। वह 2 साल पहले ही साध्वी बनी हैं। जब आप हर्षा के इंस्टाग्राम अकाउंट को देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि वह साध्वी के साथ-साथ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं। वैसे, हर्षा का इंस्टाग्राम अकाउंट देखकर हैरान मत हो जाइएगा, क्योंकि उनका अकाउंट इंस्टा पर एंकर हर्षा रिछारिया के नाम से है। दरअसल, हर्षा साध्वी बनने से पहले एक मॉडल और सेलिब्रिटी एंकर भी रह चुकी हैं।

# ऑफिस में महिलाकर्मी के साथ अनचाहा व्यवहार भी यौन उत्पीड़न

**मद्रास हाईकोर्ट**

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ अवांछित व्यवहार भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने कहा कि उत्पीड़नकर्ता की मंशा चाहे जो भी हो, यह कृत्य आपराधिक कृत्य है। दरअसल, न्यायमूर्ति आर.एन. मंजुला ने इस बात पर जोर दिया कि पीओएसएच अधिनियम यौन उत्पीड़न के पीछे के इरादे की तुलना में उसके कृत्य को प्राथमिकता देता है। कोर्ट ने कहा कि कार्य स्थल पर अवांछित व्यवहार यौन उत्पीड़न है, चाहे उत्पीड़क का इरादा कुछ भी हो। यदि कोई बात अच्छी तरह से स्वीकार नहीं की जाती है तो यह अनुचित है और दूसरे लिंग, यानी महिलाओं को प्रभावित करने वाले अवांछित व्यवहार के रूप में महसूस की जाती है, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह यौन उत्पीड़न की परिभाषा के अंतर्गत आएगा। कोर्ट ने अमेरिकी अदालत के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा। हाईकोर्ट ने कहा कि तर्कसंगतता का मानक एक ऐसा पैमाना है जिसे महिलाओं द्वारा तथा उनकी भावनाओं के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए, न कि इसके विपरीत होना चाहिए।




### मद्रास हाईकोर्ट ने पलटा फैसला

लेबर कोर्ट के बाद पूरा मामला मद्रास हाईकोर्ट पहुंचा। पूरे मामले में कोर्ट ने यौन उत्पीड़न की परिभाषा को और स्पष्ट किया और लेबर कोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि नीयत से ज्यादा एक्शन महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पीड़न करने वाले की नीयत चाहे जो भी हो, कार्यस्थल पर किसी का अवांछित व्यवहार यौन उत्पीड़न है।

### दूसरे को अवांछित महसूस कराना गलत

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि यह मौलिक अनुशासन और समझ है जिसके साथ अलग-अलग लिंगों के कर्मचारियों से एक-दूसरे के साथ बातचीत करने की अपेक्षा की जाती है, जहां शालीनता ही मापदंड है और कुछ नहीं। कोर्ट ने कहा कि यह वह शालीनता नहीं है जो अपराधी अपने भीतर सोचता है, बल्कि यह है कि वह दूसरे लिंग को अपने कार्यों के बारे में कैसा महसूस कराता है।

### क्या है मामला

पूरा मामला ऑफिस में यौन उत्पीड़न से जुड़ा हुआ है। एचसीएल टेक्नॉलजीज की 3 महिला कर्मचारियों ने एक शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका सीनियर उसके साथ अनचाहा व्यवहार करता है। इसके खिलाफ इन महिलाओं ने आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई थी। महिलाओं ने अपने शिकायत में कहा था कि उनका सीनियर उनके पीछे बहुत सटकर खड़ा होता है। वहीं, सीनियर उनके कंधों को छूता है हाथ मिलाने पर जोर देता है। हालांकि, सीनियर ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर साफाई भी दी और कहा कि उसकी मंशा महिलाओं को असहज करने की नहीं थी। उसका काम है अपने अधीनस्थों के काम की निगरानी करना। इस वजह से वह पीछे खड़ा हो कर काम देखता है। वह किसी को बिना डिस्टर्ब किए अपना काम करता था। इस मामले में आईसीसी ने शख्स को दोषी करार दिया।

**दिल्ली हाई हाईकोर्ट**

### मुस्लिम से शादी करने पर महिला का धर्म नहीं बदल जाता




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद का निपटारा करते हुए अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने किसी मुस्लिम शख्स से शादी कर लेने मात्र से किसी महिला का हिन्दू से इस्लाम में अपने आप धर्मांतरण नहीं हो जाता। जस्टिस जसमीत सिंह एक व्यक्ति की पहली पत्नी की बड़ी बेटी द्वारा उनकी दूसरी पत्नी के दो बेटों के खिलाफ संपत्ति बंटवारा विवाद की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें उन्होंने यह टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता महिला को पिता की संपत्ति में से 1/5वां हिस्सा देने का आदेश दिया। दरअसल, पुष्पलता नामक महिला ने 2007 में अपने सौतेले भाइयों के खिलाफ संपत्ति विवाद में मुकदमा दायर किया था। पुष्पलता अपने पिता की पहली पत्नी की सबसे बड़ी बेटी है। पिता ने दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी से हुए दोनों बेटे पिता की संयुक्त संपत्ति बेच रहे थे। इस पर पुष्पलता ने आपत्ति जताई और उसने हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के तहत 1/5वां हिस्सा की मांग की थी। दिसंबर 2008 में, मुकदमा लंबित के दौरान उसके पिता की मृत्यु हो गई। पुष्पलता ने अपनी अर्जी में यह तर्क दिया था कि उन्हें और उनकी बहनों के पास मुकदमे की संपत्तियों में से प्रत्येक को 1/5 हिस्सा का अधिकार है।

### लिव इन वाले भी रखें करवा चौथ व्रत, याचिका खारिज, ठोंका जुर्माना




**पंजाब हाईकोर्ट**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल हुई एक जनहित याचिका पर जज भी हैरान हो गए। याचिका में मांग की गई कि करवाचौथ के व्रत को सभी महिलाओं के लिए अनिवार्य किया जाए और इसे सामूहिक अनुष्ठान मानने का केंद्र और हरियाणा सरकार को निर्देश दिया जाए। इस तरह की मांग पर हाईकोर्ट हैरान हुआ और याचिकाकर्ता पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाकर याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमित गोयल की खंडपीठ ने जब याचिका पर सवाल उठाए तो याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की मांग की लेकिन खंडपीठ ने एक हजार रुपए जुर्माना लगा दिया।

#### करवाचौथ का व्रत न रखने पर दंडात्मक कार्रवाई की थी मांग

हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि करवाचौथ की परंपरा स्पष्ट नहीं है। विधवाओं, तलाकशुदा, अलग रहने वाली महिलाओं और लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को करवाचौथ के व्रत में भाग लेने से बाहर रखा जाता है। भागीदारी को अनिवार्य बनाने के लिए कानून में संशोधन की मांग की गई थी। यह भी मांग की थी कि इसमें भागीदारी से इनकार करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जाना चाहिए।

### दूसरे देशों को भी सप्लाई होगी वंदे भारत : अश्विनी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही है। देश के करोड़ों यात्रियों को रेलवे की तरफ से सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को शुरू किये जाने के बाद काफी सहूलियत हुई है। अलग-अलग रूट पर वंदे भारत चलने के बाद लोगों को सफर में लगने वाले समय में काफी कमी आई है। इस बीच केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव दावोस में वंदे भारत ट्रेन को लेकर बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कई देशों ने भारत से सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों को आयात करने में रुचि दिखाई है।

### वक्फः जेपीसी बैठक में हंगामा, 10 सांसद सस्पेंड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में शुक्रवार को हंगामा हो गया। समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर बड़ा आरोप लगाया है। पाल ने कहा, बनर्जी ने उनके खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया और गाली दी। हंगामे के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इन सांसदों को किया गया निलंबित : बैठक से विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी, डीएमके नेता ए. राजा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी व नासिर हुसैन, सपा नेता मोहिबुल्लाह नदवी, एम. अब्दुल्ला, शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, नदीमुल हक और कांग्रेस के इमरान मसूद को निलंबित किया गया है।

# कांग्रेस की सरकार दो धड़ों में बंटी सिद्धारमैया छोड़ेंगे सीएम की कुर्सी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री को लेकर एक बार फिर चर्चा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसके संकेत दे दिए हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे या कोई और? इस बात की मुहर तो अभी नहीं लगी है, लेकिन अटकलें तेज हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक में संभावित नेतृत्व परिवर्तन के बारे में बढ़ती अटकलों के बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को पहली बार संकेत दिया कि उनके और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के बीच बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने की व्यवस्था है।

### नेतृत्व का निर्णय पार्टी पर निर्भर

नेतृत्व परिवर्तन पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आखिरकार, आलाकमान (नेतृत्व परिवर्तन पर) या हर चीज के बारे में फैसला लेगा। यह सिद्धारमैया के अब तक के बयानों से एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है, जहां उन्होंने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने पर जोर दिया था। शिवकुमार ने हाल ही में कहा था कि वह अपना कर्तव्य निभाएंगे। नेतृत्व पर कोई भी निर्णय पार्टी पर निर्भर करता है।

### सीएम की वापसी के लिए प्रार्थनाएं

सिद्धारमैया इस साल के अंत तक अपने कार्यकाल के 30 महीने पूरे करने वाले हैं। दो प्रमुख उम्मीदवारों - शिवकुमार और लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली - के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए मुख्यमंत्री पद की सुरक्षित वापसी के लिए मंदिरों में विशेष अनुष्ठान आयोजित कर रहे हैं।खेमों के बीच झगड़े के बारे में सिद्धारमैया ने कहा, आखिरकार आलाकमान ही फैसला करेगा। उन्होंने एससी/एसटी कल्याण कार्यक्रमों के लिए आवंटित धन के दुरुपयोग के भाजपा के आरोपों को भी संबोधित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कांग्रेस सरकार पर धन का दुरुपयोग करने और इन समुदायों की चिंताओं को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

### सिद्धारमैया ने थामा था कांग्रेस का हाथ

सिद्धारमैया साल 1983 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर कर्नाटक विधानसभा में चुनकर आए। 1994 में जनता दल सरकार में रहते हुए कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री बने। इसके बाद उन्होंने देवगौड़ा के साथ कुछ विवादों के चलते जनता दल का साथ छोड़ दिया और साल 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होने से पहले सिद्धारमैया जनता दल के कई गुटों के सदस्य रह चुके थे।

# राज्य के लोग नागरिक संहिता को लागू करना चाहते हैं : मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली, जेएनएन।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनके राज्य के लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता लागू की जाए। उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम, 2024 को लागू किया है, जिसमें वसीयतनामा उत्तराधिकार के तहत वसीयत और पूरक दस्तावेजों, जिन्हें कोडिसिल के रूप में जाना जाता है, के निर्माण और रद्द करने के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा स्थापित किया गया है। उत्तराखंड सरकार द्वारा क्रियान्वित उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम, 2024, वसीयत और अनुपूरक दस्तावेजों (कोडीसिल/ वसीयतनामा उत्तराधिकार) के निर्माण और निरस्तीकरण के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा प्रदान करता है। इस अधिनियम में वसीयत से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। यह 26 जनवरी, 2025 से लागू होगा। एक विशेष साक्षात्कार में धामी ने कहा, यूसीसी भाजपा के तीन बड़े संकल्पों में से एक है, उत्तराखंड के लोगों ने हमें यूसीसी के लिए जनादेश दिया और इसे लागू किया गया... ऐसा लग रहा है जैसे यूसीसी की गंगा भी निकल रही है। उन्होंने कहा, यह गलत धारणा है कि हम किसी को निशाना बना रहे हैं, हम सिर्फ वादे पूरे कर रहे हैं। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के लिए परेशानी है। हम पर्सनल लॉ, सभी के लिए समान व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हलाला, बहुविवाह जैसी बुरी प्रथाओं से मुक्ति मिलनी चाहिए... यूसीसी महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखती है। हमने श्रद्धा-आफ़ताब जैसे मामलों का अध्ययन किया है। हमारा उद्देश्य निजता को ख़त्म करना नहीं है, हमारा उद्देश्य सुरक्षा है। हम लिव-इन रिलेशनशिप में रहने से इनकार नहीं कर रहे हैं। धामी सरकार ने कानून लागू होने के 1 महीने के अंदर लिव-इन रिलेशनशिप रजिस्ट्रेशन में पंजीकरण कराना जरूरी कर दिया है।

# उप्र स्थापना दिवसः राज्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली विभूतियां सम्मानित

**लखनऊ, जेएनएन।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। 24 से 26 जनवरी तक प्रदेश भर में चलने वाले इस भव्य आयोजन में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, विकास की यात्रा और आर्थिक सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया जा रहा है।

**उत्तरप्रदेश की विभूतियों को दिया गौरव सम्मान:** प्रदेश के विकास और गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले छह विशिष्ट व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमें वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, कानपुर के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल, और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह शामिल हैं। इन सभी को उपराष्ट्रपति द्वारा 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के ई-पोर्टल का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाना है। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। अब तक इस योजना के तहत 27,500 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 254 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। इनमें लखनऊ के आकाश अवस्थी, अयोध्या के कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, अमरोहा के अमित कुमार और सोनल शर्मा, तथा गोरखपुर के अक्षांश राज सिंह शामिल हैं।



**अजीब** | ‘आत्माओं का शहर’ कहा जाने वाले शहर है कॉलमा

# आत्माओं का शहर, जहां जिदां इसानों से ज्यादा लाशें दफन

कैलिफोर्निया का एक छोटा सा शहर, कॉलमा, अपने अद्भुत और रहस्यमय इतिहास के कारण दुनिया भर में जाना जाता है। इसे अक्सर ‘आत्माओं का शहर’ कहा जाता है, लेकिन इसका असली नाम कॉलमा है। यह शहर सिर्फ 1.9 वर्ग मील में फैला हुआ है, और यहां की जनसंख्या 2,000 से भी कम है। लेकिन यहां के 17 कब्रिस्तानों में करीब 15 लाख लोग दफन हैं। इस छोटे से शहर में बड़ी-बड़ी हस्तियां जैसे डेनिम के संस्थापक लेवी स्ट्रॉस, बैंक ऑफ अमेरिका के संस्थापक ए.पी. जानिनी और प्रसिद्ध बेसबॉल खिलाड़ी जोए डिमैगियो का भी अंतिम विश्राम स्थल है।



### जनसंख्या का विस्फोट

1848 में एक दुर्घटना के दौरान कैलिफोर्निया में सोने की खोज हुई। इस खोज ने अमेरिका में तहलका मचा दिया और लोग अमीर बनने की चाह में कैलिफ़ोर्निया की ओर दौड़ पड़े। सैन फ्रांसिस्को में जनसंख्या का विस्फोट हुआ, और दो सालों में इसकी आबादी 812 से बढ़कर 25,000 हो गई। जनसंख्या बढ़ने के साथ ही सैन फ्रांसिस्को के कब्रिस्तान भी भरने लगे। ऐसे में कॉलमा में शवों को दफनाने का सिलसिला शुरू हुआ, और 1887 में यहां पहला कब्रिस्तान स्थापित किया गया।

### हर 1 जिंदा इंसान के पीछे 833 लाशें


आज के समय में कॉलमा में सिर्फ 1,800 लोग रहते हैं, लेकिन यहां के कब्रिस्तानों में दफन लाशों की संख्या 15 लाख से भी ज्यादा है। यहां के कब्रिस्तानों में मृतकों का जिंदा लोगों से अनुपात 1:833 है। इसका मतलब है कि कॉलमा में हर एक जिंदा इंसान के पीछे 833 लाशें हैं। यही कारण है कि इस शहर को ‘आत्माओं का शहर’ कहा जाता है।

### बीमारियों का खतरा

सैन फ्रांसिस्को में धीरे-धीरे यह धारणा बन गई कि कब्रिस्तान के पास रहने से बीमारियाँ फैलती हैं। स्थिति के मद्देनजर 1914 में शहर की अथॉरिटीज़ ने फैसला लिया कि अब और किसी को दफन नहीं किया जाएगा। पुराने कब्रिस्तानों में दफन लाशों को कहीं और शिफ्ट कर दिया जाए ताकि वहाँ की जमीन का इस्तेमाल किया जा सके। 1914 के बाद सैन फ्रांसिस्को के अधिकारियों ने आदेश दिया कि सभी कब्रों को शहर के बाहर शिफ्ट किया जाए। उस समय सैन फ्रांसिस्को में करीब दो दर्जन कब्रिस्तान थे। इन कब्रिस्तानों से शवों को खोदकर कॉलमा में ट्रांसपोर्ट किया गया।

# अंतरिक्ष में ग्रहों की परेड, एक ही रेखा में आएंगे ये 6 ग्रह

**भोपाल।** अंतरिक्ष घटनाओं में रुचि रखने वालों के लिए शनिवार 25 जनवरी 2025 का दिन खास होने वाला है। क्योंकि इस दिन आसमान में ग्रहों का दुर्लभ नजारा देखा जाएगा। अंतरिक्ष प्रेमी आसमान में एक साथ 6 ग्रहों को देख सकेंगे। एक ही रेखा में 6 ग्रहों (मंगल, बृहस्पति, शुक्र, शनि, यूरेनस और नेपच्यून) की परेड होगी। लखनऊ विश्व विद्यालय में गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग की शिक्षक डॉ. अलका मिश्रा के अनुसार, यह बेहद दुर्लभ घटना होगी। 25 जनवरी को सूर्यास्त के बाद प्लेनेटरी एलाइनमेंट यानी बड़ी ग्रह पंक्ति बनेगी, जिसमें 6 ग्रह एक दिशा में एक साथ दिखेंगे। सूर्यास्त के बाद आसमान में मंगल, बृहस्पति, शुक्र, शनि, यूरेनस और नेपच्यून को एक साथ देखा जा सकेगा। आप 25 जनवरी की शाम 5.37 से 7.00 बजे तक इस अद्भुत नजारे को देख सकते हैं। मोबाइल फोन या गूगल स्काई ऐप और स्टेलेरियम ऐप के जरिए भी इस अद्भुत खगोलीय घटना को देख सकते हैं। कुछ शहरों में प्रदूषण, धुंध या खराब मौसम के कारण आसमान में ग्रहों को नहीं देखा जा सकेगा। ऐसे में आप इन माध्यमों के जरिए भी ग्रहों की परेड को देख सकेंगे।



### हर रोज दिखेगा खूबसूरत नजारा

8 मार्च तक यह खूबसूरत नजारा हर रोज रात को आसमान में दिखेगा। 15 फरवरी के बाद इस परेड का हिस्सा बुध ग्रह भी बन जाएगा। इन ग्रहों की शोभा आधा चंद्रमा बढ़ाएगा। रोशनी से दूर घने अंधेरे में देखने पर 4 ग्रह खुली आंखों से नजर आएंगे। नेप्च्यून और यूरेनस ग्रह को देखने के लिए दूरबीन चाहिए। सूर्यास्त के बाद साढ़े 8 बजे से यह परेड देखी जा सकेगी। साढ़े 11 बजे के बाद ग्रह गायब होने लगेंगे। मंगल, बृहस्पति, यूरेनस आसमान में सारी रात नजर आएंगे। मंगल सूर्य के उदय होने से पहले अस्त हो जाएगा। शनि, बुध, नेपच्यून जब अस्त होंगे तो सूर्य के सबसे पास होंगे। शुक्र-शनि पश्चिम दिशा में और बृहस्पति-मंगल पूर्व दिशा में नजर आएंगे। सूर्यास्त के लगभग 45 मिनट बाद ग्रह लाइन में साफ नजर आएंगे। 8 मार्च तक यह परेड पूरी तरह धूमिल हो जाएगी। अमेरिका, कनाडा समेत भारत और पूरी दुनिया में लोग ग्रहों की परेड देख पाएंगे और इसे देखने के लिए सबसे अच्छा समय 25 फरवरी 2025 को होगा। अमावस के दिनों में इस परेड को देखने का सबसे अच्छा समय है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

76,190

-329

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HUL | 2,380.80 | 2.00% |
| Britannia | 5,108.00 | 1.77% |
| Eicher Motors | 5,224.50 | 1.76% |
| Grasim | 2,514.05 | 1.20% |
| TATA Cons. Prod | 1,004.00 | 0.86% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Dr Reddys Labs | 1,203.50 | -5.04% |
| Trent | 5,466.45 | -4.24% |
| M&M | 2,790.00 | -2.95% |
| Adani Enterpris | 2,299.40 | -2.93% |
| BPCL | 263.00 | -2.75% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 86.21 |
| € यूरो | 90.47 |
| ¥ येन | 05.54 |
| £ पौंड | 107.13 |

# आरबीआई के पूर्व गवर्नर की सलाह, वृद्धि का लाभ व्यापक रूप से सभी तक पहुंचे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा है कि बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाना तथा उच्च वृद्धि पथ पर लाना है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की 3.0 सरकार को वृद्धि तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए।

सुब्बाराव ने आगे कहा कि यह राजग 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और इसे राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाना तथा उच्च वृद्धि पथ पर लाना है। सुब्बाराव ने कहा, लेकिन केवल वृद्धि से काम नहीं चलेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वृद्धि का लाभ व्यापक रूप से सभी तक पहुंचे यानी हमें असमानता कम करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के निचले तबके की आधी आबादी का विशाल उपभोग आधार देश की वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है। सुब्बाराव ने कहा निचले आधे हिस्से में उपभोग बढ़ाने का एकमात्र स्थायी तरीका रोजगार सृजन है। यदि वे अधिक कमाएंगे, तो वे अधिक खर्च करेंगे, जिससे अधिक उत्पादन, अधिक रोजगार तथा उच्च वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत में निवेश के लिए मिलकर काम करना होगाः सुब्बाराव






आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि यदि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध बढ़ता है, तो संभावित निवेशक वैकल्पिक गंतव्यों की तलाश करेंगे और हमें उनके लिए भारत में निवेश को एक सुखद अनुभव बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र और श्रम-प्रधान निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सुब्बाराव ने साथ ही कहा, इसके अलावा (अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप की धमकी भरी नीतियों के कारण डॉलर लंबे समय तक मजबूत बना रहेगा और ऐसी परिस्थितियों में रुपये को थामने का प्रयास आत्मघाती हो सकता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई की घोषित नीति यह है कि वह किसी विशिष्ट विनिमय दर को लक्ष्य नहीं बनाती, बल्कि ''अत्यधिक'' अस्थिरता को रोकने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करती है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने जोर देकर कहा आरबीआई के लिए अपनी बात पर अमल करना एक मजबूत मामला है। रुपया फिलहाल काफी गिरावट का सामना कर रहा है। 13 जनवरी को यह अपने सर्वकालिक निचले स्तर 86.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था।

### अडानी ग्रुप को झटका

# श्रीलंका ने रद्द की पावर डील, ग्रुप की कई कंपनियों के शेयर गिरे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शुक्रवार को अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर दिन के उच्चतम स्तर से लगभग 6 प्रतिशत टूटकर 1008 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। बता दें कि शेयर की पिछली क्लोजिंग 1021.45 रुपये थी और शुक्रवार को शेयर की कीमत 1065.45 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। देश के बड़े उद्योग समूह अडानी ग्रुप के लिए श्रीलंका से बुरी खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलंका सरकार ने ग्रुप की कंपनी- अडानी ग्रीन एनर्जी के साथ 448 मिलियन डॉलर के पावर परचेज डील को रद्द कर दिया है।

अडानी समूह पर अमेरिका में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर इस प्रोजेक्ट की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। इस खबर के बीच शुक्रवार को अडानी ग्रुप की लिस्टेड ज्यादातर कंपनियों के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली। दरअसल, श्रीलंका के लीडिंग बिजनेस न्यूज पेपर डेली एफटी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व में कैबिनेट ने अडानी समूह को बड़ा झटका दिया है। कैबिनेट ने मन्नार और पूनरिन में विंड एनर्जी प्लांट के निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट अडानी ग्रीन एनर्जी एसएल लिमिटेड को देने के फैसले को पलट दिया है। इसी के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट रद्द हो गया है। बता दें कि अपने चुनाव अभियान के दौरान वर्तमान राष्ट्रपति ने डील को रद्द करने और श्रीलंका में विंड एनर्जी विकसित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय निविदाएं आमंत्रित करने का वादा किया था। इस वादे पर अमल करते हुए कैबिनेट ने मई 2024 में लिए गए पिछले कैबिनेट फैसले को रद्द करने का फैसला किया है।

### अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर

अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर दिन के उच्चतम स्तर से लगभग 6 प्रतिशत टूटकर 1008 रुपये के निचले स्तर पर आ गया। बता दें कि शेयर की पिछली क्लोजिंग 1021.45 रुपये थी और शुक्रवार को शेयर की कीमत 1065.45 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। हालांकि, बिकवाली की वजह से शेयर टूटकर 1007.65 रुपये के निचले स्तर तक आ गया।

# ट्रम्प के तेवरों के असर से सोना उछलकर नए रिकार्ड पर पहुंचा

**नई दिल्ली, जेनएनएन।** दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमतों में तेजी आई। गुरुवार को सोना 170 रुपये महंगा होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में तेजी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर अनिश्चितता के कारण ऐसा हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। दुनियाभर में सोने की कीमतों में तेजी का असर भारत में भी दिखा। पिछले एक साल में सोने के दाम में 20,180 रुपये यानी 32.17 फीसदी का उछाल आया है। 23 फरवरी, 2024 को सोना 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। बुधवार को सोना 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के रुख से सोने की कीमतों को समर्थन मिला है।



### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स?

हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये घटकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बुधवार को यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। सराफा व्यापारियों के मुताबिक, कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी का कारण आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख है। वैसे, विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 13.20 डॉलर प्रति औंस घटकर 2,757.70 डॉलर प्रति औंस रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड में सुधार के कारण गुरुवार को सोने की कीमतें स्थिर से नकारात्मक स्तर पर रहीं। ऑगमोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी के अनुसार, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है...। टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से तेजी की रफ्तार बढ़ रही है। दरअसल, ट्रंप की प्रस्तावित नीतियों से व्यापार युद्ध और बाजार में अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है। यह सोने की कीमतों को समर्थन दे रही है। एशियाई बाजार में चांदी कॉमेक्स वायदा 1.03 फीसदी गिरकर 31.10 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

### सात कारोबारी सत्र में 2,320 रुपये चढ़ा सोना

मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 170 रुपये बढ़कर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। लगातार सातवें सत्र में बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना 170 रुपये चढ़कर 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। पिछले सात कारोबारी सत्रों में 99.9 और 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमतों में 2,320-2,320 रुपये की तेजी आई है।

# सैमसंग ने लांच की सबसे पावरफुल स्मार्टफोन सीरीज गैलेक्सी एस-25

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग ने अपनी सबसे पावरफुल स्मार्टफोन सीरीज गैलेक्सी एस25 को लॉन्च कर दिया है। इसमें गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 शामिल हैं। इनकी कीमत 80,999 से शुरू है जो 1,65,999 रुपए तक जाती है। तीनों स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू कर दी गई है। 7 फरवरी से सेल शुरू की जाएगी। इन्हें आप 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर खरीद सकते हैं।

नाइट फोटोग्राफी के लिए नाइटोग्राफी जैसे कई एआई फीचर्स अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर स्थित सैन होजे स्क्र सेंटर में बुधवार देर रात हुए इवेंट में कंपनी ने तीनों स्मार्टफोन को प्रोटेक्शन के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर 2 डिस्प्ले ग्लास और नाइट फोटोग्राफी के नया एआई फीचर नाइटोग्राफी के साथ लॉन्च किया है।

इसके अलावा इन फोन्स में एस24 सीरीज वाले नोट असिस्ट, चैट असिस्ट, रियल-टाइम लैंग्वेज ट्रांसलेशन, सर्कल टू सर्च जैसे कई एडवांस्ड एआई फीचर्स भी मिलेंगे। एस25 सीरीज के स्मार्टफोन के साथ 2032 तक सॉफ्टवेयर सिक्योरिटी अपडेट मिलेगा। ऑटो ब्लॉकर एस25 स्मार्टफोन सीरीज में स्मार्टफोन की सिक्योरिटी के लिए एक ऑटो ब्लॉकर नाम का एआई फीचर दिया गया है। इसे ऑन करने के बाद अगर कोई यूएसबी केबल फोन में लगाई जाती है, तो फोन सिर्फ चार्ज होगा। यानी फोन से किसी भी तरह का डेटा नहीं लिया जा सकेगा। यही नहीं यह फीचर फोन में गूगल प्ले स्टोर और सैमसंग स्टोर पर अवेलेबल ऐप्स के अलावा किसी भी तरह का थर्ड पार्टी ऐप डाउनलोड नहीं करने देगा। अगर, कोई थर्ड पार्टी ऐप फोन में पहले से है तो उसे ये अपडेट नहीं करने देगा। खास बात ये है कि कोई हैकर आपको टेक्स्ट मैसेज या लिंक शेयर करता है तो ये फीचर इस तरह के मैसेज को पहचानकर ब्लॉक कर देता है, यानी वह मैसेज ओपन ही नहीं होगा।

**अडानी ग्रुप को झटका :** श्रीलंका सरकार ने रद्द की पावर डील, ग्रुप की कई कंपनियों के शेयर टूटे शुक्रवार को अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर दिन के उच्चतम स्तर से लगभग 6 प्रतिशत टूटकर 1008 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। बता दें कि शेयर की पिछली क्लोजिंग 1021.45 रुपये थी और शुक्रवार को शेयर की कीमत 1065.45 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। देश के बड़े उद्योग समूह अडानी ग्रुप के लिए श्रीलंका से बुरी खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलंका सरकार ने ग्रुप की कंपनी- अडानी ग्रीन एनर्जी के साथ 448 मिलियन डॉलर के पावर परचेज डील को रद्द कर दिया है। अडानी समूह पर अमेरिका में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर इस प्रोजेक्ट की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। इस खबर के बीच शुक्रवार को अडानी ग्रुप की लिस्टेड ज्यादातर कंपनियों के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली। दरअसल, श्रीलंका के लीडिंग बिजनेस न्यूज पेपर डेली एफटी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व में कैबिनेट ने अडानी समूह को बड़ा झटका दिया है।

## दावोस बैठक में भारत का दमदार प्रदर्शन, 20 लाख करोड़ रुपये की निवेश हासिल



**दावोस, जेएनएन।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच-दिवसीय सालाना बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस दौरान भारत वैश्विक उद्यमियों से 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश प्रतिबद्धताएं हासिल करने में सफल रहा जिसमें अकेले महाराष्ट्र की लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पांच केंद्रीय मंत्रियों और तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत अब तक के सबसे बड़े भारतीय प्रतिनिधिमंडल का इस बैठक में नेतृत्व किया। वैष्णव ने कहा कि भरोसा और प्रतिभा दुनिया को भारत की तरफ आकर्षित करने वाले सबसे बड़े कारक हैं। सभी राज्यों और केंद्र सरकार के विभागों ने पहली बार दावोस बैठक में दो भारत मंडपों में जगह साझा की। इसके अलावा पहली बार राज्य और केंद्रीय मंत्रियों ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। करीब आधा दर्जन दलों से आए मंत्रियों ने एक एकीकृत 'टीम इंडिया' का चेहरा पेश किया। वैष्णव ने कहा, 'हम अपने वैश्विक भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर दावोस में हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में आए महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल ने दावोस सम्मेलन के दौरान 15.70 लाख करोड़ रुपये के कुल 61 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जो 16 लाख रोजगार पैदा कर सकते हैं।

## इंडिगो का मुनाफा गिरकर 2,449 करोड़ रुपए हुआ




**मुंबई।** भारत में बजट एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 2,449 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 18.6% की गिरावट हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 2,998 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ था। वहीं, पिछली तिमाही (जुलाई-सितंबर 2024) में कंपनी को 987 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंडिगो के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 13.7% बढ़कर 22,110.7 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 19,452.1 करोड़ रुपए रहा था।

# बजट 2025 : टैक्स में निवेशकों को राहत मिले तो फिर रॉकेट बन जाएगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश का आगामी बजट 2025 पेश करने वाली हैं, जिसमें आम लोगों के लिए भी कई बड़े ऐलान हो सकते हैं। खासकर टैक्स और इंश्योरेंस को लेकर सरकार कुछ अलग कर सकती है। ऐसे ही शेयर बाजार को भी बजट से खास उम्मीद है। पिछली बार जब बजट में शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाया गया था तो शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। लेकिन अगर इस बार कुछ टैक्स को घटाकर निवेशकों को राहत दी जाती है तो मार्केट में अच्छी-खासी तेजी देखने को मिल सकती है। दरअसल, बाजार में लगने वाले कुछ टैक्स की कटौती की बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि केंद्रीय बजट 2025 से पहले बाजार निवेशकों को सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (STT) को समाप्त करने के मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कुछ राहत की उम्मीद है, जबकि वे लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स के मामले में छूट सीमा बढ़ाने की भी उम्मीद कर रहे हैं, ताकि विदेशी निकासी के बीच रिटेल निवेशकों को राहत मिल सके।

### क्या होता है STT और कितना लगता है?

केंद्रीय बजट 2024 में इक्विटी और इंडेक्स ट्रेडर्स के लिए STT को 0.01 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे बाजार निवेशकों पर बढ़ते टैक्स बोझ के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। यह टैक्स भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर कारोबार किए जाने वाले शेयरों और अन्य सिक्योरिटी की खरीद और बिक्री पर लगाया जाता है। सीए सुरेश सुराणा ने कहा, कुछ उद्योग निकायों की ओर से भी एसटीटी को पूरी तरह समाप्त करने की मांग की गई है।

# बिहार की 800 साल पुरानी कला शीशे पर बिंदी से बनाया क्राफ्ट

**भोपाल।** बिहार की हस्तकला के उत्कृष्ट नमूनों और संस्कृति का प्रदर्शन भोपाल हाट में किया गया है। यहां चल रहे बिहार क्राफ्ट फेयर-2025 में बिहार के हस्तशिल्प एवं हथकरघा के लगभग 100 अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। 26 जनवरी तक चलने वाले इस फेयर में हस्तनिर्मित सिल्क, रेशम एवं खादी के कपड़े व साड़ियां, मधुबनी पेंटिंग, सूजनी कढ़ाई, सिक्की, लकड़ी एवं बाँस के आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री हो रही है। बिहार क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन बिहार के खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा किया गया है।

**टिकुली पेंटिंग:** टिकुली पेंटिग बिहार की बहुत पुरानी कलाओं में से एक है। 800 साल पहले पटना से शुरू हुई ये कला जिसमें महिलाएं अपनी बिंदी को निकालकर शीशे पर चित्र बनाती थी। जिसके बाद इसका विस्तार हुआ और पाटलिपुत्र राजधानी में इसका निर्माण होने लगा। इस पेंटिग में शादी-विवाह जैसी धार्मिक रीतियों को दर्शाया जाता है। इन पेंटिंग्स की किमत 120रु से लेकर 80 हजार तक है।

**मेले में बांस से बनी चीजें:** बक्सर से आए कलाकार अपने साथ बाँस से बनी चीजें लाएं है। इसमें आपको बाँस से बने ज्वेलरी बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, सूप, टोकरी और लैंप जैसी तमाम चीज मिलेंगी।

## जेवरात बनाने 90 लाख का सोना लिया, कारीगर पिता-पुत्र गायब

**क्राइम रिपोर्ट, भोपाल।** चौक बाजार में पुराना सोना लेकर नए गहने बनाने वाले कारीगर पिता-पुत्र गायब हो गए। व्यापारियों ने सोना हड़पने का आरोप लगाया है। दावा किया कि पिता-पुत्र करीब 90 लाख रुपए कीमती सोना लेकर चंपत हो गए। छह व्यापारियों ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी काशीराम कुशवाहा के अनुसार मूलतः पश्चिम बंगाल के श्यामदास वर्तमान में कोहेफिजा के सईद नगर में रहते हैं, उनकी चौक बाजार में ज्वेलरी की दुकान है। श्यामदास और उनका बेटा राहुलदास पुराना सोना लेकर नए जेवरात बनाने का काम करते हैं। गुरूवार को छह व्यापारियों ने सोना हड़पने का आरोप लगाया। इस मामले में अभी तक चार व्यापारियों के बयान हुए हैं। पुलिस ने दावा किया वे सभी अब तक सिर्फ नौ ग्राम सोना हड़पना ही बता सके हैं। पुलिस दो अन्य व्यापारियों के बयान के बाद ही आगामी कार्रवाई करेगी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना:-**

पत्र क्र. 290 / भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक 19.12.2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | पहरखा 595 | 0.005 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-22185/24



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा**
**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक 24/ब.ले.लि./निविदा/2024-2025** **रीवा, दिनांक 22/01/2025**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1- अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1- निविदा आमंत्रण क्र. 2- कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 397479 | नवीन मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा परिक्षेत्र रीवा में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | 36.79 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण<br>2- तीन माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 397480 | तहसील न्यायालय भवन त्योंथर में पुरूष एवं महिला शौचालय का निर्माण कार्य | 7.60 | 1- 15200.00<br>2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण<br>2- तीन माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 397481 | तहसील न्यायालय भवन हनुमना में पुरूष एवं महिला शौचालय का निर्माण कार्य | 7.60 | 1- 15200.00<br>2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण<br>2- तीन माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 51.99 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 11/02/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-22177/24

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा



**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म0प्र0)**
website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in
phone no. 07662-255200, Fax: 255380

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्र. 07/सा./ 2024-25 रीवा दिनांक 20.01.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा फार्म रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_397299_1 | उमरिया | मझौली मोड़ से उमरिया बकेली मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 550.87 | 550870/- | 20000/- |
| | | | | | Total:- | 550.87 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 27.01.2025 से अंतिम तिथि 17.02.2025 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-22151/24

मुख्य अभियंता
लो0नि0वि0 रीवा परिक्षेत्र रीवा

## न्यू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रामबाग में

# धूमधाम से मना स्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग प्रस्तुति से बच्चों ने मन मोहा




### शिक्षित एवं संस्कारवान बने बच्चे : प्रदीप सिंह पटना

**जवा ब्यूरो।** तराई अंचल में संचालित न्यू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रामबाग में 6वॉ वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह पटना क अध्यक्षता बृजेंद्र पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रीवा, सम्मानित अतिथि गिरीश सिंह जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दीपक वर्मा, धनेंद्र द्विवेदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जवा, अरुण सिंह पिंटू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डभौरा, गोकुल त्रिपाठी सेवानिवृत प्रोफेसर, बृजेंद्र सिंह समाजसेवी रहे। विद्यालय में अतिथियों के आगमन पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### लोक कलाओं से छात्रों ने किया जागरूक

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया। कई छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक, कव्वाली, प्रहसन प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा पर आधारित, बघेल खण्ड एवं मध्य प्रदेश की विविधताओं के संदेश, लोकनृत्य, एकांकी, कव्वाली और यमराज की अदालत नाटक छात्र - छात्राओं ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण एनसीए ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर विवेक शुक्ला एवं संचालन संस्था के प्रधानाध्यक रविन्द्र तिवारी और आभार प्रदर्शन संचालक अभिषेक शुक्ला ने किया।

### मुख्य अतिथि ने किया संबोधित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह पटना ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। मुझको लगता है कि इन सब गुणों में रामबाग का यह विद्यालय सबसे उच्च स्तर का है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहने चाहिए, अध्यक्ष बृजेंद्र पाण्डेय ने कहा की पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां तथा खेलकूद विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास एवं भावी सफलता के लिए बहुत सहयोगी होता हैं। कार्यक्रम को कई गणमान्य लोगों एवं समस्त अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में म्यूजिशियन कुलदीप द्विवेदी एवं कुलदीप तिवारी सहित विद्यालय की छात्राएं रहीं।

### इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर बालेंद्र प्रसाद मिश्र, धनेंद्र पाण्डेय नत्थू , प्रमोद गुप्ता , राजेंद्र मिश्रा डी एस पाठक , प्रकाश मिश्रा, अतुल पाण्डेय, सीमा सिंह, स्वाती सोनी, शशि सोनी, शीला सोनी, नेहा खटीक, शालिनी सोनी, आरती चतुर्वेदी, संजना पांडे, प्रियंका तिवारी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक छात्र छात्राओं सहित क्षेत्रीय संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

# गंगेव में स्टेडियम का होगा विस्तार : नरेन्द्र प्रजापति



**गंगेव, नि.प्र.।** नेहरु युवा केंद्र रीवा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय मॉडल हायर सेकन्ड्री स्कूल के सामने ग्रामीण स्टेडियम गंगेव के खेल मैदान में आयोजित किया गया है जिसमें 15 से 29 वर्ष के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनगवॉ क्षेत्र के विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य प्रतिनिधि कामता सिंह मंडल अध्यक्ष सूरा व सरपंच ग्राम पंचायत कन्दैला मुकेश पटेल की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुआ ।

### लगातार होंगे बड़े आयोजन : मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि ग्रामीण स्टेडियम गंगेव का और अच्छे से विस्तार किया जाएगा जिससे की आने वाले दिनो में और बड़े आयोजन कराये जाए। मैं विजेता उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम व खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं कि अगले प्रतियोगिता में और अच्छा प्रदर्शन करे अध्यक्षता कर रहे विकास तिवारी नें कहा आगे कई खेलो के आयोजन इसी मैदान में कराए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवाओ को अपना हुनर दिखाने का अवसर प्राप्त हो। अंत में सभी विजेता टीम को ट्राफी मेडल प्रमाण पत्र व खेल किट उप विजेता को ट्राफी मेडल प्रमाण पत्र वितरण किया गया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता के निर्णायक बसंत सिंह अभिषेक सोनी प्रिंस शर्मा शिवम शर्मा चन्द्रशेखर सोनी प्रिया अवस्थी अर्पित सिंह रामनरेश कोल रहे । कार्यक्रम में श्याम किशोर शर्मा विमलेश सिंह रोहित सोनी शैलेन्द्र दिवेदी अरुण दुवे सहित कई गणमान्य नागरिक खिलाड़ी दर्शक उपस्थित हुए ।

### प्रतियोगिता में ये बने विजेता

रस्साकसी पुरुष वर्ग में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगेव प्रथम पुर्वा टीम दितीय खो खो महिला वर्ग में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगेव प्रथम आदर्श प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगेव दितीय 100 मीटर दौड महिला वर्ग में राखी पटेल प्रथम सुविधा सेन दितीय नीलम तिवारी तृतीय 200 मीटर दौड पुरुष वर्ग में सुजीत कुमार कोल प्रथम आर्यन दिवेदी दितीय प्रदीप शर्मा तृतीय गोला फेक पुरुष वर्ग में आर्यन दिवेदी प्रथम अभिषेक सोनी दितीय नीरज दिवेदी तृतीय गोला फेक महिला वर्ग में नीलम तिवारी प्रथम सुविधा सेन दितीय निधी पटेल तृतीय स्थान पर रही।

## शासकीय महाविद्यालय नईगढ़ी में

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का हुआ भव्य आयोजन



### बालिकाओं का अधिकार प्राचीन एवं वर्तमान परिदृष्य विषय पर हुई चर्चा

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** ठाकुर सोमेश्वर सिंह शासकीय महाविद्यालय नईगढ़ी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत दिनांक 24 जनवरी को ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी ''बालिकाओं का अधिकार प्राचीन एवं वर्तमान परिदृष्य'' विषय पर चर्चा की गई जिसमे भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी कृष्णचंन्द्र मिश्रा द्वारा विषय के प्रस्तावना एवं महत्व के ऊपर विचार व्यक्त किये गये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीवन ज्योति कन्वेंट हायर सेकेन्डरी विद्यालय नईगढ़ी के प्राचार्य हर्षनारायण मिश्रा रहे कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उपस्थिति होकर विद्वानों के विचारों को सुनकर आत्मसात किया जिससे उनके जीवन में वैचारिक बदलाव की अनुभूति हुई ।

### इन्होंने किये अपने विचार व्यक्त

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक रामजी बंशकार एवं डॉ0 महेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा अपने विचार इस विषय पर सभी के समक्ष रखे गए एवं इस अवसर पर महाविद्यालय की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा संम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 आराधना मिश्रा ने किया एवं इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक / प्राध्यापिकाएं एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## मऊगंज महाविद्यालय: विधि की मान्यता बहाल होने से छात्रों में हर्ष

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज महाविद्यालय के एल.एल.बी. की मान्यता जो बीते कई महीनों से चर्चा की विषय बनी हुई थी और उस संबंध में कानून की पढाई पूरी कर चुके छात्र जो अपना विधि व्यवसाय चालू करने के लिए राज्य विधिक परिषद् जबलपुर में आवेदन किये हुये थे लेकिन उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा था और जिस कारण वे माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में डब्ल्यू.पी.क्र. 26045/2024 अंकित शुक्ला अन्य बनाम बार काउंसिल आफ इण्डिया और अन्य मामला दायर किये हुये थे। जिसकी पैरवी उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता आर्यन शुक्ला कर रहे थे। उन्हे खुशी उस समय मिली जब 21.जनवरी को माननीय उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुये मान्यता बहाल किये जाने हेतु आदेशित किया। मऊगंज महाविद्यालय की विधि की मान्यता बहाल होने से छात्रों में हर्ष व्याप्त है। इस संबंध में विधि की पढ़ाई पूरी कर चुके पूर्व छात्र अंकित शुक्ला, मनोज पाण्डेय, अनूप यादव, प्रिंस त्रिपाठी, विधि त्रिपाठी, पूर्णिमा मिश्रा, ज्योती विश्वकर्मा, मधुकर पाण्डेय, रमाकांत चतुर्वेदी, शुभम तिवारी, अंकित मिश्रा, धुव्र दुबे, प्राची मिश्रा, अंजली द्विवेदी, वंशिका यादव, प्रिया शर्मा सहित छात्रों में हर्ष व्याप्त है।

## चाकघाट के गौरा रोड में नालियों की नहीं होती सफाई

**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद चाकघाट के गौरा रोड (मल्लहटी टोला) में घरों से निकलने वाले गंदे पानी के सड़क पर बहाव के कारण पूरे सड़क में गंदा पानी हर समय बहता रहता है। गंदे पानी के निकास हेतु समुचित व्यवस्था न होने से सारा गंदा पानी सड़कों पर ही प्रतिदिन बहता है । वहीं दूसरी ओर जो पुरानी नालियां बनी हुई है वह पूरी तरह कचरे से पटी हुई है । इस वार्ड के अनेकों निवासियों ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय में इस संबंध में कई बार शिकायत किया गया, किंतु कोई सुनवाई नहीं होती।

**इसी मार्ग में स्थित हैं कई शैक्षणिक संस्थान :** हाईवे से लगे इस गौरा रोड में गुलाब कली मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अलख नारायण गुप्ता का आवास एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय श्रद्धेय रमाकांत तिवारी का आवास भी इसी मार्ग पर है । स्कूल कॉलेज आने-जाने के लिए बस की आवा-जाही लगा ही रहता है, वहीं दूसरी ओर साइकिल /बाइक वाले विद्यार्थी आए दिन फिसल कर गिरते और चोटिल होते हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान का यह एक खुला मजाक है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत

# पट्टा वितरण और जन समस्या निवारण शिविर आयोजित



### मुख्य अतिथि रहे गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह

### 57 लोगों को पट्टा वितरित

**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रीठी में 24 जनवरी को पट्टा वितरण और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच रामसेवक पटेल (मुखिया ) ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ अनुराग तिवारी एवं नायब तहसीलदार महिमा पाठक और विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव रहे। कार्यक्रम का सचालन पाठक द्वारा किया। उक्त शिविर में विद्युत विभाग और पीएचई विभाग के अधिकारी शामिल होना उचित नहीं समझा जब कि बिजली विभाग की शिकायतें बहुत ज्यादा थी। शिविर में आए प्रकरणों का तुरंत निरादान करने की व्यवस्था की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा हलधर प्रसाद मिश्रा,नोडल अधिकारी योगेश पाठक,जी पी सी ओ. शिवकुमार साकेत सी.एच ओ. अनामिका महिला विकास परियोजना अधिकारी ममता शर्मा,प्रीति पटेल,राजस्व निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह बघेल, पटवारी रीठी सदीप शुक्ला, रामलाल चतुर्वेदी सचिव ग्राम पंचायत,अमर सिंह पटेल, ललिता पटेल,चन्द्रवती विश्वकमा,सुधा पटेल, उपसरपंच ग्राम पचायत रीठी नीतू तिवारी की उपस्थिति में विभिन्न विभाग के कुल 290 आवेदन प्राप्त हुए जिनका सिविर में ही निराकरण किया गया तथा शिविर मे विधायक ने हारा स्वामित योजना का पटटा 57 लोगों की वितरित किया गया। शिविर मे लगभग 400 ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

## बीआरसीसी कार्यालय में अंकसूची घोटाला के लगे आरोप

### आज तक नहीं बट पाई अंकसूचियां

**मनिकवार नि.प्र.।** बीआरसी कार्यालय रायपुर कर्चुलियान में अशासकीय विद्यालयों की कक्षा 5 एवं 8 की अंक सूची सत्र 2023-24 की आज तक वितरित नहीं हो पाई। आरोप है कि बीआरसीसी कार्यालय रायपुर कर्चुलियान में पदस्थ बीएसी व कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा आज तक अशासकीय विद्यालय प्रधानाध्यापकों के कक्षा 5 व 8 की अंकसूची नहीं दी गई।

**छात्र एवं अभिभावकों को धमकाने के लगे आरोप :** बताया गया है कि अगर छात्र व अभिभावक जाते हैं तो उन्हें धमका कर भगा दिया जाता है कहते हैं कि रुपया लेकर आओ तभी अंक सूची मिल पाएगी।

**अशासकीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक परेशान :** पता चला है कि अधिकारियों की इसी मनमानी के चलते अशासकीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक परेशान रहते हैं। हालत है इस कदर हो चुके हैं कि ब्लाक शिक्षा अधिकारियों की घूंसखोरी के चलते अंकसूचियों का वितरण आज तक नहीं हो पाया। सवाल यह उठता है कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो छात्रों का भविष्य शैक्षणिक स्तर में कैसे सुरक्षित रह पाएगा। इस संबंध में अधिक अधिकृत जानकारी के लिए रीवा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, डीपीसी, बीआरसीसी को कई बार फोन लगाया गया लेकिन वह बहुत व्यस्त रहे बात नहीं हो सकी।

## दो दिन में ही उखड़ने लगी डामरयुक्त सड़क: आरोप

### चाकघाट बाजार का है मामला



**त्योंथर ब्यूरो।** जिले के चाकघाट बाजार में इन दिनों आरसीसी सड़क के ऊपर पीडब्ल्यूडी द्वारा डामर युक्त सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। जिन जगहों पर कार्य कर लिया गया है वहां दो दिन में ही सड़के उखड़ने लगी हैं। चाकघाट बाजार में संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य करवाए जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। कहना है कि लंबे समय के पश्चात निर्माण कार्य हुआ भी तो घटिया स्तर के मटेरियल इस्तेमाल किया जा रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मिली भगत से यह गड़बड़ी की जा रही है। जहां सड़क की मोटाई से लेकर मजबूती तक समझौता किया जा रहा है। फिलहाल देखने वाली बात यह है कि आगे किस प्रकार से एक्शन लिया जाएगा। बता दे संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा 6 माह पूर्व काम आरंभ किया गया था लेकिन दो दिन कार्य करने के पश्चात पिछले 6 महीने लापता हो गया। संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण पर चाकघाट के व्यापारियों ने पूर्व में भी विरोध दर्ज कराया था। लेकिन 6 महीने बाद पुनः कार्य प्रारंभ किए जाने के बाद भी गुणवत्ता पर सुधार देखने को नहीं मिला है।

## मऊगंज कलेक्टर करेंगे गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

### समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री का गणतंत्र दिवस पर संदेश का वाचन करेंगे

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित होंगे।

## संग्राम तीर्थ आयोजन की तैयारी बैठक सम्पन्न

### 8 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

**रायपुर कर्चुलियान, नि.प्र.।** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान में ब्रम्हर्षी विश्वामित्र लोक सेवा कल्याण संगठन की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 8 फरवरी 2025 को संग्राम तीर्थ के कार्यक्रम को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु विशेष चर्चा की गई। संग्राम तीर्थ के संयोजक रायपुर कर्चुलियान के पूर्व जनपद अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह के निज निवास पर हुई बैठक।

**शहीद हुए सैनिकों एवं उनके वंशजों का होगा सम्मान :** बैठक में अमर शहीद वीर बलिदानियों के वंशजों के साथ ही साथ देश की सेवा में शहीद हुए सैनिकों एवं उनके वंशजो का मान सम्मान किया जाएगा। संग्राम तीर्थ के भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे एवं जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका लोकार्पण एवं जो आगामी निर्माणाधीन कार्य है उसका भूमि पूजन किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में मुख्य रूप से देश नारायण शर्मा महसुआ, त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी खीरा, उपेंद्र सिंह, सोहनलाल शुक्ला मढ़ी, पुष्प निवास सिंह, सुधीर अग्निहोत्री, विवेक विश्वकर्मा गोरगांव, डॉ रावेंद्र द्विवेदी महासुआ, प्रकाश सिंह फरेदा, बेनी माधव तिवारी, अरूण कुमार सिंह, आनंद सिंह, लक्ष्मण, प्रकाश सिंह बघेल जरहा, बृजेश सिंह नौढिया, महेंद्र सिंह कर्चुली, स्वदीप सिंह बुढ़िया, त्रियुगीनारायण शर्मा ऐताला, संतोष सिंह, रामराज सहित सैकड़ों की तादात में बैठक में शामिल हुए।

## भाजपा मंडल गुढ़ में मनाया जाएगा संविधान गौरव दिवस

### मुख्य अतिथि होंगे गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह

**गुढ़ (नि.प्र)।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा और जिला रीवा के अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ में संविधान गौरव अभियान के तहत हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन श्री भागवत पैलेश गुढ़ में आज दोपहर 11 बजे से मनाया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह शामिल होगे। भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता में जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष,शक्ति केंद्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों, मंडल के समस्त पदाधिकारियों सहित सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित स्थानीय नगर परिषद अध्यक्ष,पार्षद गणों से अनिवार्य रूप से संविधान गौरव अभियान के इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु कहा गया है।

## संभाग स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में

# देवसर को हराकर रीवा की टीम बनी विजेता



**लालगाँव, नि.प्र.।** 11वीं संभाग स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी शिक्षा विभाग की बालीवाल खेल प्रतियोगिता जो कि 21 से 22 जनवरी तक सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर जिला सिंगरौली मे आयोजित की गई थी। जिसमें रीवा जिले की टीम ने देवसर की टीम को तीन सेट के मैच मे लगातार दो सेट से हराकर विजता बनी।

### विद्यालय में खुशी की लहर

जब रीवा की वॉलीबॉल टीम ने देवसर को पराजित किया उस समय पूरे क्षेत्र सहित सीएम राइज स्व. कुँवर रुक्मणी रमण प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगाँव मे खुशी का माहौल व्याप्त हो गया क्योंकि इस मैच मे रीवा बालीवाल टीम की कप्तानी इसी विद्यालय मे पदस्थ नेशनल प्लेयर शिक्षक प्रभुनारायण सिंह काशी कर रहे थे।

### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित

सीएम राइज कुँवर रुक्मणी रमण प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगाँव के प्राचार्य बालेन्दु शेखर द्विवेदी ने कहा कि इसी विद्यालय मे पदस्थ शिक्षक प्रभुनारायण सिंह काशी की कप्तानी मे रीवा जिले की टीम का विजेता बनना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है और इस उपलब्धि पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभुनारायण सिंह का सम्मान विधिवत रुप से किया जायेगा।

# सात साल बाद चेन्नई में टी-20 खेलेगा भारत

**इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टी-20 आज शाम सात बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स**
**पांच मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे**

**जेएनएन, चेन्नई**

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने कोलकाता में पहला मैच सात विकेट से जीत कर पांच मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी, लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी, लेकिन चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।




**07** साल बाद भारतीय टीम चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में कोई टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरेगी। इंग्लैंड की चेपॉक में अपना पहला टी-20 मैच खेलने उतरेगी।

■ चेन्नई के स्टेडियम ने अभी तक सिर्फ दो ही टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों की मेजबानी की है, जिसमें भारत को एक में जीत तो एक मैच में हार का सामना करना पड़ा था। 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मैच में भारत एक रन से हारा था, वहीं आखिरी बार टीम इंडिया का चेपॉक में सामना 2018 में वेस्टइंडीज से हुआ था, जहां भारत 6 विकेट से जीता था।

### ट्रेनिंग के दौरान अभिषेक के टखने में चोट लगी

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को दूसरे मैच से पहले चोट लगी, जब नेट सत्र में कैचिंग ड्रिल के दौरान उनका टखना मुड़ गया। इसके बाद अभिषेक की मैदान पर टीम के फिजियोथेरेपिस्ट ने जांच की और फिर टखने को आराम देने के लिए उन्हें ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। पवेलियन लौटते समय उन्हें थोड़ा लंगड़ाते हुए देखा गया और उन्होंने नेट पर बल्लेबाजी भी नहीं की। 24 साल के अभिषेक ने ड्रेसिंग रूम में फिजियो के साथ आधे घंटे से अधिक समय बिताया। अगर अभिषेक को दूसरे मैच से बाहर बैठना पड़ता है, तो भारत के पास वाशिंगटन सुंदर या ध्रुव जुरेल को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प है। ऐसी स्थिति में तिलक वर्मा को संजू सैमसन के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है।



**पिच रिपोर्ट** चेपॉक की पिच हमेशा से ही स्पिन फ्रेंडली मानी जाती है। भारत ने पहले मैच में तीन स्पिनर खिलाए थे। रवि बिश्नोई के साथ वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल थे। पिच को देखते हुए इन तीनों का खेलना तय है।

### शमी ने नेट्स पर बहाया पसीना

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने नेट सत्र के दौरान लगभग एक घंटे तक जमकर पसीना बहाया, लेकिन शीर्ष स्तर की क्रिकेट में उनकी बहुप्रतीक्षित वापसी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई। भारत के लिए पिछली बार 2023 विश्व कप फाइनल में खेलने वाले शमी ने चेपॉक में गेंदबाजी की लय हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन कभी अपने शीर्ष स्तर पर नहीं दिखे, जिसमें बल्लेबाजों को उनका सामना करने में काफी परेशानी होती थी। ईडन गार्डन्स की तरह ही शमी यहां भी नेट सत्र के दौरान सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ हल्के जॉगिंग सत्र से शुरुआत की।

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

**इंग्लैंड:** बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवर्टन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## मैदान से हटकर

### शादी के 20 साल बाद अलग हो सकते हैं सहवाग और आरती



भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग तलाक की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स हैं कि सहवाग अपनी पत्नी आरती अहलावत से शादी के 20 साल के बाद अलग हो रहे हैं। 2004 में शादी के बंधन में बंधे सहवाग और आरती ने एकदूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। ऐस में उनके रिश्ते में दरार आने की खबरें सामने आ रही हैं। परिवार के करीबी सूत्रों का कहना है कि दोनों कई महीनों से अलग-अलग रह रहे हैं और तलाक की संभावना है। सहवाग के दो बच्चे हैं। 2007 में आर्यवीर और 2010 में वेदांत का जन्म हुआ था। सहवाग ने आखिरी तस्वीर परिवार की दीपावली 2024 पर पोस्ट की थी। उन तस्वीरों में सहवाग के अलावा उनका बेटा और मां नजर आई, लेकिन पत्नी आरती अहलावत नजर नहीं आई। ऐसे में समझा जा रहा है कि लंबे समय से चली आ रही इस कपल की साझेदारी अब टूटने की कगार पर है। सहवाग ने भी इस मामले पर चुप्पी साधी हुई है।

(जेएनएन)

## खेल एक नजर

### ग्रिफिथ को सीए ने राष्ट्रीय टीम का तेज गेंदबाजी कोच बनाया

**मेलबर्न, जेएनएन।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से एडम ग्रिफिथ को अपना नया राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस सभी 30 की उम्र पार कर चुके हैं इसलिए ग्रिफिथ को टेस्ट क्रिकेट जैसे बड़े मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाजों को तैयार करने का काम सौंपा जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, इस भूमिका के लिए पहली बार अक्टूबर में विज्ञापन दिया गया था, जो ऑस्ट्रेलिया में रहकर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू प्रतियोगिताओं में तेज गेंदबाजों के प्रबंधन से जुड़ा था, जिससे कि चोटों की बढ़ती संख्या को रोका जा सके और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों का प्रबंधन करते हुए अधिक समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। ग्रिफिथ 46 वर्ष के हैं और ऑस्ट्रेलिया के पुरुष कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मौजूदा गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी के अधीन काम करेंगे।



**ऑस्ट्रेलियन ओपन : सिनर ने शेल्टन को हराया, ज्वेरेव के खिलाफ बीच मैच से हटे जोकोविच**

# जोकोविच का 25वें ग्रैंड स्लेम का सपना टूटा, सिनर लगातार दूसरे साल फाइनल में

**मेलबर्न, जेएनएन**

गत चैंपियन यानिक सिनर तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद शुक्रवार को बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। उनकी नजरें अब रविवार को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर टिकी हैं। ज्वेरेव ने नोवाक जोकोविच के पैर में चोट के कारण सेमीफाइनल मुकाबले के बीच से हटने पर फाइनल में जगह बनाई। जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। सिनर ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन खिताब भी अपने नाम किया।

### चोटिल जोकोविच सेमीफाइनल से हटे




37 वर्षीय जोकोविच चोटिल होने के कारण ज्वेरेव के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

■ दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव 2020 में अमेरिकी ओपन और 2024 में फ्रेंच ओपन के उपविजेता रहे हैं।

■ यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है, जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

### पैर में जकड़न के बावजूद हार नहीं मानी



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर पहले सेट में पिछड़ गए थे और शेल्टन जब 6-5 के स्कोर पर सर्विस कर रहे थे, तो दो बार पहला सेट गंवाने से सिर्फ एक अंक दूर थे। इटली के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि शेल्टन की सर्विस तोड़ी और फिर टाईब्रेकर जीतकर पहला सेट अपने नाम किया। सिनर ने दूसरे सेट की शुरुआत में भी शेल्टन की सर्विस तोड़कर अपना पलड़ा भारी किया। तीसरे सेट में हालांकि सिनर मुसीबत में दिखे। उन्हें पहले अपने बाएं पैर की मांसपेशी और फिर दाएं पैर की जांघ को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनर ने इसके बाद सिनर का उपचार किया और ब्रेक के दौरान उनके दोनों पैरों की मालिश की।

## रणजी ट्रॉफी : चली जडेजा की फिरकी रोहित, जायसवाल और पंत फिर फेल

**मुंबई, जेएनएन।** ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे, जबकि कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर रिषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में



सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट चटकाए, जिसमें पांच पहली और सात दूसरी पारी में लिए। उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप-डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके। भारतीय टीम के परिप्रेक्ष्य में जडेजा का प्रदर्शन ही सकारात्मक रहा, क्योंकि गत चैंपियन मुंबई के लिए रणजी क्रिकेट में वापसी करने वाले रोहित शर्मा का बल्ला खामोश ही रहा। रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन 19 गेंद में तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में 28 रन की पारी में तीन छक्के लगाए और पहले विकेट के लिए अपने टेस्ट जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल के साथ 54 रन की साझेदारी की। जडेजा ने स्पिनरों की मददगार पिच पर 12 विकेट लिए, जिसकी मदद से सौराष्ट्र ने ग्रुप-डी मैच में दो दिन के भीतर ही दिल्ली को दस विकेट से हराकर उसे लगभग बाहर का रास्ता दिखा दिया। मेजबान टीम ने दिल्ली को दूसरी पारी में 25.2 ओवर में 94 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले सौराष्ट्र ने 271 रन बनाकर पहली पारी में 83 रन की बढ़त बनाई। सौराष्ट्र ने जीत के लिए 12 रन 3.1 ओवर में बना लिए। रिषभ पंत पहली पारी में एक रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 17 रन ही बना सके।

### शार्दुल ठाकुर के शतक से मुंबई संकट से उबरा

**मुंबई।** शार्दुल ठाकुर के शतक से मुंबई ने एलीट ग्रुप-ए में दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ वापसी करने की कोशिश की। पहली पारी में 86 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई ने दूसरी पारी में 101 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शार्दुल (नाबाद 113 रन) ने तनुष कोटियान (नाबाद 58) के साथ आठवें विकेट के लिए 173 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने सात विकेट पर 274 रन बनाकर 188 रन की बढ़त हासिल कर ली है। रोहित (28) और यशस्वी जायसवाल (26) ने पहले विकेट के लिए तेजी से 54 रन जोड़कर दूसरी पारी में मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।



श्रेयस अय्यर (17) और अजिंक्य रहाणे (16) ने क्रीज पर पैर जमाने के बाद विकेट गंवाए। मुंबई का स्कोर बिना विकेट के 54 रन से सात विकेट पर 101 रन हो गया।

## टाटा स्टील शतरंज : डी गुकेश का मुकाबला अब्दुसत्तोरोव से और प्रज्ञाननंदा का वेई यी से

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में पहले विश्राम दिवस के बाद छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से भिड़ेंगे, जबकि आर प्रज्ञाननंदा का सामना चीन के गत चैंपियन वेई यी से होगा। प्रज्ञाननंदा और अब्दुसात्तोरोव पांच दौर के बाद चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, जबकि गुकेश 3.5 अंक लेकर स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी पी हरिकृष्णा पांचवें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। प्रज्ञाननंदा ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और दो ड्रॉ खेले हैं। उन्होंने अपनी तीनों बाजियां भारतीय खिलाड़ियों अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और लियोन ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ जीती हैं जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियन बनने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे गुकेश विश्व रैंकिंग में चौथे और भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पिछले दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया था और वह अगले दौर में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से उतरेंगे। हरिकृष्णा ने प्रज्ञाननंदा के खिलाफ हार को छोड़कर अच्छा प्रदर्शन किया है। वह छठे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से भिड़ेंगे। जहां तक एरिगैसी का सवाल है तो अभी तक उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

## अंडर-19 टी-20 विश्व कप : पाकिस्तान व नेपाल ने जीते चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते। युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया। दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। एक अन्य मैच में नेपाल ने मलेशिया को केवल 45 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान पूजा महतो ने चार और रचना चौधरी ने तीन विकेट लिए।




### सुपर सिक्स मैच आज से

सुपर सिक्स के मैच शनिवार से खेले जाएंगे। पहले दिन अमेरिका का न्यूजीलैंड से, इंग्लैंड का नाइजीरिया से, दक्षिण अफ्रीका का आयरलैंड से और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज को ग्रुप एक में रखा गया है, जबकि ग्रुप दो में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, अमेरिका, नाइजीरिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

# बुमराह, जडेजा व यशस्वी आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में, मेंस वनडे टीम में एक भी भारतीय शामिल नहीं

**दुबई, जेएनएन।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। लेकिन पुरुष वनडे टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया। टेस्ट टीम में इंग्लैंड के चार खिलाड़ियों के अलावा दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इस टीम की कप्तानी पैट कमिंस को सौंपी गई है, जो आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं।



### भारतीय पुरुष टीम ने 2024 में खेले सिर्फ तीन वनडे मैच

इस बीच भारत का वर्ष 2024 में 50 ओवरों से प्रारूप में कम मैच खेलने का असर आईसीसी की वर्ष की पुरुष वनडे टीम में देखने को मिला, जिसमें किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं दी गई है। भारत ने पिछले साल केवल तीन वनडे खेले थे। श्रीलंका में खेले गए इन तीन मैच में से भारतीय टीम को दो मैच में हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मैच टाई समाप्त हुआ। आईसीसी की वर्ष की पुरुष वनडे टीम में श्रीलंका के चार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन तथा वेस्टइंडीज का एक खिलाड़ी शामिल है।

### मंधाना-दीप्ति आईसीसी की वनडे टीम में





**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को आईसीसी 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है। भारत की इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा महिला वनडे टीम में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट को महिला वनडे टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। वह आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर बनने की दौड़ में भी शामिल हैं। दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए। उन्हें ऑलराउंडर के रूप में आईसीसी की वर्ष की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है।

**पुरुष टेस्ट टीम :** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

**महिला वनडे टीम :** स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

**पुरुष वनडे टीम :** चरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

### भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान ने मलेशिया में खिताब जीता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में नौवें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे। गुरुवार को समाप्त हुए नौ दौर के टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनियान ने आठवें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त हासिल करके पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर लिया था। भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर वीएस राहुल दूसरे और चीन के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ली बो तीसरे स्थान पर रहे।





**श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग का मामला आया सामने**

# यूजी के छात्रों की पीजी के छात्रों ने की रैगिंग, 4 निलंबित

## आधी रात को हॉस्टल में घुसे थे सीनियर छात्र मारपीट तक की गई थी, सूचना मिलने पर पहुंचे थे हॉस्टल प्रभारी

**जागरण, रीवा**

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग का मामला सामने आया हैं। एमबीबीएस के छात्रों के साथ पीजी के छात्रों ने आधी रात को मारपीट की थी। नशीला पदार्थ भी पिलाया था। रात को हंगामा मचा था। जूनियर छात्रों ने रैगिंग की शिकायत लिखित में डीन से की है। डीन ने मामले में चार पीजी छात्रों को निलंबित कर दिया है। जांच के लिए कमेटी बना दी है। जांच के बाद बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले एमबीबीएस छात्रों के साथ आए दिन सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग की घटनाएं सामने आती रहती है। कुछ समय पहले भी पीटीएस हॉस्टल में रैगिंग की घटना हुई थी। तब भी कई छात्रों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। लंबे समय बाद फिर से रैगिंग जैसी घटना हुई थी। मेडिकल कॉलेज परिसर में बने यूजी हॉस्टल में पीजी के छात्र आधी रात को घुस गए थे। जिन्होंने छात्रों के साथ रैगिंग की थी। रैगिंग में जूनियर छात्रों के साथ मारपीट भी की गई। इसकी सूचना हॉस्टल प्रभारी तक पहुंची। रात को ही प्रभारी हॉस्टल पहुंच गए थे। जिन्होंने छात्रों को सीनियर छात्रों के चंगुल से छुड़ाया था। उन्हें सुरक्षित बचा कर निकाल ले आए थे। इस घटना के बाद जूनियर छात्रों ने लिखित शिकायत डीन से की। डीन ने इस मामले को गंभीरता से लिया। चार छात्रों साहित, पवन, संदीप और विशाल को चेम्बर में तलब कर कड़ी फटकार लगाई और उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा इन मामले में जांच के भी आदेश दे दिए हैं। जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वर्ष 2021 और 2023 बैच के छात्र हैं पीड़ित

मिली जानकारी के अनुसार एमबीबीएस करने वाले वर्ष 2021 और 2023 के छात्र रैगिंग का शिकार हुए हैं। आधी रात को इन छात्रों के हॉस्टल में माइक्रोबायलॉजी, बायोकैमेस्ट्री और पीएसएम के पीजी छात्र पहुंचे थे। इन पीजी के छात्रों ने एमबीबीएस के छात्रों के साथ मारपीट की थी। रैगिंग जैसे जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। रैगिंग में जूनियर छात्रों के साथ गंभीर वारदात को अंजाम दिया था। रैगिंग लेने पहुंचे पीजी के छात्रों की हरकतों से तंग आकर जूनियर छात्रों ने आधी रात को ही हंगामा कर दिया था। इसकी जानकारी हॉस्टल प्रभारी तक पहुंची थी। हॉस्टल प्रभारी भी रात में ही मौके पर पहुंच गए थे।




### इसके पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

रैगिंग का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी पीटीएस में संचालित ब्वॉयज हॉस्टल में रैगिंग का गंभीर मामला सामने आया था। यहां वर्ष 2021 बैच के एमबीबीएस छात्र की लंबे समय से रैगिंग की जा रही थी। छात्र को वर्ष 2020 और 2018 के सीनियर छात्र मिलकर प्रताड़ित कर रहे थे। छात्र ने रैगिंग से परेशान होकर सीनियरों के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसकी शिकायत चुपचाप एंटी रैगिंग हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी । एंटी रैगिंग हेल्पलाइन से शिकायत पर जांच कर रिपोर्ट डीन से मांगी गई। डीन ने मामले में एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट तलब की। हॉस्टल वार्डन को जांच सौंपी गई थी। तब हॉस्टल वार्डन रहे डॉ आदेश पाटीदार ने जांच की थी। रिपोर्ट सौंपने के बाद प्रबंधन ने 5 छात्रों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय लिया था। सभी छात्रों को हॉस्टल से तीन महीने के लिए बर्खास्त कर दिया गया था। पहले रैगिंग के मामले में एबीबीएस के फाइनल ईयर के छात्र पराग, वर्ष 2020 बैच के छात्र आदर्श, अभिषेक और देव सिंह व एक अन्य पर आरोप लगाए गए थे। छात्र में इनकी संलिप्तता पाई गई है। यही वजह है कि इन्हें हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है।

> वर्ष 2021 और 2023 के छात्रों ने लिखित रैगिंग की शिकायत की है। शिकायत के आधार पर ही चार छात्रों को निलंबित किया गया है। निलंबित छात्र माइक्रोबायलॉजी, बायोकैमेस्ट्री और पीएसएम के पीजी छात्र हैं। मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **डॉ सुनील अग्रवाल, डीन**
> **श्याम शाह मेडिकल कॉलेज, रीवा**

# तेज रफ्तार हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार को मारी ठोकर



**रीवा।** नौबस्ता चौकी क्षेत्र के टीआरडी चौराहा में तेज रफ्तार हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्ण चालन कर मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकल चालक सड़क पर गिर गया और हाइवा का अगला टायर मोटरसाइकल सहित उसके दाहिने पैर को रौंदते हुए निकल गया। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पहुंची नौबस्ता पुलिस ने मौका मुआयना कर घायल युवक को संजय गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहीं चालक सहित हाइवा को नौबस्ता चौकी में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। नौबस्ता पुलिस ने बताया कि सूरज आदिवासी पिता रामलखन आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पटरहाई थाना रामपुर बाघेलान अपने साथी दीवान रावत पिता सुखलाल रावत निवासी बैरिहा थाना रामपुर बाघेलान के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी19 जेडए 7977 से अपने जीजा के यहां से घर जा रहा था तभी टीआरडी चौराहे के पास हाइवा क्रमांक एम पी 04 एच ई 6888 के चालक ने ठोकर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल चला रहे सूरज आदिवासी के दाहिने पैर व दाहिने हाथ पर चोट आई, जिसे इलाज के लिए संजय गांधी हॉस्पिटल भेजा गया। वहीं मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है, साथ में बैठे उसके साथी को मामूली चोट आई है। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य पर छेड़छाड़ का आरोप, युवती ने जमकर किया हंगामा

## पेट्रोल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची युवती प्राचार्य ने भी की शिकायत, घर पहुंचकर हंगामा कर रही थी युवती

**जागरण,रीवा।** शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्राचार्य पर युवती ने छेड़छाड़ कर आरोप लगाया है। बताया गया कि युवती को सेवानिवृत्त प्राचार्य ने काम दिलाने का झांसा देकर अपने घर पर बुलाया था, जिसके बाद उससे छेड़छाड़ की गई। हालांकि इस आरोप में किती सत्यता है, यह तो पुलिस जांच में ही सामने आएगा। फिलहाल महिला थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त प्राचार्य के ऊपर मामला दर्ज कर जाच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक युवती किसी निजी विद्यालय में काम करती थी, जहां सेवानिवृत्त प्राचार्य का भी आना जाना था, जहां युवती को अन्य अच्छा कार्य दिलाने की बात उन्होंने कही थी। पहले तो युवती को काम की जरूरत नहीं थी इसलिए उसने इंकार कर दिया लेकिन जब उसने निजी स्कूल छोड़ी तो उसके द्वारा पूर्व प्राचार्य से संपर्क किया गया। पूर्व प्राचार्य ने उसे अपने समान स्थित घर बुलाया और बातचीत के दौरान छेड़छाड़ की, ऐसा आरोप युवती ने लगाया है।

**कलेक्ट्रेट पहुंची युवती :** घटना शुक्रवार की ही बताई जा रही है। इसके युवती ने इस मामले की शिकायत समान थाने में की और आरोप लगाया कि उसकी वहां कोई सुनवाई नहीं हुई और वह कलेक्ट्रेट पेट्रोल लेकर पहुंच गई। जहां आत्मदाह की बात उसने की तो हड़कंप मच गया। हालांकि युवती को महिला थाना भेजा गया जहां उसकी शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर जांच में प्रकरण को लिया है।



### पूर्व प्राचार्य भी पहुंचे थाना

इस संबंध में पूर्व प्राचार्य ने भी समान थाना में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि युवती उनके घर पहुंचकर हंगामा कर रही थी। जिसका वीडियो भी उनके पास है, इतना ही नहीं, मोहल्ले के लोगों ने यह देखा भी है। उन्होंने बताया कि उनका परिवारिक जमीनी विवाद के साथ गांव के कुछ सरहंगों से चल रहा है जिसके कारण उनके द्वारा यह षडयंत्र रचकर उनको फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवती के मोबाइल की जांच होनी चाहिए जिससे उसके द्वारा जो आरोप उन पर लगाए जा रहे हैं, वह साफ हो जाएंगे। युवती का कनेक्शन उनके विरोधियों से है। उन्होंने कहा कि वह युवती को जानते तक नहीं, युवती के हंगामा करने के बाद उन्होंने ही पुलिस को सूचना दी थी और समान थाना पुलिस उसे उनके घर से ले गई।






# बजरंगबली की मूर्ति को अज्ञात बदमाशों ने कई टुकड़ों में तोड़ा

## हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड़ का आरोप, थाने में शिकायत

**जागरण,रीवा।** नवगठित जिला मऊगंज में पुलिस जहां एक तरफ विधायकों की आपसी खींचतान में जुटी हुई है, वहीं दूसरी ओर यहां अपराधी मौज में हैं। वह एक के बाद एक अपराध को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस उनपर रोक नहीं लगा पा रही है। मऊगंज के हनुमना तहसील के थाना शाहपुर के बलभद्रगढ़ में बजरंगबली की मूर्ति को मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने कई टुकड़ों में तोड़कर उसे खंडित कर दिया। यहां पूजा करने वाला युवक जब सुबह गया तो मंदिर में मूर्ति टूटी पड़ी हुई थी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक शाहपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रगढ़ में करीब 12 वर्ष एक पुराना मंदिर स्थापित है, जिसकी पूजा अर्चना करने के बाद पुजारी रोजाना की तरह घर चला गया। जब सुबह 8 बजे वह पूजा करने के लिए पहुंचा तो देखा की बजरंगबली की मूर्ति को कई टुकड़ो में तोड़कर उसे खंडित कर दिया गया है। पूजा करने वाले युवक ने पहले इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगो को दी और फिर शाहपुर थाना में जाकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर इस घटना के सामने आने के बाद आमजनों ने हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से जल्द से जल्द की कार्यवाही की मांग की है।

# मारपीट में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**जागरण,रीवा।** गोविंदगढ़ में बीते दिवस हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग के साथ पैसों को लेकर हुए विवाद के चलते परिवार के ही लोगों ने मारपीट की थी। घटना बीते माह 29 दिसंबर को गोविंदगढ़ के टीकर गांव की है, जहां मारपीट में घायल बुजुर्ग की हुई मौत के बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम टीकर स्थित देवरहा टोला निवासी छोटेलाल साकेत के साथ बीते 29 दिसंबर को परिवार के ही लोगों ने मारपीट की थी। परिजनों के मुताबिक पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में आरोपियों के द्वारा मारपीट कर बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसका उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में कराया जा रहा था, जहां बीती रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि इस मामले की शिकायत पूर्व में ही थाने में दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं उपचार के दौरान हुई मौत के बाद पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध की धारा बढ़ाकर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की कर सकती है।

## विधिक सूचना पत्र

इस विधिक सूचना पत्र के माध्यम से श्री धीरज परौहा आत्मज श्री बीरेन्द्र कुमार शर्मा, उम्र-54 वर्ष, निवासी-वार्ड नं. 04, शान्ति बिहार कालोनी पड़रा, (सुआरन टोला) पोस्ट-ए.जी. कालेज, जिला-रीवा (म.प्र.) को यह सूचित किया जा रहा है कि, उनके द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 05.01.2025 को छद्म (sham) रूप में प्रकाशित एवं परेशित कराई गई सार्वजनिक सूचना जिसके माध्यम से श्री धीरज परौहा (उक्त) के द्वारा आमजन को यह कहते हुए भ्रमित करने का प्रयास किया गया कि, दिनांक 10.07.2014 को निष्पादित एवं पंजीकृत संयुक्त उपक्रम अनुबंध पत्र जो ग्राम दुआरी की परियोजना लाइफ इण्डिया सिटी के सम्बंध में निरस्त/समाप्त किया जा चुका है, जबकि उक्त अनुबंध वर्तमान में भी वैध एवं प्रभावी है। उक्त सार्वजनिक सूचना पत्र दिनांक 05.01.2025 का खण्डन विधिवत दिनांक 21.01.2025 को परौहाज विल्डर्स एण्ड डेपलवर्स के भागीदार की ओर से भी समाचार पत्रों में सूचना जारी कर किया जा चुका है। साथ ही उक्त अनुबंध के एक अन्य भागीदार दिनेश कुमार शर्मा के द्वारा भी खण्डन स्वरूप सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई है। श्री धीरज परौहा (उक्त) के द्वारा भ्रष्टतापूर्वक दी गई उक्त भ्रामक एवं मिथ्या सूचनाओं के आधार पर लाइफ इण्डिया हाउसिंग एण्ड डपलपमेंट लिमिटेड कंपनी एवं उससे जुडे प्राधिकारियों एवं कर्मचारियों की जो अपहानि हुई है उसके लिए उक्त लिमिटेड कंपनी की ओर से रु. 10,00,00,000 (दस करोड) के मानहानि का मामला श्री धीरज परौहा (उक्त) के विरुद्ध प्रस्तुत करने की तैयारी कर ली गई है और उसके सम्बंध में दिनांक 25.01.2025 को एक पंजीकृत विधिक सूचना पत्र डाक के माध्यम से प्रेषित भी की जा चुकी है एवं विधिक सूचना पत्र के माध्यम से श्री धीरज परौहा (उक्त) को अंतिम बार आगाह किया जा रहा है कि वे 07 दिवस के भीतर अपने छद्म (sham) एवं कपटपूर्ण आचरण के लिए लाइफ इण्डिया हाउसिंग एण्ड डपलपमेंट लिमिटेड कंपनी से छमा याचना करते हुए उसका प्रकाशन उन्ही समाचार पत्रों में जिनमें श्री धीरज परौहा (उक्त) के द्वारा दिनांक 05.01.2025 को सार्वजनिक सूचना प्रकाशित एवं परेशित कराई गई थी, में कर दें, अन्यथा की दशा में श्री धीरज परौहा (उक्त) के विरुद्ध उक्त राशि का मानहानि से सम्बंधित सिविल मामला एवं पृथक से मानहानि के सम्बंध में दाण्डिक मामला प्रस्तुत किया जायेगा जिसके लिए पूरी तरह से दायित्वाधीन श्री धीरज परौहा (उक्त) रहेंगे।

**स्थान- रीवा, दिनांक-25.01.2025**

| | |
|---|---|
| **द्वारा अधिवक्ता** | **सूचनादाता** |
| **अमित सिंह परिहार** | **लाइफ इण्डिया हाउसिंग एण्ड डवलपमेंट** |
| **जिला एवं सत्र न्यायालय, रीवा (म.प्र.)** | **लिमिटेड कंपनी द्वारा अधिवक्ता** |












### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 60 हजार रु का जुर्माना

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा एसएएफ चौराहे पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। जिसमें सात वाहन चालक शराब के नशे में प्रतीत हुए जिनका ब्रिथ एनलाइजर से चेकअप किया गया और प्रकरण माननीय सीजीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा छह लोगों पर 60 हजार का जुर्माना किया गया और एक की जमानत की गई है। बता दें कि एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा शराब दुकानों के आसपास वाहन चेकिंग लगाकर नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जागरण, रीवा।** जिले के मनगवां थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत टटिहरा निवासी गणेश कोल पिता स्व. सितम्बर कोल उम्र 35 वर्ष ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वर्तमान में वह कर्ज में डूबा हुआ था और वह कर्ज की अदायगी नहीं कर पा रहा था। बताया गया है कि उसकी पत्नी द्वारा कई स्वसहायता समूहों से कर्ज लिया गया था जिसके कारण उसके ऊपर कर्ज का भारी दबाव था। ग्रामीणों के अनुसार कर्ज के बोझ से परेशान गणेश कोल मानसिक तनाव में जी रहा था। परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गणेश कोल ने अपने घर में तीन बजे के आसपास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि मौके से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है, लेकिन परिवार और पड़ोसियों के मुताबिक उसकी मौत का मुख्य कारण कर्ज को बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मनगवां भेजवाया गया है।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com